सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित TATA IPL 2025 सबकी बात सबके साथ
* * नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 319 | रांची, बुधवार | 04.06.2025



# आइपीएल की खिताबी भिड़ंत के पूर्व भारतीय सेना को शानदार ट्रिब्यूट

एजेंसी

**आहमदाबाद ।** इंडियन प्रीमियर लीग के खिताबी मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 191 रनों का लक्ष्य दिया। वर्ष 2016 के बाद पहली बार खिताबी मुकाबले तक पहुंची आरसीबी के लिए पूर्व कप्तान विराट कोहली ने सबसे अधिक 43 रनों की पारी खेली। उन्होंने 35 गेंदों में 3 चौके जड़े। टॉस पंजाब किंग्स ने जीता और आरसीबी को पहले खेलने को कहा। आरसीबी ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाये। आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा रन पूर्व कप्तान विराट कोहली ने बनाये। विराट ने 35 बॉल में 3 चौकों के साथ 43 रनों की पारी खेली। वहीं जितेश ने 10 बॉल में 2 चौके और 2 छक्कों के साथ 24 रनों की पारी खेली। इन दोनों के अलावा लियाम लिविंगस्टोन ने 15 बॉल 25, मयंक यादव ने 18 बॉल में 24 और रजत पाटीदार ने 18 बॉल में 26 रन बनाये। आरसीबी को पहल झटका तब लगा जब जैमेसन की गेंद पर छक्का मारने की कोशिश में फिल साल्ट लॉगऑन पर ऊंचा कैच पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर को थमा बैठे।



आरसीबी के लिए कोहली ने सर्वाधिक 45 रन बनाये

**आखिरी के 19 रन बनाने में गिरे 4 विकेट :** आरसीबी ने आखिरी 19 रन बनाने में 4 विकेट गंवाये। आखिरी के 5 ओवरों में 58 रन बनाने में 5 विकेट गंवाये। एक वक्त आरसीबी का 5 विकेट पर 171 रन था। जब पारी खत्म हुई तो 9 विकेट पर उसके नाम 190 रन थे। इस बीच जितेश शर्मा (24), रोमारियो शेफर्ड (17), क्रुणाल पंड्या (4) और भुवनेश्वर कुमार (1) आउट हुए।

**जैमीसन ने 4 विकेट झटके :** पंजाब किंग्स के लिए काइल जैमीसन ने सबसे ज्यादा 4 ओवर में 48 रन देकर 3 विकेट हासिल किये। अर्शदीप सिंह ने अंतिम ओवर में 3 विकेट झटके। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड 17, क्रुणाल पांड्या 4 और भुवनेश्वर कुमार को 1 रन के निजी स्कोर आउट किया। इन दोनों के अलावा अजमतुल्लाह उमरजई, युजवेंद्र चहल और विजय कुमार वैश्यक ने 1-1 विकेट चटकाया।

**यूके के पूर्व पीएम ऋषि सुनक भी पहुंचे :** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपनी पत्नी के साथ आइपीएल 2025 का फाइनल मैच देखने नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे थे।

**सेना को शानदार ट्रिब्यूट पेश किया :** बीसीसीआइ ने फाइनल से पहले भारतीय सशस्त्र बलों को सम्मानित करने के लिए विशेष समारोह आयोजित किया। शंकर महादेवन ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देशभक्ति के गीत से पूरे स्टेडियम के दर्शकों को रामांचित कर दिया।

## न्यूज डायरी

### राज्य मंत्रिमंडल की कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 4 जून को होगी। बैठक में कई अहम फैसले लिये जाने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने कहा है कि कैबिनेट की बैठक 4 जून को अपराह्न 4:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे।

### एनसीसी के विस्तार की घोषणा की संजय सेठ ने

**भोपाल।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय कैडट कोर (एनसीसी) का योजनाबद्ध तरीके से विस्तार करने के साथ ही देश में तीन लाख कैडेट्स को जोड़ा जाएगा। श्री सेठ ने कहा कि देशभर में तीन लाख कैडेटों को जोड़ा जायेगा और एनसीसी का योजनाबद्ध तरीके से विस्तार किया जाएगा।

### नदी में नहाने गये छात्र की डूबने से मौत

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के गोमिया में मंगलवार को खम्हरा स्थित नदी में डूबने से छात्र रोबिनसन कुमार की मौत हो गयी। वह पिट्स मॉडर्न स्कूल का छात्र था और अपने दोस्तों के साथ खम्हरा स्थित कोनार नदी में बने चेक डैम सह कथित देसी वाटरपार्क में नहाने गया था। सभी युवक पानी में गेंद को दूर फेंककर उसे वापस लाने का खेल खेल रहे थे। दूर फेंकी गयी गेंद को लाने के दौरान वह गहरी पानी में डूब गया।

### तुर्किये में फिर तेज भूकंप से कई हताहत

**नयी दिल्ली।** तुर्किये के तटीय शहर मारमारिस में सोमवार देर रात 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण कम से कम 5 की मौत हो गयी। कई लोग घायल हैं। तुर्किये टेलीविजन' ने बताया कि रोड्स के ग्रीक द्वीप सहित आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये।

### पाकिस्तान में भूकंप, जेल तोड़कर भागे 200 कैदी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार की रात आये भूकंप से मची अफरा-तफरी में कराची के एक जेल से 216 कैदी जेल से भाग गये। जेलब्रेक की इस घटना में कई लोगों को चोटें लगी हैं और एक कैदी की मौत हुई है। गोलीबारी में कई गार्ड भी घायल हैं। कराची में हाई अलर्ट जारी है।

## कार्टून कोना




ग्रामसभा में बाहरी लोगों के आने की खबर पर गये थे पुलिस के जवान

# लापुंग में पुलिस दल पर हमला थाना प्रभारी समेत तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के लापुंग थाना क्षेत्र के कोइनारा गांव में जमीन विवाद के मामले को लेकर मंगलवार को चल रही ग्रामसभा में लापुंग थाना के पुलिसकर्मियों पर उग्र ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। हमले में लापुंग थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव का प्रारंभिक इलाज कर उन्हें रांची लाया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में रैफ की कंपनी और जिला पुलिस के जवानों के साथ भारी संख्या में पुलिस की टीम लापुंग के कोइनारा गांव में छापामारी अभियान चला रही है। इस मामले में पूर्व नक्सली पुनिया उरांव पर एफआईआर की जा रही है।



इधर डीआइजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने अस्पताल जाकर घायल थाना प्रभारी से भेंट की। उन्होंने चिकित्सक से थानेदार का बेहतर इलाज करने का अनुरोध किया।

### भड़का रहे बाहरी लोग : डीएसपी

बेड़ो डीएसपी अशोक राम ने बताया कि लापुंग में जमीन के विवाद को लेकर चल रही ग्रामसभा में कुछ असामाजिक तत्वों की मौजूदगी की सूचना पर थाना प्रभारी ग्रामसभा में पहुचे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखकर हरवे हथियार से लैस ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस अफसरों ने ग्रामीणों को यह समझाने की कोशिश की कि बाहरी और नक्सल आंदोलन से जुड़े लोग गलत राह पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं, पर ग्रामीण उत्तेजित हो गये। इसी सप्ताह रांची के बेड़ो थाना पर भी हमला किया गया था। उस मामले की जांच में बाहरी लोगों का ही हाथ सामने आया था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से लोग भी बेड़ो पहुंचे थे। उन्होंने ग्रामीणों को उकसा कर थाना में हमला कराने की घटना को अंजाम दिया था। तनाव को देखते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की गयी है।

### पूर्व नक्सली का भी नाम आ रहा

पुलिस पर हमले के बाद लापुंग में माहौल गर्म है। घटना के पीछे जो बात निकल कर आयी, वो हैरान कर देने वाली है। बताया जा रहा है कि जिस जमीन पर ग्रामीण खेती कर रहे हैं वो जमीन किसी और की है। अब बाहर से आये कुछ असामाजिक तत्व और कुछ पूर्व नक्सली वहां के ग्रामीणों को भड़का रहे हैं। पहड़ा समाज के लोग ग्रामीणों को उस जमीन का मालिक बनने की राय दे रहे हैं ताकि उस जमीन पर कब्जा किया जा सके। बेड़ो थाना पर हमले के बाद अब लापुंग में भी राज्य के बाहर से आकर वे साजिश रच रहे हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पूर्व नक्सली पुनिया उरांव का भी नाम सामने आया है। जिस जमीन को लेकर ग्राम सभा बुलायी गयी थी उसमें भी पुनिया शामिल था। उसी ने पुलिस पर हमले के लिए ग्रामीणों को उकसाया भी था। ग्रामीण एसपी ने बताया की पुनिया पर भी एफआईआर दर्ज की जा रही है।

डर से पाकिस्तान ने भारत को किया था कॉल

# भारत को हराने की प्लानिंग 8 घंटे में ही हो गयी थी फेल

ऑपरेशन सिंदूर

एजेंसी

**पुणे।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। वे मंगलवार को पूणे में एक यूनिवर्सिटी में 'फ्यूचर वार एंड वारफेयर' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत ने 7 मई को सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि 10 मई को रात एक बजे पाकिस्तान ने भारत को 48 घंटे में घुटने पर लाने की प्लानिंग की थी, लेकिन उसकी योजना 8 घंटे में ही फेल हो गयी थी। इसके बाद बड़े नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया। जनरल चौहान ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से बातचीत और तनाव कम करने का अनुरोध आया, तो हमने भी इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए। श्री चौहान ने कहा कि पाकिस्तान को भारत को आतंकी गतिविधियों का बंधक नहीं बनाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि मिलिट्री फोर्स पर असफलताओं और नुकसान का असर नहीं पड़ता। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह घोर क्रूरता थी। ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोकना है।

कोल इंडिया ने आइपीओ के लिए पेपर सौंपे

## बीसीसीएल का आयेगा आइपीओ 46.57 करोड़ इक्विटी शेयर बिकेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल)' के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसइबीआई-सेबी), एनएसई और बीएसई को सौंप दिया है।

यह आइपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, जिसमें कोल इंडिया बीसीसीएल के 46.57 करोड़ इक्विटी शेयर बेचेगी। इसमें कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा, इसलिए इस आइपीओ से होने वाली पूरी राशि कोल इंडिया को ही जाएगी।


इस आईपीओ से जुड़े प्राइस बैंड, लॉट साइज जैसी महत्वपूर्ण जानकारी बाद में बुक रनिंग लीड मैनेजर्स से परामर्श कर घोषित की जाएगी। इस आईपीओ में आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज लीड मैनेजर्स की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है।

गौरतलब है कि बीसीसीएल से ठीक एक हफ्ते पहले ही कोल इंडिया की एक और सहायक कंपनी सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट (सीएमपीडीआई) ने भी 7.14 करोड़ शेयरों की बिक्री वाले ओएफएस आधारित आईपीओ के लिए डीआरएचपी दाखिल किया था। दोनों कंपनियां एनएसई और बीएसई पर लिस्ट होने की योजना बना रही हैं, जिससे उन्हें बाजार में ज्यादा दृश्यता और परिचालनिक लचीलापन मिल सकेगा।

## विनय कुमार चौबे की हिरासत अवधि 9 जून तक बढ़ी

**रांची।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आईएएस विनय चौबे, तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह सहित पांच आरोपियों की पेशी मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसीबी कोर्ट में हुई। कोर्ट ने इन सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 9 जून तक के लिए बढ़ा दी। मंगलवार को विनय चौबे की ओर से उनके वकील ने रिम्स में उनसे मिलने की अनुमति एसीबी कोर्ट से मांगी थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद अनुमति प्रदान की। दरअसल, बीते दिनों एसीबी की टीम ने दो दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था। हालांकि बीमार रहने के कारण विनय चौबे रिम्स में भर्ती हैं। मालूम हो कि 20 मई को विनय चौबे और तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को शराब घोटाला मामले में एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था।

## पीएम कल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल 'चिनाब ब्रिज' का करेंगे उद्घाटन



एजेंसी

**जम्मू।** केंद्रीय अंतरिक्ष विभाग के मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 जून को दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल-चिनाब ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। यह पुल जम्मू और कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक परियोजना का हिस्सा है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि चिनाब ब्रिज नए भारत की ताकत और दूरदर्शिता का गौरवशाली प्रतीक है। यह पुल प्रकृति की सबसे कठिन परीक्षाओं का सामना करने में सक्षम है। इसकी ऊंचाई 359 मीटर है जो पेरिस के एफिल टॉवर से भी अधिक है। यह ब्रिज है 250 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से चलने वाली हवाओं को झेलने में सक्षम है। इसके निर्माण में लगभग 30,000 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है।

यह इतिहास में पहली बार आधिकारिक तौर पर कश्मीर घाटी को रेल के माध्यम से शेष भारत से जोड़ेगा।

## पोड़ैयाहाट में कांग्रेस नेता महेंद्र टुडू की गोली मारकर हत्या

**गोड्डा।** पोड़ैयाहाट प्रखंड में कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष महेंद्र टुडू की अपराधियों ने सोमवार की शाम गोली मारकर हत्या दी। पूरे मामले पर स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि यह घटना दुखद है और पुलिस अपराधियों के विरुद्ध त्वरित करवाई कर उन्हें सजा दे। महेंद्र टुडू पूर्व मुखिया और सीएसपी संचालक भी थे। अज्ञात अपराधियों की गोली से घायल टुडू का स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिर उन्हें देवघर और बाद में हालत में सुधार न होने पर दुगार्पुर रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। मरने से पहले उनके दिए बयान के अनुसार चार की संख्या में अपराधी आये थे। संभवतः उनकी लूटपाट की मंशा थी। घटना की सूचना मिलने के बाद गोड्डा एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी और पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी दल-बल के साथ वहां पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) ने नींद की कमी पर अध्ययन रिपोर्ट जारी की

# स्कूल जाने वाले एक-चौथाई बच्चों की पूरी नहीं हो रही नींद, स्क्रीन टाइम बन रही बाधा : वीके पॉल

स्वास्थ्य सलाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. (प्रो.) वी.के. पॉल ने सोमवार को नींद की कमी पर एक अध्ययन जारी करते हुए कहा कि आज एक-चौथाई स्कूली बच्चे पर्याप्त नींद से वंचित हैं, जिससे उनमें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी) और सर गंगा राम अस्पताल द्वारा संयुक्त रूप से किए गए अध्ययन में 12-18 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले किशोरों में नींद की कमी की व्यापकता और यह किस प्रकार संज्ञानात्मक कार्यों को प्रभावित करती है, इस पर फोकस किया गया था। श्री पॉल ने कहा कि पर्याप्त नींद, मस्तिष्क के कामकाज, मजबूत प्रतिरक्षा, श्रेष्ठ प्रदर्शन और स्मृति के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक मौलिक जैविक आवश्यकता है। उन्होंने कम से कम सात-आठ घंटे की नींद लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों में नींद की कमी का स्वास्थ्य पर प्रभाव आज के शैक्षणिक माहौल में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। वीके. पॉल ने स्क्रीन टाइम का जिक्र किया, जो नींद में बड़ी बाधा है।



उन्होंने बच्चों को अधिक बुद्धिमान, सक्षम और कुशल बनाने के लिए सकारात्मक नींद को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञ ने स्वास्थ्य पेशेवरों और नीति निमार्ताओं से देश में बच्चों और युवाओं की नींद की स्थिति में सुधार लाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।


### अध्ययन के निष्कर्ष

- 22.5 प्रतिशत किशोर नींद से वंचित हैं, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय।
- 60 प्रतिशत प्रतिभागियों में अवसाद के लक्षण दिखे, जबकि 65.7 प्रतिशत किशोरों में कम से मध्यम स्तर की संज्ञानात्मक कमजोरी दिखी।
- स्क्रीन टाइम के अतिरिक्त, स्कूल की दिनचर्या और पारिवारिक आदतें भी नींद की गुणवत्ता को करती हैं प्रभावित, दिन में कमजोरी और अस्वस्थता महसूस करने के आते हैं लक्षण।
- आठ घंटे नींद लेने लेना आवश्यक

## बीएसएल प्लांट में हॉट मेटल गिरने से पांच मजदूर झुलसे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में हॉट मेटल गिरने से पांच मजदूर झुलस गए। सभी घायल मजदूरों को बोकारो जनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। एक मजदूर की हालत गंभीर बतायी जा रही है। इस घटना के बाद सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठ रहे हैं। प्लांट में झुलसे मजदूरों की पहचान नंदकिशोर, रुपलाल गोराई, आनंद मंडल, समर कुमार और छोटेलाल मांझी के रूप में हुई है। सुरक्षा इंतजामों की लापरवाही पर प्लांट के कर्मचारियों सहित श्रमिक नेताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन बीएसएल प्रबंधन सुरक्षा की ओर से अनदेखी कर रहा है। कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही बीएसएल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए अस्पताल के डॉक्टरों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया। प्लांट प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन आंतरिक जांच शुरू होने की जानकारी मिली है।



# गरीबों के आयुष्मान कार्ड को एटीएम समझने की भूल न करें : डॉ इरफान अंसारी

- राज्य के स्वास्थ्य मंत्री का अस्पतालों को सख्त संदेश, कहा एक दिन में करें लंबित बिलों का भुगतान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** रेडिसन ब्लू होटल में मंगलवार को आयोजित एएचपीआई कॉन्क्लेव में राज्यभर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, प्रबंधक एवं चिकित्सक शामिल हुए। यह कॉन्क्लेव आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के अंतर्गत सरकारी देय बिलों के लंबित भुगतान से संबंधित मुद्दों को लेकर बुलाया गया था। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सभी अस्पताल प्रबंधकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और इस पर सख्त रुख अपनाते हुए विभाग को एक दिन के भीतर लंबित बकाया बिलों के भुगतान का निर्देश जारी किया।

मंत्री ने कहा कि वह, स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि गरीबों के आयुष्मान कार्ड को एटीएम समझने की भूल न करें। कुछ अस्पताल कार्ड को स्वाइप कर पूरा पैसा निकाल लेते हैं और मरीज को रिम्स रांची रेफर कर देते हैं, यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। गरीबों को उनके हक का इलाज मिलना चाहिए और योजना का पूरा लाभ भी। ऐसा कोई भी व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री ने दोहराया कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों की सरकार है। उनकी उम्मीदों को टूटने नहीं दिया जाएगा। हम सरकार की छवि को धूमिल नहीं होने देंगे, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी 2025 से अब तक करीब 192 करोड़ का भुगतान लंबित है, जिसे शीघ्र निपटाया जाएगा। पिछले 7 वर्षों में 2284 करोड़ का कुल भुगतान किया जा चुका है। 7.3 लाख सरकारी अस्पताल मरीजों के लिए 485 करोड़ तथा 14 लाख निजी अस्पताल मरीजों के लिए 2000 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। मंत्री ने कहा कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा चिन्हित 212 अस्पतालों की जांच के चलते कुछ भुगतान में देरी हुई है। अन्य 350 अस्पतालों के भुगतान में नई पोर्टल प्रणाली के कारण तकनीकी अड़चनें सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विभाग की टीम लगातार एनएचए से संपर्क में है। समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा।

आईएचपीआई कॉन्क्लेव में संस्थापक अध्यक्ष योगेश गंभीर ने कहा कि सरकार और निजी अस्पतालों के बीच कम्युनिकेशन गैप को भरने के लिए ऐसे कार्यक्रम बेहद अहम हैं। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य की नवजात और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से थोड़ी कम है और हम कई राज्यों से बेहतर हैं। एनआरएचएम के एमडी अबू इमरान ने कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु दर को लेकर सरकार गंभीर है। बैठक में विभागीय सचिव अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक आबू इमरान, डॉ गिरधर ज्ञानी, डॉ योगेश गंभीर, डॉ राजेश कुमार, सैयद अहमद अंसारी, डॉ सतीश ठाकुर, डॉ अनंत सिन्हा, डॉ अजय सिंह, डॉ शंभू, डॉ प्रदीप सिंह, मंजूर अंसारी, अनवर अहमद अंसारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सकगण मौजूद थे।

### जल्द बनेगा रिम्स-2, स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगी नई उड़ान

डॉ अंसारी ने राज्य के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि रिम्स-2 का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। अगले दो वर्षों में यह सपना साकार होगा। राज्य के लोगों को आधुनिक और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम होगा। उन्होंने आगे कहा कि मैं पहले एक डॉक्टर हूं, फिर मंत्री। हमारा पहला कर्तव्य है, सेवा। स्वास्थ्य व्यवस्था को व्यवसाय बनने नहीं दूंगा। जो भी सही दिशा में कार्य करेगा, उसे सरकार का पूर्ण सहयोग मिलेगा। परंतु किसी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता को नहीं मिला मई माह का वेतन

- एजी ऑफिस ने विभाग को दी जीरो पे-स्लिप की जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता को कर्तव्य पालन के बावजूद मई माह का वेतन नहीं मिला है। क्योंकि उनके कार्यालय के अकाउंटेंट द्वारा मई माह के वेतन भुगतान से जुड़ा बिल ट्रेजरी को भेजा ही नहीं गया है।

इस संबंध में रांची के प्रधान महालेखाकार कार्यालय ने बताया कि उनके रिकॉर्ड में डीजीपी अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल 2025 को ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसलिए संबंधित विभाग को उनके जीरो पे-स्लिप की जानकारी दे गई थी।

दरअसल केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 22 अप्रैल को ही राज्य की मुख्य सचिव को पत्र के जरिए सूचित कर दिया था कि 30 अप्रैल को आईपीएस अनुराग गुप्ता सेवानिवृत्त हो जाएंगे, लेकिन राज्य सरकार के स्तर पर कहा गया कि उनका सेवा विस्तार हो चुका है, जबकि केंद्र सरकार यह मानने को तैयार नहीं है।

### राज्य में आईएएस-आईपीएस की कैसे बनती है सैलरी

किसी भी आईएएस या आईपीएस की पोस्टिंग होने पर उनकी सेवा की जानकारी राज्य के प्रधान महालेखाकार ऑफिस को दी जाती है। उसी आधार पर एजी ऑफिस से संबंधित अफसर का पे-स्लिप बनता है। इसकी एक कॉपी संबंधित अधिकारी और दूसरी कॉपी संबंधित कार्यालय को प्रेषित की जाती है, बाद में कार्यालय का अकाउंटेंट सभी अफसरों के पे-स्लिप का डाटा तैयार कर ट्रेजरी को मुहैया कराता है। इसी आधार पर बैंक खाता में सैलरी आती है।

झारखंड में तैनात आईएएस और आईपीएस अफसरों की मई माह की सैलरी 1 जून को उनके खाते में आ चुकी है, लेकिन डीजीपी अनुराग गुप्ता की सैलरी इसलिए नहीं बनी, क्योंकि एजी ऑफिस के खाते में उनको 30 अप्रैल को ही सेवानिवृत्त माना जा चुका है। इसमें खास बात है कि पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव रहे अलपन बंदोपाध्याय की सेवा अवधि बची हुई थी, लेकिन वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नहीं जाना चाह रहे थे। इस वजह से उनको पद और सेवा से इस्तीफा देना पड़ा था।

एजी ऑफिस का कहना है कि राज्य सरकार के स्तर से अनुराग गुप्ता के सेवानिवृत्ति की भी जानकारी नहीं दी गई है। इस वजह से उनके पेंशन और बकाया भुगतान की प्रक्रिया भी अटकी पड़ी है।

# बाबूलाल के बेटे की शहादत हुई, उनके आरोपों को मजाकिया लहजे में उड़ाना शर्मनाक : प्रतुल शाहदेव

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित, राजधर्म भूल गए हैं मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है। उग्रवाद के खिलाफ जंग के दौरान बाबूलाल मरांडी के बेटे की शहादत हो गई थी। फिर भी उन्होंने अपने नीति और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। 2013 में जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री थे उसी काल खंड में शिकारीपड़ा में उनके खिलाफ उग्रवादियों ने बड़ी साजिश की। समय पर षड्यंत्र बेनकाब हुआ। ऐसे व्यक्ति के लगाये आरोपों पर सरकार को गंभीरता से संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर बेहद गंभीरआरोप लगा लगाया था कि उनके परिजन और उनके करीबियों के खिलाफ सरकार बड़े लेवल पर षड्यंत्र कर रही है। सरकार इस मुद्दे पर संज्ञान लेने की जगह विभिन्न दलों के प्रवक्ताओं से घटिया बयानबाजी करा रही है। ये स्पष्ट दिख रहा है कि पूरी की पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है। बाबूलाल मरांडी ने सर्वप्रथम नगड़ी में आदिवासियों को बेदखल करने का मुद्दा उठाया। कई बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया। कई सफेदपोश जेल भी गये। इससे पूरी सरकार को मिर्ची लग गई है।

# बाबूलाल के पास कोई ठोस सबूत है तो कानून की मदद लें, बेचारा न बनें : झामुमो

- भाजपा के आरोपों पर झामुमो महासचिव विनोद पांडेय का जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगाए गए आरोप न केवल तथ्यहीन हैं बल्कि यह उनके राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण भी हैं। बाबूलाल मरांडी जी के प्रति हम सभी सम्मान का भाव रखते हैं, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे अब भाजपा के एजेंडे का हिस्सा बनकर झूठ और भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं। उनकी निजी पीड़ा का हम सम्मान करते हैं, लेकिन इससे उन्हें यह अधिकार नहीं मिल जाता कि वे निराधार आरोपों से एक संवैधानिक सरकार की छवि को धूमिल करने की साजिश रचते रहें।

झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलन से निकली एक पार्टी है जिसने जनसरोकारों के लिए दशकों तक संघर्ष किया है। त्याग का पाठ हमें किसी से सीखने की जरूरत नहीं। आदिवासी हितों की रक्षा हमारा मूल मंत्र है। बाबूलाल मरांडी जी ने नगड़ी या किसी अन्य स्थान पर आदिवासियों के हित में क्या कार्य किया, यह सबके सामने है। हम पूछना चाहते हैं कि भाजपा की सरकारों ने उनके कार्यकाल में कितनी बार नगड़ी जैसे संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता दी? भाजपा की ओर से यह कहना कि सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रस्त है, हास्यास्पद है। हकीकत यह है कि भाजपा को यह स्वीकार नहीं हो रहा कि राज्य की जनता ने उन्हें बार-बार नकारा है। इनका जो हाल है उससे साफ है कि 2029 में भी हेमंत सरकार झारखंड की सत्ता संभालेगी। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हर सेक्टर सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर में बेमिसाल काम किया है और पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का सही दिशा में विकास हो रहा है। हर वर्ग के चेहरे पर खुशहाली है। यही भाजपा और बाबूलाल मरांडी की बेचैनी का कारण है। बाबूलाल मरांडी अब भाजपा के मुखौटे के तौर पर उपयोग हो रहे हैं। उनकी छवि और उनके पुराने संघर्षों को भाजपा के दुष्प्रचार में मोहरा बनाया जा रहा है।

अगर बाबूलाल मरांडी के पास कोई ठोस सबूत है कि उनके और उनके करीबियों के खिलाफ षड्यंत्र हो रहा है, तो उन्हें कानून की मदद लेनी चाहिए। आखिर वह कब तक राजनीतिक बेचारा बन कर सियासत करते रहेंगे। लेकिन, वे एक जिम्मेदार नेता होते हुए भी मीडिया के माध्यम से केवल सनसनी फैलाने का कार्य कर रहे हैं। यह उनके राजनीतिक उद्देश्य और इसके गिरते स्तर को ही उजागर करता है।

राजधर्म की दुहाई देने वालों को पहले खुद आत्मावलोकन करना चाहिए। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि जब वे सत्ता में होते हैं, तब प्रशासनिक तंत्र का किस तरह दुरुपयोग करते हैं। झारखंड की जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा केवल भ्रम और विभाजन की राजनीति करती है, जबकि हेमंत सरकार विकास, सामाजिक न्याय और शांति की राजनीति करती है।

# मोदी सरकार के 11 साल पर कार्यक्रम आयोजित करेगी भाजपा

- भाजपा करेगी 24 जून को राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर
- 5 जून से लेकर 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष गण, सभी जिलों की आयोजन समिति सहित विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, सोशल मीडिया के प्रमुख शामिल थे। मंच संचालन सरोज सिंह और धन्यवाद ज्ञापन सुनील सोरेन ने किया।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता ने विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों पर मोदी सरकार लगातार 11वें वर्ष भी खरा उतर रही है। भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। मोदी सरकार विकास और विरासत दोनो को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। वहीं, हेमंत सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में भी लूट, भ्रष्टाचार, अपराध से ऊपर नहीं उठ रही है। राज्य सरकार पूरी तरह विकास विरोधी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर जायेगी तो दूसरी ओर हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नाकामियों को उजागर करेगी।

पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि 5 जून से लेकर 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा 5 जून को पर्यावरण दिवस पर लाखों कार्यकर्ता वृक्षारोपण अभियान को शुरू करेंगे, जो 15 अगस्त तक चलेगा। इसमें एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल पर प्रेसवार्ता आयोजित होगी। 10 एवं 11 जून को जिला केंद्रों पर प्रेसवार्ता प्रोफेशनल मीट आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर संकल्प सभा आयोजित होंगे। 15 से 17 जून तक पंचायत स्तर पर चौपाल, आयुष्मान भारत योजना का पंजीकरण, 17 से 20 जून योग प्रशिक्षण और 21 जून को योगदिवस कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और 24 जून को सभी 264 प्रखंड में पार्टी राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। 25 जून को लोकतंत्र हत्या दिवस, 29 जून को मन की बात कार्यक्रम और 30 जून को हूल दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने सभी कार्यक्रम को संपर्क और संवाद के माध्यम से प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के निर्देश दिये। प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि मोदी सरकार प्रतिवर्ष देश की जनता को अपने कार्यक्रमों का लेखा जोखा प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम में सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, आरती कुजूर, गणेश मिश्र, दुर्गा मरांडी, सीमा पासवान, सुनीता सिंह,शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, प्रतुल शाहदेव, जेबी तुबिद, अजय साह, विजय चौरसिया, राफिया नाज, अविनेश कुमार सिंह, राहुल अवस्थी आदि उपस्थित थे।

# पलामू डीसी सहित कई आईएएस सीएम से मिले



**रांची।** पलामू की डीसी समीरा एस ने मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय पहुंचकर सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने कई जिले के डीसी पहुंचे थे। सभी ने एक-एक कर मुलाकात की। यह शिष्टाचार भेंट थी। मालूम हो कि कुछ दिन पहले झारखंड सरकार ने कई जिलों के डीसी का तबादला करते हुये नये डीसी की पदस्थापना की थी। सभी नये डीसी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की।

# बिना आरक्षण रोस्टर क्लीयर किए हो रही होमगार्ड की बहाली : डॉ लंबोदर महतो

- मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किया होमगार्ड नियुक्ति नियमावली में संशोधन के बाद ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आरक्षण रोस्टर क्लियर किए बगैर होमगार्ड बहाली पर आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने सबसे पहले झारखंड होमगार्ड नियमावली, 2014 में संशोधन करने के बाद बहाली की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया अपनाई जा रही है उससे झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़ा वर्ग के लोग बहाली से बाहर रह जाएंगे। उन्होंने इसको लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि होमगार्ड बहाली में जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है वह राज्यहित में बिल्कुल नहीं है, इसको देखते नियमावली में संशोधन करने के बाद ही बहाली की प्रक्रिया शुरू किया जाना श्रेयस्कर रहेगा। डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि पूरे झारखंड राज्य में अलग-अलग जिलों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में होमगार्ड के रिक्त करीब 36 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है।

यह बहाली प्रक्रिया होम गार्ड नियमावली 2014, जो बिहार होमगार्ड एक्ट 1953 के आधार पर बनाई नियमावली के आधार पर की जा रही है। जिससे राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग और आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण पूरे राज्य में बिना रोस्टर क्लियर कराए हुर होमगार्ड की बहाली की जा रही है। जिससे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को बहाली में लाभ लेने से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा यही नहीं कोटिवार चयन नहीं किए जाने से एक ही कोटि के लोगों का चयन की संभावना बढ़ जाती है और आरक्षित श्रेणी के लोग होमगार्ड की नियुक्ति में वंचित हो जा रहे हैं।

## आउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए झारखंड सरकार ने जारी की नियमावली

# निजी क्षेत्रों में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन एक्ट का अनुपालन जरूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राज्य सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए नियमावली जारी की है। वित्त विभाग की ओर से झारखंड मैनपावर प्रोक्योरमेंट (आउटसोर्सिंग) मैनुअल 2025 जारी करते हुए कहा गया है कि विभिन्न विभागों और कार्यालयों में मानव बल की जरूरतों के लिए आउटसोर्सिंग से समय समय पर मदद ली जाती है। इनमें कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा एनालिस्ट, प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर और ग्रुप डी के विभिन्न पदों (आदेशपाल, चालक, सफाई कर्मी व अन्य) की सेवा शामिल है। जेम और एनआईसीएस के माध्यम से मैनपावर की सेवा प्राप्त करने का प्रावधान राज्य सरकार में पूर्व से प्रभावी है। अब नये मैनुअल के प्रभावी होने से जेम और झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स एंड सर्विसेज मैनुअल के प्रावधान पूर्ववत प्रभावी रहेंगे।

वित्त विभाग द्वारा अधिसूचित झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स सर्विसेज मैनुअल के अधीन ओपन कंपटीटिव बिड प्रोसेस मैनेजमेंट के प्रावधानों के आलोक में तैयार किया गया है। आइटी और ई-गवर्नेंस विभाग की पूर्व में जारी अधिसूचना द्वारा सरकारी विभागों, संस्थाओं में मैनपावर की सेवा लेने को नीति, एसओपी के निर्धारण का फैसला लिया गया था। इसके लिए वित्त विभाग के सचिव की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति गठित की गयी। समिति ने अनुशंसा की है कि सरकारी विभागों, संस्थानों में मैनपावर की सेवा लेने को नीतिगत निर्णय लिए जाने की जरूरत है। इसी आधार पर झारखंड मैनपावर प्रोक्योरमेंट मैनुअल 2025 को गठित करने का निर्णय लिया गया जिसे मंत्रिपरिषद की स्वीकृति पिछले माह (22 मई, 2025) की बैठक में दी जा चुकी है।

### झारखंड मैनपावर प्रोक्योरमेंट मैनुअल का हुआ गठन

अलग-अलग विभागों, कार्यालयों में आवश्यकतानुसार आउटसोर्स के आधार पर ग्रुप डी के पदों पर सेवा ली जा रही है। पर सरकार की स्पष्ट नीति और नियम के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई विभागों में जैप-आईटी द्वारा इनपैनल्ड एजेंसी के माध्यम से आउटसोर्स के आधार पर मैनपावर की सेवा ली जा रही है। इसके अलावा कई विभागों द्वारा स्वयं की प्रक्रिया अपनाकर आउटसोर्स के आधार पर सेवा प्राप्त की जा रही है। समय-समय पर आउटसोर्स कर्मियों को ससमय मानदेय का भुगतान नहीं किये जाने की सूचना आती है। अनियमित भुगतान, श्रम कानूनों का लाभ नहीं मिलना, आउटसोर्स के आधार पर सेवा उपलब्ध कराने हेतु नियमविरुद्ध राशि की वसूली आदि शिकायतें भी मिलती हैं। ऐसे में इसके निदान के लिए स्पष्ट नियम की जरूरत है। झारखंड हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में आउटसोर्स के आधार पर कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमितीकरण संबंधी आदेश पारित किया गया है। ऐसे में राजकोष पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को देखते एक मैनुअल की जरूरत है। इस तरह से स्पष्ट नीति और नियम की आवश्यकता राज्य सरकार के स्तर से जरूरी है। वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रबंधन के दृष्टिकोण से सेंट्रलाइज्ड पोर्टल द्वारा मैनपावर की सेवा प्राप्त करने की आवश्यकता महसूस की गयी है। भारत सरकार के जेनरल फाइनेंशियल रूल के दृष्टिकोण से राज्य सरकार में सीमित अवधि के कार्यों के संपादन के निमित्त आउटसोर्स के आधार पर मैनपावर की सेवा प्राप्त किया जाना आवश्यक एवं प्रासंगिक है।

### इसका रखना है ध्यान

वित्त विभाग के मुताबिक, झारखंड सरकार के अधिन विभिन्न विभागों और अधीनस्थ कार्यालयों में आउटसोर्स के आधार पर मैनपावर की सेवा लेते समय राज्य में प्रभावी आरक्षण नीति का अनुपालन किया जायेगा। आउटसोर्स के आधार पर सेवा उपलब्ध कराने के निमित्त सर्विस प्रोवाइडर को इनपैनल्ड करने को जैप- आईटी द्वारा अपनाई जाने वाली निविदा प्रक्रिया में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्रों में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 का अनिवार्य रूप से अनुपालन किया जायेगा। बिडिंग के समय सर्विस प्रोवाइडर को इससे संबंधित शपथ-पत्र समर्पित करना होगा।

# बदले की भावना से कार्य न करे राज्य सरकार : प्रवीण प्रभाकर

- बाबूलाल मरांडी के आरोप पर आजसू का सरकार पर निशाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा अपनी जान पर खतरा होने के आरोप को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय किए जाने चाहिए। साथ ही श्री मरांडी ने राज्य के जिन अधिकारियों पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया है उनकी पहचान की जानी चाहिए। श्री प्रभाकर ने कहा कि राज्य सरकार बदले की भावना से कोई कार्य न करे।

श्री प्रभाकर ने कहा कि बाबूलाल मरांडी विपक्ष के नेता हैं, जो संसदीय लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण घटक होता है। बाबूलाल मरांडी राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रह चुके हैं और उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ झूठे तथा मनगढ़ंत मुकदमे दर्ज करने की साजिश की जा रही है। श्री प्रभाकर ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को नहीं भूलना चाहिए कि राज्य में जनमुद्दों से जुड़ी गड़बड़ियों को उजागर करने और जनता के हक के लिए आवाज उठाने की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी विपक्ष की होती है। श्री प्रभाकर ने कहा कि सत्ता आनी-जानी है। अगर लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदले की भावना से कार्य किया जाएगा तो लोकतंत्र की गरिमा गिरेगी।

# टाटा घराने की विरासत से प्रेरणा लें युवा, नौकरी देने वाले बनें : राज्यपाल

## अरका जैन यूनिवर्सिटी का तृतीय दीक्षांत समारोह : राज्यपाल गंगवार ने छात्रों को उद्यमिता और समाज सेवा का दिया मंत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी के तृतीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने जमशेदपुर शहर की समृद्ध औद्योगिक और सामाजिक विरासत की सराहना करते हुए छात्रों को टाटा घराने से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर, जिसे टाटा समूह ने बसाया है, उद्योग और समाज सेवा के अद्भुत संगम का प्रतीक है। आज के युवाओं को इस शहर के मूल्यों से सीख लेकर नौकरी मांगने की बजाय नौकरी देने वाले बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए उद्यमिता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करना बेहद जरूरी है।

राज्यपाल ने मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने देश के युवाओं के लिए नए अवसर खोले हैं। उन्होंने छात्रों से विश्वास व्यक्त किया कि वे विकसित भारत 2047 के मिशन को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस संदर्भ में, उन्होंने देश के विकास की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत ने जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है और अब हम तीसरे स्थान की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

श्री गंगवार ने दीक्षांत समारोह को छात्रों की शैक्षिक यात्रा का अंत नहीं, बल्कि एक नई सामाजिक यात्रा की शुरुआत बतायी। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों से अपील की कि वे अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग न केवल अपने व्यक्तिगत विकास के लिए करें, बल्कि समाज और देश की प्रगति में भी योगदान दें। तभी उनकी शिक्षा सार्थक होगी। अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए देश के वीर सैनिकों को सलाम किया और कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है, लेकिन यदि मानवता पर कोई खतरा आता है, तो हम उसका मुकाबला करने में भी सक्षम हैं।

राज्यपाल ने झारखंड में विवि शिक्षा के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड न केवल खनिज संपदा से समृद्ध है, बल्कि यह संघर्ष और संस्कृति की भी भूमि है। उन्होंने निजी विवि से यूजीसी के मानकों का पालन करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का आग्रह किया ताकि झारखंड देश भर में अपनी पहचान बना सके। श्री गंगवार ने अरका जैन यूनिवर्सिटी में छात्राओं की उल्लेखनीय संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एक पुरुष शिक्षित होता है तो केवल एक व्यक्ति शिक्षित होता है, लेकिन जब एक महिला शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है।

**48 मेधावी छात्रों को मिला गोल्ड मेडल :** समारोह में विश्वविद्यालय के 48 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इनमें वर्ष 2023 के 26 और वर्ष 2024 के 22 छात्र-छात्राएं शामिल थे, जिन्हें राज्यपाल गंगवार ने मंच पर सम्मानित किया।

**वर्ष 2023 के गोल्ड मेडलिस्ट :** प्रियंका कुमारी, सूर्या गोवरा, तुहिना रॉय, सुमैरा निदा, संगीता कुमारी, राकेश कुमार दास, सुदीप्त महतो, नितेश तिवारी, रोहित राज, बाबुल हलदर, इंद्रजीत कुमार सिंह, पंकज कुमार महतो, जया दुबे, सलोनी कुमारी, साहिल कुमार, सतप्रीत कौर, जयश्री समद, प्रियंका दासगुप्ता, कशफिन कामर, अंजलि गुप्ता, शुभजीत दास, वंशिका मल्होत्रा, साहिद अफरीदी, बिर्भद्र मंडल, हरबंश लाल साहू, अमरेन्द्र कुमार मिश्रा।

**वर्ष 2024 के गोल्ड मेडलिस्ट :** एकता केशरी, असेवता स्तुति एक्का, तान्या गुप्ता, जैस्मिन धनजल, हरमीत सिंह, मनोज गोराई, मोहम्मद युसुफ अली, स्निग्धा सिंह, नाहिदा तबस्सुम, संजना कुमारी, श्रेया बनर्जी, धैर्य आचार्य, मेघा इंदल, सतपाल सिंह, आयुष शर्मा, उषा कुमारी, गुरप्रीत कौर, मेघा सेनगुप्ता, एएस सिथालक्ष्मी, प्रिया गोप, सोमनाथ लाहा, अभिनंदन दास मोदक।

**23 शोधार्थियों को मिली पीएचडी की उपाधि :** दीक्षांत समारोह में इस वर्ष 23 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इनमें हर्षिता गुप्ता, अमित कुमार श्रीवास्तव, बिक्रांत तिवारी, मंदीप कौर, विशाखा जोसेफ, जसबीर सिंह धनजल, श्वेता कुमारी, नौशिन रजी, तैयबा खातून, रानी झा, चंचल मंडल, अभिषेक उपाध्याय, शालिनी प्रसाद, अमित कुमार सिंह, शबनम खातून, रोहन विजय शांडिल्य, रीता कुमारी, उषा कुमारी, इम्तियाज अहमद, सुमित कुमार मिश्रा, अमित चतुर्वेदी, बीना और निधि कुमारी शामिल हैं।

**2322 छात्रों को मिली डिग्री :** तृतीय दीक्षांत समारोह में वर्ष 2023 और 2024 में उत्तीर्ण हुए कुल 2322 छात्र-छात्राओं को स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की डिग्रियां प्रदान की गयीं। मौके पर छात्रों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखा गया।







1. दीक्षांत समारोह के शोभा यात्रा को नेतृत्व देते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार। 2. एक छात्रा को पी.एचडी की उपाधि प्रदान करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार। 3. दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल। 4. दीक्षांत समारोह में अतिथियों संग ग्रुप फोटो खिंचवाते पी.एचडी और गोल्ड मेडलिस्ट छात्र-छात्राएं। 5. दीक्षांत समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

### शिक्षा से दूर होगी गरीबी : चंपई

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि शिक्षित होकर ही हम आगे बढ़ सकते हैं। शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि गम्हरिया क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक डिग्री कॉलेज स्थापना का भी प्रस्ताव उन्होंने लाया था ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी उच्च तकनीकी शिक्षा मिल सके। चंपाई सोरेन ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा धन है जो बांटने से खत्म नहीं होता बल्कि उल्टे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश के विकास का आधार है। उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अरका जैन यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों की सराहना की और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन को भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### फिल्मी डायलॉग के जरिए वीसी प्रो ईश्वरन ने बताये सफलता का मंत्र

अरका जैन विवि के वाइस चांसलर प्रो डा ईश्वरन अय्यर ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए छात्रों को थ्री इडियट, संजू, शोले और हाथी मेरे साथी जैसे फिल्मों के संवाद के जरिए निजी जीवन एवं कैरियर में सफलता के मन्त्र बताये। उन्होंने कहा कि धैर्य, विनम्रता, डिग्निटी का पालन करने और बाज की तरह सोचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब भी जीवन में द्वंद्व की स्थिति आये तो आपको अपनी अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए। आपको अवश्य सही दिशा मिलेगी।

### कोल्हान में गुणवत्ता युक्त शिक्षा की अलख जगा रहा अरका जैन विवि : राजेश शुक्ल

झारखंड बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि वह विवि के स्थापना काल से जुड़े हुए हैं,और इसकी उत्तरोत्तर प्रगति के गवाह हैं। अरका जैन विवि ने कोल्हान प्रमंडल में गुणवत्ता युक्त शिक्षा की अलख जगाने का काम किया है। नैक से ए ग्रेड मिलना इसकी प्रतिष्ठा को चार चांद लगाने वाला है।

**खास बातें :** इससे पहले, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का एकेडमिक प्रोसेशन के साथ दीक्षांत मंडप में स्वागत किया गया। यहां उन्होंने और विशिष्ट अतिथि चंपई सोरेन, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह की पारंपरिक शुरूआत की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव सह निदेशक डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत किया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रवीर कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ईश्वरन अय्यर ने स्वागत भाषण दिया और प्रतिकुलपति डॉ. अंगद तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसएस रजी भी मंच पर उपस्थित थे। समारोह में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के डीन, हेड, शिक्षक, छात्र, कर्मचारी, अभिभावक और जिला प्रशासन के अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### वित्त मंत्री से मिला सिंहभूम चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने रांची में झारखंड राज्य के माननीय वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात कर प्रोफेशनल टैक्स के सरलीकरण, जमशेदपुर डिविजन के अंतर्गत आने वाले चार सर्किलों में उच्च अधिकारियों की जल्द नियुक्ति एवं वर्ष 2017 में जीएसटी के लागू होने के बाद कार्य संवेदकों को इसके अनुसार झारखंड में भुगतान नहीं किये जाने का मुद्दा उठाते हुये उनका ध्यानाकृष्ट कराया।

### जुस्को श्रमिक यूनियन तूफान का नामांकन रद

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल की मान्यता प्राप्त यूनियन का चुनाव प्रक्रिया प्रगति पर है। चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की गयी, जिसमें कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार तूफान कुमार मिश्रा का नामांकन अवैध पाया गया। अन्य सभी नामांकन वैध पाये गए। चुनाव पदाधिकारी सीएस झा के हवाले से चुनाव समिति के सदस्य अश्विनी मथान और सरोज पांडेय ने बताया कि तूफान मिश्रा का नामांकन इसलिए रद कर दिया गया क्योंकि यूनियन संविधान के तहत उनकी सदस्यता के अभी 3 वर्ष पूरे नहीं हुए थे।

### कांड्रा-सीनी रेलमार्ग पर महिला का शव बरामद

**गम्हरिया।** कांड्रा-सीनी रेलमार्ग पर पोल संख्या 396/एस-10 के समीप रेलवे लाइन से पुलिस ने एक महिला की सिर और दोनों पैर कटा हुआ शव बरामद किया है। रेल लाइन पर शव होने की सूचना कांड्रा थाना को आरपीएफ प्रभारी द्वारा दी गयी। सूचना मिलते ही सरायकेला के एसडीपीओ समीर सवैया, कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू, सीनी ओपी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, कांड्रा थाना के एएसआई दीप नारायण सिंह आदि मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृत महिला की पहचान नहीं हो पायी है।

### सेफ्टी फर्स्ट व डिजास्टर मैनेजमेंट ट्रेनिंग कल से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की भांति सेफ्टी फर्स्ट एड डिजास्टर मैनेजमेंट ट्रेनिंग का आयोजन 5 से 10 जून तक किया जा रहा है, जिसमें कोई भी स्थानीय व अन्य जिलों व राज्य के प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर भाग ले सकते हैं। वर्ष 2025-26 में 500 रेड क्रॉस के युवा सदस्यों, एनसीसी एवं एनएसएस वोलेंटियर को इस ट्रेनिंग के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाना है।

## राजनगर की पांच सड़कें होंगी सुदृढ़ चंपाई और जोबा ने किया शिलान्यास



पूर्व सीएम सह वर्तमान विधायक चंपाई सोरेन और सांसद जोबा सड़क सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास करते हुए।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/राजनगर।** राजनगर प्रखंड में पांच ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य होगा। मंगलवार को सांसद जोबा माझी और पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चम्पाई सोरेन ने सड़कों का शिलान्यास किया। जिन सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा उसमें भजरुडीह(सूयापीसी) से रघुनाथपुर तक 03.20 किमी पथ सुदृढ़ीकरण, बड़ा सिजुलता से इटापोखर भाया गोवर्धन तक 6.20किमी पथ सुदृढ़ीकरण, एसएच-06 से खैरवानी तक 2.60 किमी पथ सुदृढ़ीकरण, छोटा पहाड़पुर से लखीपुर भाया असुवा, वनकटी तक 4.50 किमी पथ सुदृढ़ीकरण एवं नामीबेड़ा से चापड़ा भाया छोटा पहाड़पुर, डूमुरडीहा, मगरकेला, मटुवासाई तक 8.40 किमी पथ सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है। सभी सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य करोड़ों की लागत से आरईओ विभाग करेगा।

## परसूडीह के चार खंभा रोड में जेसीबी की चपेट में आकर सिदगोड़ा के रमेश की मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र के चार खम्बा चौक में मंगलवार दोपहर जेसीबी की चपेट आने रमेश टुडू बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से रमेश को उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने रमेश टुडू की मृत घोषित कर दिया।

रमेश सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के क्रॉस रोड नंबर 13/क्वार्टर नंबर 34 के रहने वाले है। वे उड़ीसा अपने गांव तिरिंग जा रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद बड़े भाई सुभाष टुडू सदर अस्पताल पहुंचे। बड़े भाई ने बताया कि छोटा भाई तीरिंग अपने गांव जा रहा था। तीरिंग में ही वहां एक दुकान में काम करता है।

पुलिस ने जेसीबी जब्त कर लिया है जबकि घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।



पूर्व केंद्रीय मंत्री दुर्घटना के बाद लोगों से बात करते और मृतक (नीचे)।



स्थानीय निवासी संजीव ने बताया कि जेसीबी चालक बाजार समिति के ओर से आ रहा था। टर्निंग के दौरान तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार जेसीबी से टकरा गया। दुर्घटना में बाइक सवार को चेहरे पर और पैर पर गंभीर छोटी लगी थी। चार खम्बा सदर अस्पताल और खासमहल रोड में रोजाना एक्सीडेंट की घटनाएं घट रही है। सदर अस्पताल के पास स्पीड ब्रेकर बनाया गया था परंतु घटिया निर्माण के कारण वह पूरी तरह समतल हो गया। दूसरी ओर चौक चौराहा पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाना चाहिए।

## रेडक्रॉस में प्रीतिश, शाहनवाज आलम और अमनदीप ने दान किया एसडीपी





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा लगातार चलाये जा रहे रक्तदान अभियान के बीच रक्त के प्रमुख घटक एसडीपी की आवश्यकता इन दिनों लगातार अनियमित मौसम के कारण पड़ रही है, दो मौसमों के बीच में एक ओर जहां रोग प्रतिरोधी शक्तियां कमजोर हो जाती है, वहीं रोग से लड़ रहे लोगों को इसमें और परेशानी आती है, जिस कारण प्लेटलेट्स जैसी रक्त की एक प्रमुख घटक भी काफी प्रभावित होती है।

आज रेड क्रॉस के माध्यम से तीन सिंगल डोनर प्लेटलेट्स का दान जरूरतमंदों के लिए रक्तदाताओं ने किया। इससे पूर्व सप्ताहांत में एक बहुत आवश्यक मामले में रेड क्रॉस से जुड़े समाजसेवी कार्यकर्ता प्रीतिश जैन ने अपना 17वां बार एसडीपी दान किया था, उन्होने 20 नियमित रक्तदान के साथ 37 रक्तदान पूरा किया, वहीं आज हुए 3 एसडीपी दान में टाटा स्टील कर्मी शाहनवाज आलम में 16वीं बार एसडीपी व 1 नियमित रक्तदान के साथ अपना 18 रक्तदान पूरा किया, टाटा स्टील कर्मी व यूनियम कमेटी मेम्बर अमनदीप ने मंगलवार को 18वीं बार एसडीपी के साथ अपने 16 नियमित रक्तदान से 34वां रक्तदान पूरा किया।

## एसयूसीआई ने की पेंशन राशि 5000 करने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन गम्हरिया के अंचल अधिकारी को सौंपा। उक्त ज्ञापंन के माध्यम से मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत देय पेंशन राशि को प्रतिमाह एक हजार से बढ़ाकर पांच हजार रुपए करने की मांग की गयी है।

ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सर्वजन पेंशन, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं, जो कि आज के समय में निरंतर बढ़ती महंगाई के कारण अपर्याप्त है। सीओ द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया कि बजट सत्र का रुपया रुका हुआ है, ऊपर से फंड आने से मिल जायेगा। साथ ही, मुख्यमंत्री तक पेंशन राशि बढ़ाने की उनकी मांग पहुंचा दी जायेगी।


## आला दर्जे के चिकित्सक और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे डॉ के कार्तिक

डॉ त्रिपुरा झा

**जमशेदपुर।** चिकित्सा जगत की प्रगति एवं समृद्धि के संवाहक डॉ. के.कार्तिक अय्यर जिनका जन्म तमिलनाडु के अरियूर गांव में 24.07.1956 में हुआ और 20.05.2025 को झारखंड के शहर जमशेदपुर में उनका स्वर्गवास हो गया। उनकी सहधर्मिणी पत्नी डॉ रामा सुब्रह्मण्यम विदुषी सुसंस्कृत सशक्त नारी ही नहीं, अपितु गृहविज्ञान की प्रोफेसर एवं जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक की भूमिका के माध्यम से अपने अनुशासन कर्मनिष्ठा एवं प्रतिबद्धता से विश्वविद्यालय परिवेश को एक नया आयाम दिया। डॉ अय्यर के पुत्र डॉ.अभिषेक अय्यर, पुत्रवधू डॉ. हर्षिणी, पुत्री डॉ उपासना सभी चिकित्सा में स्नातकोत्तर है एवं वर्तमान में टीएमएच में कार्यरत हैं।

डॉ अय्यर नारी सशक्तिकरण के पक्षधर थे। अपने ही आंगन से अपनी सहधर्मिणी,पुत्री एवं पुत्रवधू को समाज सेवा का आश्रय प्रदान कर राष्ट्र को चिकित्सक, प्रोफेसर एवं समाज सेवक प्रदान किया। उनके व्यक्तित्व के वैशिष्ट्य में मैं एक दृष्टांश व्यक्त करती हूं।

स्वर्ग के बारे में लिखती हुई एमिली डिकिंसन ने कहा है कि स्वर्ग एक ऐसी जगह है जहां मैं कभी नहीं पहुंच सकती जैसे ऊंचे वृक्ष पर कोई सेब आभाविहीन टंगा हुआ है -ऐसा ही स्वर्ग है मेरे लिए। एमिली चाहती तो अपने लिए स्वर्ग की कल्पना कर सकती थी,परंतु उन्होंने वैसा नहीं किया। मगर आज भी कुछ है जो अपनी सर्मपण से स्वर्ग रच लेते हैं। ऐसे ही डॉ के कार्तिक अय्यर बहुकोणिया, बहुउद्देशीय, चिकित्सा सेवा के माध्यम से समाज के ताना-बाना को बुनते हुए अगली पीढ़ी को भी उसे कतार में खड़ा किया जहां से नवोदित चिकित्सक को उत्प्रेरित, उद्बोधित, उर्जस्विता कर नवोन्मेष का मार्ग प्रशस्त करता है।




डॉ के कार्तिक अय्यर।

एक विरल विलक्षण व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति डॉ केके अय्यर थे। चिकित्सा जगत की प्रगति और समृद्धि के सेवाहक -डॉ के अय्यर एवं मानवता की रक्षा के उद्घोषक थे। वाद -विवाद- प्रतिवाद से सर्वदा अलग, सार्थक संवादकर्ता, समय-सजग, समान -सापेक्ष्य, कवि हृदय, सर्जक, संवेदनात्मक ज्ञान से पुष्टि प्राप्ति मूल्य मनुष्यता मर्यादा के प्रतिमान थे।

साहित्य जगत व लेखन कार्य से संबद्धजनों को दायित्व बोध कराते हुए आपके शब्द आज भी सहज मुखारित होने से प्रतीत होते हैं। आपने संवाद-क्रम में लेखनीय अवधारणा एवं राष्ट्रभाव को स्पष्ट करते हुए आपने उपेक्षा प्रकट की कि राष्ट्रीय अखंडता की भावना प्रत्येक नागरिक और रचनाकार हेतु आवश्यक है, चाहें वह किसी भी धर्म या समुदाय का हो। मात्र औषधि देना और शुल्क ले लेना व्यावसायिक कृत नहीं। बल्कि डॉ अय्यर इस बात को रेखांकित किया करते थे कि हम सब और सहनशील समाज के सदस्य हैं।

**(नोट : लेखिका डॉ त्रिपुरा झा शिक्षाविद् एवं साहित्यकार हैं)**

## एक नजर में

### उच्च शिक्षा हासिल कर आइएएस बनना चाहती है जैक 12वीं की साइंस टॉपर अनिमा गोराई



**गम्हरिया।** वाणी विद्या मंदिर गम्हरिया की जैक बोर्ड की 12वीं साइंस टॉपर अनिमा गोराई आईएएस बन देश सेवा करना चाहती है। उसने इस वर्ष घोषित 12वीं में 83.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। गम्हरिया के स्टेशन रोड निवासी उसके पिता करमू गोराई व्यवसायी हैं जबकि माता रेवती गोराई गृह पत्नी हैं। उन्होंने अपने पुत्री की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शुरू से ही अनिमा को पढ़ाई से लगाव रहा है और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होती आई है। अनिमा ने बताया कि आगे वह स्नातक करके यूपीएससी की परीक्षा देना चाहती है। इसके लिए उसने अभी से ही तैयारी प्रारम्भ कर दिया है। अपनी इस सफलता का श्रेय उसने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

### सर्वोदय समिति एवं केंद्रीय शांति समिति का प्रतिनिधिमंडल वरीय पुलिस अधीक्षक से मिला



**जमशेदपुर।** सर्वोदय समिति जमशेदपुर एवं केंद्रीय शांति समिति का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल नंदलाल सिंह एवं रियाजुद्दीन खान के नेतृत्व में आज पूर्वी सिंहभूम जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडे जी से भेंट कर उनका अभिनंदन किया और केंद्रीय शांति समिति तथा थाना शांति समितियों को और अधिक कैसे सक्रिय और प्रभावी बनाया जा सके इस पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय को सुझाव दिया कि वे समय-समय पर शांति समिति के सदस्यों के कार्यों एवं उनके सामाजिक पृष्ठभूमि की मॉनिटरिंग करें और उनकी योग्यता एवं क्षमता के हिसाब से उनकी भूमिका और जिम्मेदारी तय करें ताकि उसका सही परिणाम दिखे। केंद्रीय शांति समिति एवं थाना शांति समिति के सदस्य प्रशासन के अभिन्न अंग हैं इसलिए उन्हें शांति समिति की भूमिका के क्रम में जाति, संप्रदाय और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सिर्फ और सिर्फ सामाजिक सद्भाव, प्रेम एवं भाईचारा तथा शहर में अमन शांति कैसे बनी रहे इस पर ही काम करना है और इसे ही प्राथमिकता में रखना है। शांति समिति के बाहर अपने-अपने पार्टी की राजनीति करें परंतु शांति समिति के दायित्व निर्वहन के समय यथासंभव कुंठित मानसिकता और गुटबाजी की राजनीति से परहेज करें ताकि प्रशासन और जनता का विश्वास शांति समिति पर बना रहे।

### रेडक्रॉस व यूसील का हेल्थ कैंप नानदुप में संपन्न



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम के यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत जून माह के प्रथम स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन पोटका प्रखण्ड के नान्दुप स्थित आदिवासी मिलन संघ सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुआ। वरीय चिकित्सक डॉ जया मोईत्रा, वरीय नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह अपने सहयोगी पारा मेडकिल कर्मियों के साथ 48 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच किया, जरूरत के अनुसार ग्रामीणों को निशुल्क दवा के साथ चशमा प्रदान किया गया। शिविर में रेड क्रॉस कार्यकर्ता राधेश्याम कुमार, राजेश मोहन प्रसाद, आशीष कुमार, श्याम कुमार प्रसाद शामिल हुए। संचालन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय सिंह की देखरेख में हुआ। शिविर में यूसील के क्षेत्रीय अधिकारी अरुण नायक एवं रामदास सोरेन ने लोगों को शिविर हेतु प्रेरित किया।

### मारवाड़ी युवा मंच सुरभि शाखा ने चार स्थानों पर लगायी पांच स्थायी अमृत धारा



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा मंगलवार को एक दिन में चार स्थानों पर पांच स्थाई अमृत धारा लगाया गया। राजकीय विधालय सीतारामडेरा में दो, हेमकुंड पब्लिक स्कुल खालसा क्लब के पास गोलमुरी, श्री दुर्गा मंदिर भुइयाडीह और आकर्षिनी मंदिर खरसावां में अमृत धारा का शुभारंभ हुआ। इसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी) ने किया। मौके पर मोहित मुनका, अश्विनी अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, सन्नी संघी, हर्ष मुनका, राहुल चौधरी आदि मौजूद थे।


पलामू उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता प्रदान कर सम्मानित किया।

## स्पीड न्यूज

### अब उत्तम नगर के नाम से जाना जायेगा हैदरनगर पेट्रोल पंप मुहल्ला



**हैदरनगर पलामू।** हैदर नगर पेट्रोल पंप मोहल्ला आज से उत्तम नगर से जाना जायगा। समाजसेवी ललन सिंह की स्व पत्नी उत्तम राज देवी के नाम से मोहल्ला का नाम उत्तम नगर से जाना जायेगा। मोहल्ला के सभी लोग ने एक स्वर में बैठक कर इस क्षेत्र को उत्तम नगर से नामकरण किया। उसी जगह रहने व मो रफी शैख ने बोर्ड का किया अनावरण किया। इसे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अतिथियों ने किया। विनोद सिंह ने कहा कि उत्तम राज एक नेक इंसान महिला थीं। यदि कोई महिला उनके पास समस्या लेकर आती तो उसे खाली हाथ नहीं लौटाती थी। मौके पर डॉ अजय जायसवाल, समाज सेवी ललन सिंह व कई गणमान्य थे।

### 22 लड़कियां भेजी गयी तमिलनाडु



**मेदिनीनगर।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला के उपरांत जिले से चयनित 22 लड़कियों को मंगलवार को रोजगार हेतु त्रिची तमिलनाडु स्थित कलर जर्सी गारमेंट निर्माता कंपनी में भेजा गया। इस कंपनी के परिसर में ही सभी कैंडिडेट को रहने-खाने के साथ नौकरी की सुविधा प्रदान की गयी है। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने सभी लड़कियों को नौकरी का महत्व तथा राज्य के बाहर होनेवाली परेशानियां गिनायी तथा उज्जव भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कंपनी के सहायक प्रबंधक सागर दास, जिला प्रबंधक तथा जिला समन्वयक भी उपस्थित थे।

### बकरीद को लेकर चैनपुर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने की। बैठक में बीडीओ प्रदीप दास ने कहा कि बकरीद त्याग और समर्पण का प्रतीक है। इसे सभी समुदायों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए साथ ही कहा कि आज जरूरत है सोशल मीडिया एवं अन्य किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने की अपील की। मौके पर सीओ चंद्रशेखर कुणाल, प्रमुख पति ध्रुव गुप्ता, मुखिया विजय बैठा, अजमल अंसारी, अरविंद तिवारी, दीनानाथ मांझी, लालबहादुर भुइयां शामिल थे।

### नावाखास वन आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली व पानी की सुविधा नदारद



**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत नावाखास वन आंगण बाड़ी कोड संख्या 274 मॉडल आंगणबाड़ी होने के बावजूद कुछ सुविधा नहीं मिल पायी है। केंद्र में बिजली व पानी तक की सुविधा नहीं है जिससे बच्चों को अंधेरे में पढ़ना पड़ता है। सेविका ममता देवी ने बताया कि केंद्र में बिजली नहीं है और न ही पानी की व्यवस्था है जिससे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सेविका ने बताया कि बगल के घर से पानी लाकर बच्चों के लिए भोजन बनाया जाता है अगर बगल के लोगों द्वारा पानी नहीं मिलेगा तो बच्चों का खाना नहीं बन पायेगा।

### सघन जांच अभियान में कई वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा छह मुहान चौक के पास सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों का जांच किया गया। जांच के क्रम में दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट तथा बगैर लाइसेंस के एवं कुछ ट्रिपल लोड थे जिसमें से 13 दुपहिया वाहन गाड़ियों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। रात में एक बाइक चालक शराब पीकर वाहन चला रहे थे उसको भी जप्त किया गया था। उसका भी आज सभी गाड़ियों के साथ में जिला परिवहन कार्यालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 14 दोपहिया मोटरसाइकिल गाड़ियों का चलान फाइन राशि 26 हजार रुपया आया है।

### नितिन पांडेय भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत




**मेदिनीनगर।** भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा झारखंड प्रदेश राज्यस्तरीय कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों की सूची जारी की गयी है। इसमें सत्येंद्र तिवारी को मोर्चा का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। पलामू मेदिनीनगर के अधिवक्ता नितिन को मोर्चा का झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके अलावे लातेहार के अधिवक्ता सह पत्रकार सुनील कुमार, रांची के रैवती कांत झा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। कोल्हान प्रमंडल चाईबासा के जितेंद्र ज्योतिष, कोडरमा के अधिवक्ता रंजीत दूबे, पलामू के गोपाल त्रिपाठी को मोर्चा का झारखंड प्रदेश महासचिव बनाया गया है।

# नावा जयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं बैठते हैं चिकित्सक

■ मरीजों को नहीं मिल रहा है स्वास्थ्य सुविधा का समुचित लाभ

**मनीष दूबे**

**पाटन पलामू।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावाजयपुर में डाक्टर नहीं बैठने का मामला प्रकाश में आया है जबकि सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को डाक्टर आनन्द कुमार को बैठना है लेकिन मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर आनन्द कुमार गायब पाये गये स्वास्थ्य केंद्र में एक एनएम गीता देवी तथा एक ऑपरेटर उपस्थित थे। वहां उपस्थित ग्रामीणों का कहना था कि डाक्टर कभी स्वास्थ्य केंद्र में नहीं बैठते हैं जिसस मरीज पाटन डालटनगंज या अन्यत्र जगहों पर इलाज कराने पर मजबूर हैं। डाक्टर के स्वास्थ्य केंद्र मे नहीं रहने का कारण पूछने पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी ने बताया कि डाक्टर दीपौआ आरोग्य मंदिर में बैठे हुए हैं। जब डाक्टर आनंद से संपर्क कर नावाजयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं रहने कि कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वहां मरीज नहीं आते हैं इसलिए दीपौआ आरोग्य मंदिर में बैठे हैं। यहां पर मरीज आते रहते हैं।




डॉक्टर आनंद कुमार का कहना है कि नावा जयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज नहीं आते हैं जबकि ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टर कभी आते ही नहीं हैं। यह बहुत बड़ा गंभीर विषय है। नावा खास मुखिया मनोज कुमार ने कहा है कि डॉक्टर के स्वास्थ्य केंद्र में नहीं बैठने से लोगों को काफी कठिनाई होती है। लोग नावा जयपुर से 18 किमी दूर पाटन जाकर इलाज कराने पर मजबूर हैं। डाक्टर के नहीं बैठने से लोगों में काफी नाराजगी है। डाक्टर आनन्द कुमार को सप्ताह में दो दिन बैठना है लेकिन वे दीपौआ आरोग्य मंदिर में जाकर बैठते हैं जबकि दीपौआ आरोग्य मंदिर में सीएचओ अनुपा एक्का कार्यरत हैं फिर भी डाक्टर आनन्द कुमार वहां जाकर बैठते हैं।

## सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, सीओ बोले

# शांतिपूर्ण माहौल में मनायें बकरीद

**खबर मन्त्र संवाददाता**


शांति समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य लोग।

**सतबरवा।** थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने की। इस दौरान बकरीद शांति और सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। सीओ ने कहा कि किसी भी त्यौहार को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की जरूरत है ताकि समाजिक भाईचारा बनी रही। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने कहा कि बकरीद त्यौहार के दौरान सरकारी गाइडलाइन का अनुपालन करना हम सबों का नैतिक कर्तव्य बनता है। असामाजिक तत्व के लोग सामाजिक सद्भाव बिगड़ने के लिए त्योहार के दौरान आपत्तिजनक पोस्ट करते हैं, ऐसे लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। त्योहार के दौरान किसी तरह का विवाद हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे ताकि समय रहते उसे पर काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा कि बकरीद के नमाज के दौरान मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। बैठक में उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, प्रमोद यादव, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, पंसस जुबेर खान, अरविंद सिंह, आनंद सिंह, महेश्वर सिंह, बाबर खान, हाजी मंसूर आलम, सिकंदर भुइयां, सुरेंद्र प्रसाद, संदीप प्रसाद भी थे।

# वाहन चेकिंग बना वसूली अभियान लोगों ने एसडीएम से की शिकायत

**गौतम पटेल**

■ शहर में अनियंत्रित रूप से चल रही हैं भारी वाहन हाइवा व ट्रक, लेकिन सुरक्षा अभियान केवल दो पहिया वाहनों को

■ शहर के हृदय स्थल पटेल चौक बना चेकिंग स्पॉट, चारों तरफ गल्ली से पार हो रही गाड़ी से दुर्घटना की आशंका



**हुसैनाबाद पलामू।** इन दिनों पलामू पुलिस की एक सूत्रीय अभियान, सड़क सुरक्षा के नाम पर केवल बाइक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं जिससे लोगो में भारी आक्रोश फैल रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण हुसैनाबाद अंचल थाना क्षेत्र के देवरी सीमेंट फॉक्ट्री ओपी में ग्रामीणों ने पुलिस के द्वारा जबरन खड़ी गाड़ी से चाभी निकालने व थाना ले जाकर शराब व मिठाई के दाम मांगने का आरोप लगाया हैं। जी हाँ यह 21 सदी के पुलिस हैं। इस सबन्ध में लोगो ने बीते दिनों एसडीएम गौरांग महतो से लिखित शिकायत किया ,जिसके बाद एसडीओ ने अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी आईएएस एस मोहम्मद याकूब से जांच करने का निर्देश दिया । इधर लोग स्थानीय विधायक से भी शिकायत किया कि पुलिस एक तरफ दो पहिया वाहन चेकिंग कर रही हैं और लोगो से पैसा की उगाही कर रही हैं। वहीं दूसरे तरफ शहर के दाता नगर, हैदरनगर रोड व नहर मोड़, जपला छतरपुर रोड से आने जाने वाली भारी वाहन ट्रक व हाइवा अनियंत्रित रूप से अधिक गति में जा रही हैं जिससे दुर्घटना की प्रबलता और बढ़ता जा रहा हैं, वही डस्ट व धूल से लोग परेशान है। टेम्पू अनियंत्रित रूप से सड़क पर खड़ा रहता हैं लेकिन सड़क सुरक्षा केवल मोटरसाइकिल सवार लोगो के लिए बना है। जिस पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा की पालन करना हम सब का कर्तव्य हैं लेकिन चेकिंग के नाम पर आय दिन पुलिस के द्वारा लोगों को परेशान करने की मामला भी आया हैं जो चिंता का विषय हैं। इसकी शिकायत एसपी से करूंगा और वैसे पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई भी होगी। इधर अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू चौधरी का कहना है कि हमलोगो को विभागीय निर्देश हैं कि रोज चार से पांच गाड़ी भेजना है।

## पोलपोल के पलामू ढाबा के समीप चेकिंग अभियान में पुलिस को मिली सफलता

# 40 लाख की अवैध शराब के साथ ट्रक चालक और खलासी गिरफ्तार

■ जब्त शराब की करायी जायेगी जांच : एसडीपीओ मणिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** पलामू डीएसपी मणिभूषण प्रसाद ने मंगलवार को सतबरवा थाना परिसर में प्रेस वार्ता करते हुए पत्रकारों को बताया कि बीते 2 जून को सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल स्थित पलामू ढाबा के समीप चेकिंग अभियान के दौरान हरियाणा नंबर के एक ट्रक से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त किया गया है। एसपी रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी कि गढ़वा होते हुए रांची की ओर हरियाणा नंबर का एक ट्रक अवैध अंग्रेजी शराब लेकर जा रही है।


जानकारी देते डीएसपी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी-पदाधिकारी।

सूचना मिलते ही सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर पोलपोल पलामू ढाबा के समीप चेकिंग अभियान लगाया गया, जिसमें ट्रक (एचआर 69 डी 3182) की गहनता से जांच की गयी, जिसमें भूसी की बोरी के नीचे 503 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। ट्रक में छुपा कर रखे गये रायल स्टैग 23 पेटी, रायल चैलेंज 21 पेटी, इंपीरियल ब्लू 459 पेटी, आरसीआरएस, आइबी ब्रांड के क्वार्टर, हाफ व फुल की 14, 580 बोतलों के अलावा तीन मोबाइल जब्त हुए हैं। बरामद शराब की अनुमानित मूल्य 40 लाख बतायी जा रही है। डीएसपी श्री प्रसाद ने बताया कि जब्त शराब असली है या नकली इसकी जांच करायी जायेगी। इसकी जानकारी उत्पाद विभाग को दे दी गयी है। इस मामले में ट्रक चालक देवेंद्र कुमार पिता पेमाराम ग्राम मातासर भुर्टिया, थाना नगना, जिला बाड़मेर तथा लालचंद पिता रतन राम, ग्राम मुनियों कातला, थाना गीडा, बढ़िया स्पीड जिला बालोतरा (दोनो राजस्थान) को ट्रक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### मनातू थाना परिसर में बैठक आज : थाना प्रभारी



मनातु पलामू। मनातू थाना अंतर्गत बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक बुधवार को थाना परिसर में आयोजित की गयी है। इसकी जानकारी मनातू के थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने दी। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रखंड के सभी बुद्धिजीवी, गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि शांति समिति की बैठक में बकरीद पर्व मनाने को लेकर चर्चा की जायेगी। इसमें लोगों से सुझाव भी मांगे जायेंगे।

### अनुसेवक की सेवानिवृत्ति पर मना विदाई समारोह



**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित कुमार झा की अध्यक्षता में सोमवार को प्रखण्ड सभागार कक्ष में अनुसेवक के लिये विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा सेवानिवृत्त अनुसेवक को शॉल ओढ़ाकर एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्ति के दिन से ही अनुसेवक को उनके रिटायरमेंट से जुड़े सभी लाभ प्रदान किये गये। बीडीओ ने अनुसेवक को सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीवन का नया चरण है, जिसे सेवा और अनुभव से और भी मूल्यवान बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक अनुसेवक कभी रिटायर्ड नहीं होते, उन्होंने सभी कर्मियों को उनके आगामी जीवन के लिये शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अंचल अधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### रेहला थाने में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्द्रपूर्ण पर्व मनाने का लिया गया निर्णय



**विश्रामपुर (पलामू)।** बकरीद को लेकर मंगलवार को रेहला थाने में प्रभारी गुलशन बिरूआ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक में हुई। बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का निर्णय लिया। बैठक में बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पैनी नजर रखने की बातें कही। पदाधिकारियों ने बैठक में शामिल लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए उसकी सूचना अविलंब थाने को देने का अनुरोध किया, ताकि समय रहते उसपर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में पहुंचे लोगों ने क्षेत्र की हालातों पर भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए उसका सकारात्मक हल निकालने का अनुरोध किया।

## चैनपुर के बाजार में बेतरतीब खड़े वाहनों से रोज हो रहा ट्रैफिक जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ बाजार में सड़कों पर अतिक्रमण, प्रत्येक दिन जाम की स्थिति



**चैनपुर (पलामू)।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत डाल्टनगंज-चैनपुर मुख्य सड़क मार्ग के चैनपुर टेम्पो स्टैंड से स्वीट पैलेस होटल तक रोजाना हर आधे घंटे में जाम लग जाता है। जिससे लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। हालांकि जाम की समस्या अब आम हो गयी है। प्रत्येक दिन जाम ही जाम लगा रहता है। जाम लगने पर किसी वाहन को डुमरी, चैनपुर बाजार से डालटनगंज की ओर जाने या भड़गांवा, कंकारी, चांदो, अवसाने जाने में घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। बाजार में एक भी बड़ी गाड़ी यदि प्रवेश कर जाती है तो स्थिति और विकराल हो जाती है। दिन प्रतिदिन जाम की स्थिति और विकराल होते जा रही है। इसके बावजूद भी प्रशासन इसपर कोई ठोस पहल नहीं कर पा रही है। लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। साथ ही दुकानदारों के द्वारा सड़क के नाले के फुटपाथ को पूर्वरूप से अतिक्रमण कर लिया गया है।

## देसी कट्टा और गोली के साथ एक युवक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ भय उत्पन्न करने के लिए हथियार लहरा रहा था युवक : एसडीपीओ



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डाली से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसकी सूचना एसपी रीष्मा रमेसन को जैसे ही प्राप्त हुई उन्होंने छतरपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उस निर्देश के आलोक में छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव ने कार्रवाई करते हुए ग्राम डाली से तौसीफ अंसारी पिता गुलाम गौस ग्राम डाली को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार युवक के पास से एक देसी कट्टा, जिंदा गोली व मोबाईल बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवक पांच हजार में किसी अन्य व्यक्ति से हथियार खरीदा था जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव के आसपास के क्षेत्र में हथियार दिखाकर भय का माहौल उक्त युवक कर रहा था।

## एक ही दिन दो सगे भाइयों के घर चोरी, मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ी में एक ही रात दो सगे भाइयों के घर अज्ञात चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी घटना में धनंजय चौहान के घर से 35 हजार रुपए नगद सहित एक लाख रुपए के जेवर की चोरी हुई है जबकि धनंजय के भाई अजीत चौहान के घर से चोरों ने दस हजार नगद व 80 हजार रुपए के जेवर की चोरी कर लिया। इस संबंध में धनंजय पासवान ने पड़वा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। धनंजय चौहान ने बताया कि वह करीब साढ़े नौ बजे रात को राजहरा कोलियरी में एक शादी समारोह में जाने के लिए घर से निकला था। शादी समारोह में भाग लेने के बाद करीब 12 बजे घर वापस लौट रहा था इसी दौरान उसके चचेरे भाई ने फोन कर बताया कि उसके घर का गेट खुला हुआ है। ताला टूटा था।

### प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर किया गया जागरूक

**मेदिनीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून के तहत मेदिनीनगर नगर निगम, वन प्रमंडल पलामू, लायंस क्लब के द्वारा मंगलवार को नगर निगम के पदधिजारी, कर्मी, वन प्रमंडल पलामू के पदाधिकारी, कर्मी एवं लायंस क्लब के सदस्यके सहयोग से छः मुहान चौक से डाबर रोड, पंचमुहन चौक, बीच बाजार कुआं से होते हुए विष्णु मंदिर रोड एवं लीच बिल्डिंग तक सभी व्यवसायी और फुटपाथी दुकानदारों को प्लास्टिक नहीं उपयोग करने एवं सभी को कपड़े की थैली उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया।

## अवैध हथियार के साथ दो अपराधी को हुए गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर अवैध हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजु कुमार गुप्ता ने बताया कि दो जून को अपराह्न करीब दो बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भकासी निवासी सुनील कुमार उम्र 22 वर्ष पिता- फोटो साव के पास अवैध हथियार है और वह गाँव में संदिग्ध रूप से घूमता देखा गया है। प्राप्त सूचना के अनुसार वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। सूचना प्राप्त होते ही वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक, पलामू के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई हेतु एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में जैसे ही पुलिस दल ग्राम भकासी स्थित सुनील कुमार के घर पहुंचा।

# श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा नावा खास डुरही में निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नावा खास मुखिया मनोज कुमार ने किया। कलशयात्रा में मुख्य अतिथि समाजसेवी रामदास साहु, मुखिया मनोज कुमार, चंचला देवी ने संयुक्त रूप से फिता काटकर शुरूआत किया। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम श्री श्री 108 श्री स्वामी राम प्रपणा चार्य जी के कृपा पात्र श्री निवेदन नारायणाचार्य जी महाराज करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पांच जून तक चलेगा। तीन दिन तक पुजा अर्चना कर मंदिर में हनुमान जी का प्रतिमा स्थापित किया जायेगा। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश उठाकर जीजोई नदी के भरहुलिया घाट से जल भरकर मंदिर में आकर कलश स्थापित किया। जलयात्रा कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम, हर हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पूजा समिति ने मुख्य अतिथि एवं समाजसेवी को फुल माला पहनाकर सम्मानित किया। श्री साहु ने कहा कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के ऐसे कार्यक्रम बहुत जरूरी है। इंसान को हमेशा ईश्वर पर विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा बिना जीवन अधूरा है। हम सभी को आपस में प्रेम मोहब्बत रखने के लिए धर्म सिखाता है। जलयात्रा कार्यक्रम में नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय, डॉ गणेश चंद्रा, बिनोद राम, जगदीश पाण्डेय, पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, नवल राम, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के यजमान ब्रजेश कुमार, यज्ञाचार्य निवेदन नारायणाचार्य, गुपुत सिंह, मुखिया मनोज कुमार, नौशाद आलम, चंचला देवी, अंकु यादव, राजा गुप्ता, पूर्व पंसस रामप्रवेश सिंह, पंसस अखिलेश यादव, अंकित कुमार, अभय वर्मा, चंचल कुमार, पिंटू वर्मा, शशिकांत वर्मा, सुनील प्रसाद भी थे।


फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

# कई गांव के सखी मंडल की दीदीयों ने रंगोली बनाकर किया जागरूक

■ सुदरवर्ती क्षेत्र के किशोरियों व महिलाओं के विकास पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू (पलामू)।** मनातू प्रखंड में पलाश जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चुप्पी तोड़ो स्वच्छ रहो अभियान के अन्तर्गत मनातू प्रखंड के भिन्न-भिन्न गांव में सखी मंडल के दीदी के द्वारा रैली निकालकर, रंगोली बनाकर किशोरी लड़कियों ,महिलाओ को जागरूक किया गया। कहा गया कि महिलाएं व किशोरी माहवारी स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामजिक संकोच से आगे बढ़कर कैसे जागरूक हो इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। समाज मे पुरुष और महिला में कोई अन्तर ना करे और जिससे महिलाएं निःसंकोच होकर अपने परेशानी बता सके और समाज मे सुधार लाया जा सके। कार्यक्रम में शौचालय को साफ कैसे रखना है ताकि बीमारी ना फैले बताकर सभी को जागरूक करने का काम कर रही है।


रंगोली के सहारे एक दूसरे को जागरूक करतीं सहिया दीदी।

# होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़, संचालक समेत तीन धराये

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के पिपरा कला स्थित जय श्री पैलेस होटल में अनैतिक कथित संचालित देह व्यापार के धंधे का पुलिस ने उद्भेदन किया है। इस मामले में मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमवार को छापामारी कर पांच युवतियों सहित 11 लोगों को हिरासत में ले ली थी। इस मामले में पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी होटल संचालक जय सोनी, मैनेजर अक्षयवर सिंह कुशवाहा एवं कर्मी अरविंद कुमार कुशवाहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसपी अमन कुमार के निर्देशानुसार एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में गठित टीम छापामारी की गई थी। इस दौरान होटल से पांच युवक, पांच युवतियां और होटल संचालक को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि होटल में संगठित रूप से अनैतिक गतिविधियां चलाई जा रही थीं। होटल में देह व्यापार की पुष्टि हुई है। इस मामले में तीन आरोपियों होटल संचालक, मैनेजर व होटल कर्मी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कर्मी अरविंद पर युवती को पैसों का लालच देकर होटल लाने का आरोप है। अन्य आरोपियों से पूछताछ जारी है। सभी का मोबाइल डेटा की जांच कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने की तैयारी में पुलिस जुटी है। हिरासत में लिये गये युवक युवतियों से पूछताछ के बाद उनके परिजनों को बुलाकर चेतावनी देते हुए सौंप दिया गया।



गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

## बाइक दुर्घटना में युवक गंभीर

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव स्थित बांकी नदी पुल पर एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में रमना निवासी प्रदीप विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी पुष्प रंजन मेहता ने घायल को उठाकर अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझिआंव पहुंचाया। डॉ वीर प्रताप सिंह एवं उनकी टीम द्वारा घायल युवक का समुचित इलाज किया गया। पुष्प रंजन मेहता ने बताया कि वे ओबरा निवासी राजेश विश्वकर्मा के पुत्र बबलू विश्वकर्मा के तिलकोत्सव में शामिल होने जा रहे थे, तभी रास्ते में घायल युवक को देखकर सहायता की। प्रदीप विश्वकर्मा को सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं। हेलमेट नहीं पहनने को दुर्घटना का मुख्य कारण बताया गया है। पुष्प रंजन मेहता ने बाइक चालकों से अपील की कि हमेशा हेलमेट पहनें और सावधानी से वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाना एक सामाजिक जिम्मेदारी है।

CCL Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## Office of Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer,Ranchi

(Department of Health and Family Welfare)

Letter No 2174 Date – 02-06-25

**EXPRESSION OF INTEREST (E.O.I)**

Sadar Hospital, Ranchi is one of the premier govt. hospital in the state and India. The institute provides free medical services under AB-MMJAY and other govt. schemes. Expression of Interest (E.O.I) is invited for Specialist Medical officer's for providing specialized services at Sadar Hospital Ranchi.

| Sl.No | Name of Post | Min Qualification | No. of Posts | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Anasesthiologist | 1. MD /Diploma/DNB in Anesthesia 2. Minimum experience of 1 year in a 50 beded hospital. | 2 | Negotiable/ (case basis) |
| 2 | Nuero Physician | 1. DM/DNB in Neurology 2. Minimum experience of 1 year in a 50 beded hospital. | 1 | Negotiable/ (case basis) |
| 3 | Nephrologist | 1. DM /DNB in Nephrology 2. Minimum experience of 1 year in a 50 beded hospital. | 2 | Negotiable/ (case basis) |
| 4 | Radiologist | 1. MD/ DNB/ DMRD in Radiology 2. Minimum experience of 1 year. | 2 | Negotiable/ (case basis) |
| 5 | General Surgeon | 1. M.S/DNB in General Surgery 1. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 2 | Negotiable/ (case basis) |
| 6 | Orthopedic Surgeon | 1. M.S/DNB/Diploma in Orthopedics 1. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 3 | Negotiable/ (case basis) |
| 7 | Nuero Surgeon | 1. M ch. / DNB in Neuro Surgery 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 2 | Negotiable/ (case basis) |
| 8 | Pulmonologist | 1. DM /DNB in Pulmonary Medicine 3. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | Negotiable/ (case basis) |
| 9 | Plastic Surgeon | 1. M ch. / DNB in Plastic Surgery 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | Negotiable/ (case basis) |
| 10 | Maxillofacial Surgeon | 1. MDS 2. Minimum experience of 1 year. 3. Candidate with higher qualification will be given preference for the post. | 1 | Negotiable/ (case basis) |
| 11 | Hepatologist | 1. DM in Hepatology 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | Negotiable/ (case basis) |
| 12 | General Duty Medical officer (GDMO) | 1. MBBS 2. Minimum experience of 1 year. 3. Candidate with higher qualification will be given preference for the post. | 2 | 63,000/- |

**Terms and Conditions**

Relevant documents and information can be seen and downloaded from www.sadarhospital.com

- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in **walk-in-interview** along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in **Civil Surgeon Conference Hall, Sadar Hospital Campus, Puruliya Road Ranchi – 834 001 at 10.30 AM on June 12th 2025.**
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Hospital Management Society,Sadar Hospital Ranchi will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Maximum age of applicant will be not more than 50 yrs as on 31-05-2025 .
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.
- The above meintioned post can be increased or decreased.
- This is a contractual position under Ayuhman Bharat - Hospital Management Society, Sadar Hospital Ranchi initially for the period of 1 year. Extension post expiry of initial period will be the sole discretion of the Ayuhman Bharat - Hospital Management Society, Sadar Hospital, Ranchi.

Deputy Suprintendent Sadar Hospital, Ranchi
PR 354151 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D
Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Ranchi

# शांतिपूर्वक बकरीद मनाने की अपील

■ बकरीद को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में बकरीद पर्व को शांति और भाईचारे के साथ मनाने को लेकर मंगलवार को भवनाथपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शोभा देवी और अंचलाधिकारी शंभू राम ने की। बैठक में थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि बकरीद को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है और सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया और त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। मौके पर एसआई परवेज आलम, दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, उपेंद्र राम, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, वरुण बिहारी यादव, प्यारे मोहम्मद, प्रदीप गुप्ता, रहीम अंसारी, शंभू सेठ, हरिदास सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।



बैठक करते लोग।

## स्पीड न्यूज

### नशे में धुत दूल्हा देख शादी से किया इंकार

**रंका।** थाना क्षेत्र के बरदरी गांव में एक शादी समारोह उस समय विवाद का कारण बन गया जब दूल्हे की संदिग्ध हालत ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। चैनपुर प्रखंड के निमिया गांव से आई बारात धूमधाम से पहुंची थी, लेकिन कन्या पक्ष ने जब दूल्हे को नशे की हालत में पाया तो शादी से इनकार कर दिया। कन्या पक्ष की महिलाओं ने दूल्हे को देख उसके नशे में होने की पुष्टि की। वह ठीक से बोल या चल भी नहीं पा रहा था। इस पर परिवार के बड़े-बुजुर्गों ने बैठक कर फैसला लिया कि इस हालत में विवाह संभव नहीं है। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच मामला शांत कराया और दोनों पक्षों को समझाकर विवाद को सुलझाने का प्रयास किया।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव में 30 मई की रात एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से 37 वर्षीय युवक संजय राम की मौत हो गई। इस घटना को लेकर मृतक के पिता राम गहन राम ने कांडी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है और न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात 8 बजे संजय राम शौच कर लौट रहे थे, तभी करकट्टा निवासी महेंद्र कुमार साव ने तेज और लापरवाही से बाइक चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए मझिआंव, फिर गढ़वा और अंततः मेदिनीनगर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद बाइक पर सवार दो अन्य लोग मौके से भाग निकले। वहीं चालक इलाज कराने के बहाने गढ़वा तक गया और फिर गायब हो गया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर थाना लाया है। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि मामले में कांडी कांड संख्या 49/25 दर्ज कर ली गई है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी रोहित रंजन सिंह और थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान डीएसपी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी ने आपसी भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में साफ-सफाई, पानी, बिजली और कुबार्नी स्थलों की व्यवस्था को लेकर कई सुझाव भी रखे गए। प्रशासन ने त्योहार के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम का भरोसा दिलाया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



बैठक करते लोग।

## रमना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**रमना।** बकरीद शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की। जिसकी अध्यक्षता सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय ने की। कहा कि बकरीद त्याग और समर्पण का त्योहार है, जिसे सदियों से रमना में दोनों समुदाय मिल-जुलकर मनाते रहे हैं। इस परंपरा को बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में न ले, अफवाहों से बचें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, मुखिया अजीत पांडेय, पूर्व विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह थे।

## शांति समिति की बैठक

### सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का संकल्प

**मझिआंव।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बीडीओ श्रीमती कनक ने कहा कि बकरीद त्याग और भाईचारे का पर्व है। इसे प्रेम और शांति के साथ मनाया जाए। उन्होंने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। एसआई नसीम अंसारी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की बात कही। उन्होंने बताया कि त्योहार के दौरान गश्ती और निगरानी बढ़ा दी जाएगी। बैठक में हाजी असफाक, शेख अमरूदीन, संजय कमलापुरी, एसआई संजय मुंडा, एएसआई विनय पांडेय, निरज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# केतार में शांतिपूर्ण मनेगी बकरीद



शांति समिति की बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर मंगलवार को केतार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। संचालन लालेश्वर राम ने किया। बैठक में प्रमुख चंद्रवती देवी ने सभी से भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में सीआई राजेश कुमार, कर्मचारी प्रकाश राम, उप प्रमुख शंभू सिंह, मुखिया मूंगा साह, मनोरंजन गुप्ता, मोहम्मद जस्मुदीन अंसारी, अली हुसैन, हकीमुदीन मियां समेत कई लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं. 09/2025–26

**Head :- Urban Transport**

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of New P.C.C. Road from H/o Alam Asrafi to H/o Azad Khan and from H/o Sahazad Alam to H/o Kaisur in Millat Colony in ward no 02 (Two) Under Municipal Corporation Hazaribag | 9,94,100.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 2. | Laying of Paver Block from H/o Vijay Mehta to H/o Vivek Soni opposite of Dipugarha Sich ai Colony in ward no. 05 Under Municipal Corporation Hazaribag | 3,01,300.00 | 7,000.00 | 1180.00 | 60 Days |
| 3. | Laying of Paver Block in front of Child Help line (Old HMC Campus) and Repair of P.C.C Road under Municipal Corporation, Hazaribag | 7,98,200.00 | 16,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 4. | Laying of Paver Block in Town Hall Campus and Construction of New gate leading to Ananda College under Municipal Corporation, Hazaribag | 8,06,300.00 | 17,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 5. | Construction of New P.C.C. Road from H/o Lalli Verma to H/O B ablu rana in Hanuman Nagar (Mandai Kala) in ward no 01 (One) Under Municipal Corporation Hazaribag. | 7,43,400.00 | 15,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 6. | Repair of P.C.C Road from H/o Riyaz Khan to H/o Warsi in ward no. 02 (Two) under Municipal Corporation, Hazaribag | 8,98,000.00 | 18,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 7. | Laying of Paver Block in bar association campus and Construction of New P.C.C. Road under Municipal Corporation, Hazaribag | 6,36,800.00 | 13,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 8. | Construction of P.C.C Road from H/o Ganesh Ji to H/o Pawan Ji via H/o Sandeep Kumar yadav in Bhagat Singh Colony Dipugarha in Ward No. 05 (Five) under Municipal Corporation, Hazaribag | 7,98,500.00 | 16,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 9. | Construction of New P.C.C Road from H/o Sunita Devi to H/o Deepak Kumar in Ward N o. 05 (Five) (Dipugarha Co -operative Colony) under Municipal Corporation | 9,98,000.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 10. | Construction of New P.C.C. Road from Devi Mandap to Jabra Cement Shop in ward no 08 (Eight) Under Municipal Corporation Hazaribag | 7,86,100.00 | 16,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 11. | Construction of New P.C.C. Road from H/o Jaynath Mahto to H/o Rohan Mahto in ward no 08 (Eight) Under Municipal Corporation Hazaribag | 6,77,600.00 | 14,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 12. | Repair of P.C.C Road from H/o Baban Prajapati to Madhya Vidhyalaya Govt. School in ward no. 08 (Eight) near Emli Chowk under Municipal Corporation, Hazaribag | 6,07,900.00 | 13,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 13. | Construction of P.C.C. Road from H/o Rajendar Prasad to H/o Bulaki Prasad in ward no 08 Under Municipal Corporation Hazaribag | 9,71,400.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 14. | Repair of P.C.C Road from H/o Rajesh Verma to H/o Pritam Kumar in Kusum Nagar Gali No. 03 in Ward No. 09 (Nine) under Municipal Corporation, Hazaribag | 3,10,800.00 | 7,000.00 | 1,180.00 | 30 days |
| 15. | Construction of New P .C.C Road from H/o Arjun Prasad to H/o Narayan Shaw and Repair of P.C.C Road from H/o Rajesh Dubey to H/o Anil Kumar in Kusum Nagar in ward no. 09 (Nine) under Municipal Corporation, Hazaribag | 6,19,700.00 | 13,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 16. | Construction of new P.C.C Road from Swarnwar palace to h/o Shekhar Singh and from H/o Shambhu Singh to NH -33 in ward no. 11 (Eleven) under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,60,900.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 17. | Repair of P.C.C Road from H/o Teacher Ram Kusum Mahto to H/o Nirmala Devi in Ompuri in Ward No. 12 (Twelve) under Municipal Corporation, Hazaribag | 5,67,700.00 | 12,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 18. | Repair of P.C.C Road from H/o Shakti Singh to H/o Bhikhan Ram and Construction of Cross Drain in Ward No. 13 (Thirtee n) under Municipal Corporation, Hazaribag | 8,50,000.00 | 18,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 19. | Construction of New PCC Road From H/o Pritpal to H/o Girja Singh And Repair of PCC Road from H/o Vinod Singh to H/o Monu agarwal in ward no 13 (Thirteen) Under Municipal Corporation Hazaribag | 6,12,600.00 | 14,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 20. | Construction of R.C.C. Drain and Repair of PCC Road From H/o Murtuja Qureshi to H/o Mujahid Qureshi in ward no : - 16 (Sixteen) Under Municipal Corporation,Hazaribag | 9,99,800.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 21. | Construction of R.C.C. Drain and Repair of PCC Road From H/o Uday ji to H/o Md. Hussain in Dhanbad Gali in ward no : - 16 (Sixteen) Under Municipal Corporation,Hazaribag | 9,99,800.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 22. | Construction of Paver Block Road from the H/o Pappu Kumar to the H/o Anil Agarwal in ward no 28 (Twenty Eight) Under Municipal Corporation Hazaribag. | 9,98,000.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
तिथि एवं समय : दिनांक 18.06.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
तिथि एवं समय : दिनांक 19.06.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
तिथि एवं समय : दिनांक 20.06.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न
4. विज्ञापन दाता का पदनाम : नगर आयुक्त सह प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :–निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

PR 354179 Urban Development and Housing(25-26)D

नगर आयुक्त सह प्रशासक नगर निगम, हजारीबाग।

# इंजीनियरिंग में दाखिले को लेकर सात बच्चों की नामांकन प्रक्रिया शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देश पर पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने इंजीनियरिंग कॉलेज में नामांकन के इच्छुक सात बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए उनकी दाखिला प्रक्रिया शुरू कराई। राजेश चौधरी ने बच्चों को इंजीनियरिंग शिक्षा और इसके महत्व की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आज के दौर में इंजीनियरिंग केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समस्या-समाधान, सहयोग, संप्रेषण और दृढ़ता जैसे व्यवहारिक कौशल भी विकसित करता है। उन्होंने बताया कि अब इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए 14 विषयों में से कोई भी तीन विषय आवश्यक हैं, जिससे छात्रों के लिए अवसर और भी आसान हो गए हैं। तत्काल पहल करते हुए आईटीआई रंका के विभिन्न विभागों में इन छात्रों का नामांकन जल्द पूरा किया जायेगा।

बच्चों और अभिभावकों ने इस पहल पर संतोष जताया और जिला विधिक सेवा प्राधिकार का आभार प्रकट किया।




बच्चों के साथ पीएलवी।

## Affidavit

The Notary Public Lohardaga
Affidavit Ref. No.17400

I, Durga Kumar son of Chhuna Mahto, village-Bhitha, Post-Bhitha, P.S. Bhandra, District- Lohardaga (Jharkhand) do hereby affirm and declare as under:-

1. That I am the permanent resident of above mentioned address.
2. That I have obtained my UID Card No. 8630 9221 2851 in which my name is written as Durga Kumar which is correct.
3. That I am D/L holder vide D/L No. JH08 20090002324 in which my name is written as Durga Mahto which is wrong.
4. That my correct name Durga Kumar as per my UID Card be recorded in my issued Driving license, hence this affidavit.
5. That Durga Kumar and Durga Mahto both name stands one and same person.
6. That the statements made above is true and correct.

Sworn and signed this affidavit Lohardaga. on 03.06.2025.

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार. 04 जून 2025

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# शारीरिक असंतुलन

दरअसल, शोध में पाया गया कि डेल्टा वैरिएंट के चलते मानव शरीर में रासायनिक असंतुलन पैदा हुआ था। फलतः कैटेकोलामाइन और थायराइड हार्मोन पैदा करने की प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न हुआ। जिसकी वजह से कोविड से उबरे लोगों में कालांतर साइलेंट हार्ट अटैक और थायराइड में व्यवधान की स्थितियां पैदा हुई। इसी हालिया अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ कि कोरोना के शिकार हुए लोगों में स्वस्थ होने के बावजूद, उनके शरीर में यूरिया और अमीनो एसिड मेटाबोलिज्म में व्यवधान होने की पुष्टि भी हुई है। दरअसल, अचानक होने वाली मौतों, जिसे आमतौर पर साइलेंट हार्ट अटैक कहा जाता है, में वे लक्षण नहीं दिखाई देते जो सामान्यतः हार्ट अटैक होने पर नजर आते हैं। मसलन बेचैनी, पसीना आना, सीने में दर्द होना और सांस फूलने जैसे लक्षण दिखाई नहीं दिए। इसमें व्यक्ति कटे पेड़ की तरह अचानक नीचे गिर जाता है, जब तक उसके उपचार की कोशिश होती है तब तक पता चलता है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। दरअसल,यह स्थिति कार्डियक अरेस्ट से भिन्न है, जिसमें दिल की धड़कन बंद होती है। चिकित्सक इस स्थिति से बचाव के लिये नियमित आधे घंटे टहलने, गैर-संक्रामक रोगों मसलन उच्च रक्तचाप व मधुमेह पर नियंत्रण, तली-भुनी चीजों व डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों से परहेज, सिगरेट-शराब से तौबा करने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही साइलेंट हार्ट अटैक आने पर उसे तुरंत कार्डियो पल्मोनरी रिसैसिटेशन यानी सीपीआर देने की राय दे रहे हैं। देश में लगभग 20 लाख लोगों की मौत इस बजह से हो रही है। जिसे लगातार देने से जान बचाने की कोशिश की जा सकती है। जिसको लेकर समाज में जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है, क्योंकि रोगी की जान बचाने में सहायक साबित हो सकता है। जिसके बाद आपातकालीन चिकित्सा सुविधा किसी हद तक मददगार साबित हो सकती है।

# आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

कर्क : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

सिंह : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

कन्या : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

तुला : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

धनु : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

मकर : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

कुंभ : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

मीन : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आतंक के लालगढ़ में अब लहराने लगा तिरंगा

**चार** दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल नरेन्द्र मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं। शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर में अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरूआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है।

देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने आठ सूत्री समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय




सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है।

वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में चार हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला ह्यऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्टह्न भी सुर्खियों में है।



- डॉ आशीष

> पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाई, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है।वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं। नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानी कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं मे कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए।

पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आयेगी।

## लेटर टू एडिटर

### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**प्रदूषण** से युक्त और पथ बाधित गंगा मनुष्यत्व के लिए अभिशाप है। गंगा की अविरलता सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयत्न करें क्योंकि गंगा सबकी है। वह अपने उदर में अनेकों जैव प्रजातियों, वनस्पतियों एवं संस्कृतियों को युग -युगांतर से पोषित करती आई है। गंगा के विलीन होने से मानवता की एक गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा का अंत हो जाएगा।माँ गंगा त्रय-योग सिद्धि कारक है, वह ब्रह्मा के कमंडल से निकलकर कर्म योग ,भगवान विष्णु के चरणों से निकलती है इसलिए भक्ति योग और शिव की जटाओं से धरा धाम पर अवतरित होती है, इसलिए ज्ञान योग सिद्ध करती है। मृत्युलोक में उनका अवतरण सभी के उद्धार के लिए हुआ है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# जेइइ एडवांस्ड 2025 परिणाम घोषित: आगे की राह और चॉइस फिलिंग का महत्व



**प्रशांत झा**

करियर

जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा के परिणाम कल, 2 जून 2025 को घोषित कर दिए गए हैं। आईआईटी कानपुर द्वारा परिणामों जारी किया गया है।

**कितने छात्र हुए शामिल और कितने सफल?**

इस वर्ष जेईई एडवांस्ड 2025 के लिए कुल 1,87,223 (लगभग) छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 1,80,422 (लगभग) छात्र दोनों पेपरों में उपस्थित हुए। इन में से कुल 54,378 (लगभग) उम्मीदवारों ने जेईई एडवांस्ड 2025 की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। सफल उम्मीदवारों में 44,974 (लगभग) पुरुष और 9,404 (लगभग) महिला उम्मीदवार शामिल हैं। यह पिछले वर्ष की तुलना में योग्य उम्मीदवारों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है, जो 2024 में 48,248 (लगभग) थी।

**कटऑफ क्या रहा?**

जेईई एडवांस्ड 2025 के लिए विभिन्न श्रेणियों के लिए न्यूनतम योग्यता अंक (कटऑफ) जारी कर दिए गए हैं। इस वर्ष, कटऑफ में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे अधिक छात्रों को रैंक सूची में शामिल होने का अवसर मिला है।

* कॉमन रैंक लिस्ट : प्रत्येक विषय में न्यूनतम 7 अंक और कुल 360 अंकों में से न्यूनतम 74 अंक। (प्रतिशत के रूप में: प्रत्येक विषय में 5.83%, कुल 20.56%)

* जनरल-ईडब्ल्यूएस रैंक लिस्ट: प्रत्येक विषय में न्यूनतम 6 अंक और कुल 360 अंकों में से न्यूनतम 66 अंक। (प्रतिशत के रूप में: प्रत्येक विषय में 5.25%, कुल 18.50%)

* अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल रैंक लिस्ट: प्रत्येक विषय में न्यूनतम 6 अंक और कुल 360 अंकों में से न्यूनतम 66 अंक। (प्रतिशत के रूप में: प्रत्येक विषय में 5.25%, कुल 18.50%)

* एससी/एसटी/दिव्यांग रैंक लिस्ट: प्रत्येक विषय में न्यूनतम 3 अंक और कुल 360 अंकों में से न्यूनतम 37 अंक। (प्रतिशत के रूप में: प्रत्येक विषय में 2.92%, कुल 10.28%)

**अब आगे क्या करें छात्र?**

जेईई एडवांस्ड का परिणाम आने के बाद, सफल उम्मीदवारों के लिए अगला महत्वपूर्ण कदम जोसा (संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण) काउंसलिंग प्रक्रिया है। जोसा के माध्यम से ही आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईआईआईटी और अन्य सरकारी वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों में सीटों का आवंटन किया जाता है।

**चॉइस फिलिंग क्या है?**

चॉइस फिलिंग जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है। इसमें सफल उम्मीदवार अपनी रैंक, श्रेणी और वरीयता के अनुसार आईआईटी और अन्य संस्थानों में उपलब्ध विभिन्न इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों और संस्थानों का चयन करते हैं। यह एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जहाँ छात्र अपनी पसंद के कॉलेज और ब्रांच को प्राथमिकता के क्रम में भरते हैं।

**चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया** (स्टेप बाय स्टेप):जोसा 2025 काउंसलिंग के लिए पंजीकरण और चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 3 जून 2025 से शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया निम्नलिखित चरणों में संपन्न होगी: * जोसा पोर्टल पर लॉग इन करें: जोसा की आधिकारिक वेबसाइट ङ्घ.ल्लू.ल्ल पर जाकर अपने जेईई मेन/जेईई एडवांस्ड एप्लीकेशन नंबर और पासवर्ड से लॉग इन करें * चॉइस फिलिंग लिंक पर क्लिक करें: लॉग इन करने के बाद, आपको चॉइस फिलिंग या विकल्प भरें का लिंक मिलेगा। इस पर क्लिक करें। अपनी पहचान सत्यापित करने के लिए पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओ.टी.पी दर्ज करें।

* विकल्पों को जोड़ना और व्यवस्थित करना: आपको उपलब्ध संस्थानों और पाठ्यक्रमों की पूरी सूची दिखाई देगी। आप अपनी पसंद के संस्थानों और पाठ्यक्रमों को ऐड बटन पर क्लिक करके अपनी सूची में जोड़ सकते हैं। दाईं ओर, आपके चुने हुए विकल्प प्राथमिकता के क्रम में प्रदर्शित होंगे। आप रेमोभ (विकल्प हटाने के लिए), उप्प (विकल्प को ऊपर ले जाने के लिए), और डाउन (विकल्प को नीचे ले जाने के लिए) बटनों का उपयोग करके अपनी पसंद के क्रम को जितनी बार चाहें बदल सकते हैं।

* विकल्पों को नियमित अंतराल पर सहेजें: यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप अपने द्वारा भरे गए विकल्पों को नियमित रूप से सहेजते रहें। यदि आप उन्हें सहेजते नहीं हैं, तो आपके द्वारा किए गए परिवर्तन खो सकते हैं।

* **विकल्पों को लॉक करें:** जब आप अपने द्वारा चुने गए विकल्पों और उनके क्रम से पूरी तरह संतुष्ट हों, तो जोसा द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपने विकल्पों को लॉक कर दें। एक बार लॉक करने के बाद, आप अपने विकल्पों में कोई बदलाव नहीं कर पाएंगे। इसलिए, लॉक करने से पहले सभी विकल्पों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें।

# चॉइस फिलिंग के दौरान विशेष मार्गदर्शन की आवश्यकता क्यों?

एडमिशन

**चॉइस फिलिंग एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है और इसमें विशेषज्ञ मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। इसके कई कारण हैं:**

* जटिल प्रक्रियाः जोसा काउंसलिंग में बड़ी संख्या में संस्थान और पाठ्यक्रम होते हैं। अपनी रैंक, श्रेणी और रुचि के अनुसार सर्वश्रेष्ठ विकल्पों का चयन करना एक जटिल कार्य हो सकता है।

* सीट आवंटन एल्गोरिथम को समझनाः जोसा सीट आवंटन एक विशिष्ट एल्गोरिथम का पालन करता है। विशेषज्ञ इस एल्गोरिथम को बेहतर ढंग से समझते हैं और छात्रों को उनकी रैंक के आधार पर सर्वोत्तम संभावित सीटों को सुरक्षित करने में मदद कर सकते हैं।

* गलतियों से बचावः एक छोटी सी गलती भी एक अच्छे संस्थान या पसंदीदा ब्रांच में प्रवेश के अवसर को छीन सकती है। विशेषज्ञ यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि छात्र कोई सामान्य गलती न करें, जैसे कि कम विकल्प भरना, गलत प्राथमिकता क्रम या आवश्यक दस्तावेजों में त्रुटियां।



* उपलब्ध विकल्पों का ज्ञानः विभिन्न आईआईटी और अन्य संस्थानों में उपलब्ध सभी शाखाओं, उनकी प्रतिष्ठा, पिछले वर्षों के कटऑफ और प्लेसमेंट रिकॉर्ड की विस्तृत जानकारी रखना छात्रों के लिए मुश्किल हो सकता है। विशेषज्ञ इस जानकारी के साथ छात्रों को सही निर्णय लेने में मदद करते हैं।

* नवीनतम रुझानः काउंसलिंग प्रक्रिया में हर साल कुछ बदलाव या रुझान हो सकते हैं। विशेषज्ञ इन रुझानों से अवगत रहते हैं और छात्रों को तदनुसार अपनी चॉइस फिलिंग रणनीति को समायोजित करने में मदद कर सकते हैं।

* मानसिक तनाव कम करनाः परिणाम के बाद और काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान छात्रों पर काफी मानसिक दबाव होता है। विशेषज्ञ मार्गदर्शन इस तनाव को कम करने और छात्रों को स्पष्टता के साथ निर्णय लेने में मदद करता है।

जेईई एडवांस्ड में सफलता पाने वाले सभी छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं! अब यह समय है समझदारी से अपने अगले कदम को उठाने का, और इसमें विशेषज्ञ मार्गदर्शन आपके लिए बेहद सहायक साबित हो सकता है। (**काउंसलर सह मोटिवेटर**)

**प्रकृति की गोद में बसा पूर्वोत्तर के राज्य मेघालय में स्थित यह होटल पर्यावरण सहेजने की दिशा में एक उदाहरण है। सौजन्य अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### डीएवी पब्लिक स्कूल में साइकिल रैली



**रजरप्पा।** रामगढ़ जिला साइक्लिंग एसोसिएशन के तहत विश्व साइक्लिंग दिवस के अवसर पर मंगलवार को रजरप्पा स्टेडियम के समीप डीएवी पब्लिक स्कूल में साइकिल रैली/रेस प्रतियोगिता हुआ, जिसमें सीनियर ग्रुप, जूनियर ग्रुप और जूनियर ग्रुप का रेस किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान लाने वाले खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। रामगढ़ जिला साइक्लिंग एसोसिएशन के सचिव पीसी राम ने कहा कि साइकिल चलाना सेहत एवं पर्यावरण के लिए बहुत लाभदायक है। हम सभी लोगों को फिट रहने के लिए कम से कम रोज आधा घंटा साइकिल व्यायाम के रूप पर चलाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ रहने के लिए साइकिलिंग एक बेहतरीन एक्टिविटी साबित हो सकती है। साइकिलिंग करके खुद के शरीर को एक्टिव और फिट बनाना आसान हो सकता है। इस मौके पर विश्वजीत मुंडा, हेमल मुर्मू, श्रीतन कुमार वर्मा, महेश, पियूष कुमार, अमित, पवन कुमार एवं खेल से जुड़े सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।

### जेईई एडवांस में वैभव को सफलता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा के विज्ञान संकाय के मेधावी छात्र वैभव राज ने आईआईटी जेईई एडवांस 2025 परीक्षा में ओबीसी श्रेणी में रैंक 4939 एवं ऑल इंडिया रैंक 18824 प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है। विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि हमारे छात्र वैभव राज ने कड़ी मेहनत, समर्पण एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया है। यह सफलता आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि वैभव की सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्रगण वैभव की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पतरातू में कांग्रेस कमेटी की बैठक



**भुरकुंडा।** संगठन सृजन वर्ष कार्यक्रम को लेकर सौंदा डी पार्टी कार्यालय में मंगलवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल एवं संचालन अनिल सिंह ने किया। बैठक में प्रत्येक मंडल, पंचायत एवं बुथ स्तर पर संगठन सृजन एवं नव निर्माण करने को लेकर चर्चा हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि पतरातु प्रखंड सहित बड़कागांव विधानसभा में पुनः अपने अस्तित्व को हर हाल मे बहाल करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर पहले ही प्रखंड कार्यकारिणी एवं मंडल कमेटियां भंग की जा चुकी है। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार कर प्रस्ताव जिला एवं प्रदेश को भेजा जा चुका है। अभी पांच मंडल कमिटियों का गठन अगले एक सप्ताह में करने का लक्ष्य रखा गया। बैठक में, चमन लाल, प्रेम विश्वकर्मा, अनिल सिंह, डॉ. केके शर्मा, अमर यादव, लखन राम, राजकिशोर सिंह, इकबाल हुसैन, प्रकाश दास, इम्तियाज अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### महायज्ञ को ले निकली कलश यात्रा



**कुजू।** कुजू कोलियरी प्राचीन शिव मंदिर में श्री श्री 1008 भगवान कार्तिकेय पुनः प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर गाजे बाजे के साथ बंदरा चुआ स्थित श्री श्री चैतन्य महाप्रभु के पास चरण पहाड़ी नदी पहुंचे। जहां पर काशी विश्वनाथ से आए हुए आचार्य दिनेश तिवारी उनके सत्संगी एवं सत्येंद्र ने यजमान को विधिवत पूजा अर्चना कराया। बाद में कलशों में पवित्र जल को भरा। इसके साथ पुनः गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। जहां पर विधिवत रूप से कलशों को स्थापित किया गया। इधर कलश यात्रा में मुख्य रूप से मांडू विधायक तिवारी महतो व कुजू कोलियरी परियोजना पदाधिकारी अभिमन्यु सिंह शामिल हुए। मौके पर तिवारी महतो ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख शांति बनी रहती है। इसके लिये उन्होंने आयोजन समिति का सरहाना किया। इधर देर संध्या बक्सर से आये कथावाचक रामनारायणचार्य महाराज द्वारा भक्तों को अपना प्रवचन देंगे। वहीं 5 जून को हवन, पूणार्हुति व भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ समापन होगा। कलश यात्रा में संरक्षक रामकुमार सिंह, तेजनाथ महतो, फुलेश्वर साव, श्याम कुमार सिंह, अशोक महतो, पप्पू सिंह, आदित्य शंकर सिंह, अमित पाठक, सरोजानंद झा, दीपक कुमार सिंह, दिनेश कुमार श्रीवास्तव,चितरंजन सिंह, पप्पू सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड केराम मंदिर बाजार टांड में मंगलवार को 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया। चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय नागरिकों को स्थायी और निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल के लिए विधायक का आभार जताया और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में क्षेत्र की अन्य समस्याओं का भी समाधान होगा। मौके पर डॉ. चांदसी, प्रमोद पाठक, अजय रवि, मनोज साहू, मुरारी पांडेय, लव पांडेय, शंभू, धर्म, अंकित, पंकज, संजय और धीरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# ड्रग्स के दलदल में डूबता हजारीबाग जिला

## नशे के कारोबार की चपेट में कई प्रखंड

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** जब बच्चों के हाथ में किताबें होनी चाहिए, लेकिन हजारीबाग की गलियों में ब्राउन शुगर की पुड़िया थमाई जा रही है। नशे का जहर स्कूलों से लेकर मोहल्लों तक फैल चुका है, लेकिन जनप्रतिनिधि चुप हैं, समाजसेवी मूक हैं और प्रशासन बेपरवाह। सवाल है कि क्या हजारीबाग को बर्बादी के गर्त में जाने से कोई बचाएगा? हजारीबाग आज सिर्फ कोयला, बालू और शराब के अवैध कारोबार का अड्डा नहीं रहा। अब नशे का नेटवर्क भी यहां गहराई तक जड़ें जमा चुका है। ज़िले के कई प्रखंड नशे के कारोबार की चपेट में हैं, लेकिन सबसे चिंताजनक स्थिति इचाक प्रखंड की है। सूत्र बताते हैं कि यहां एक महिला ड्रग डीलर ने कारोबार से करोड़ों कमाकर इचाक मोड़ में आलीशान बंगला खड़ा कर लिया है। यहां खुलेआम ब्राउन शुगर, गांजा और अन्य ड्रग्स की बिक्री हो रही है। बच्चे, कॉलेज के छात्र और बेरोजगार युवक नशे के दलदल में फँसते जा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि हर गली-मोहल्ले में कोई न कोई पेडलर बैठा है, और इचाक थाना पूरी तरह से मूक दर्शक बना हुआ है। कोई पत्रकार अगर किसी भी मामले पर सच खबर लिखता है या सच को उजागर करता है तो पूरा सिंडिकेट उसके खिलाफ साज़िश रचने लगता है। चुप कराने के लिए डर, लालच और धमकी तक दी जाती है। पर सवाल अब बड़ा है कि जब हर संस्था सोई है, तो बिगुल कौन फूँकेगा? हजारीबाग में ड्रग्स अब सिर पर चढ़कर बोल रहा है। न नेता बोल रहे हैं, न अधिकारी कुछ कर रहे हैं। कभी-कभार की छापेमारी और नेताओं के खोखले बयान, बस दिखावे की कार्रवाई बनकर रह गए हैं। अब भी जनता नहीं जागी, तो आने वाली पीढ़ी नशे की चपेट में पूरी तरह तबाह हो जाएगी। वक्त है कि खामोशी तोड़िए, सवाल कीजिए और ड्रग्स के खिलाफ युद्ध का शंखनाद करिए।

# अवैध खदान से निकाले गये तीन मजदूरों के शव

- 13 दिन से केरेडारी में कोयले की खदान में दबे थे सभी मजदूर
- मृतकों के परिजनों ने प्रशासन से मुआवजा व मृतकों के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की

खबर मन्त्रसंवाददाता



**केरेडारी(हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के केरेडारी में कोयले की अवैध खदान में फंसे तीन मजदूरों के शव 13 दिन के बाद बाहर निकाले गए। तीनों के शव 100 फीट से भी ज्यादा गहराई में दबे थे। इन्हें बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ की ओर से तीन दिन तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था, लेकिन खदान में पानी भरा होने की वजह से सफलता नहीं मिली थी। इसके बाद एनटीपीसी और निजी कंपनी के सहयोग से खदान से पानी निकाला गया और जलस्तर कम होने के बाद सोमवार रात स्थानीय ग्रामीणों ने तीनों के शव बाहर निकाले। मृतकों में 45 वर्षीय प्रमोद शाह, 25 वर्षीय उमेश कुमार और 24 वर्षीय नौशाद अंसारी शामिल हैं। तीनों केरेडारी थाना क्षेत्र के कंडाबेर गांव के रहने वाले थे। केरेडारी की खावा नदी के पास कई अवैध खदानें और सुरंगें हैं, जहां हर रोज सैकड़ों लोग जान जोखिम में डालकर खनन करने उतरते हैं। ये खदानें कोयला माफिया द्वारा चलाई जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 13 दिन पहले बारिश की वजह से खावा नदी की तेज धार में तीन मजदूर बहकर खदान के अंदर चले गए थे। इसके बाद से ही उनकी तलाश के लिए अभियान चल रहा था। एनडीआरएफ के अभियान के बाद भी जब सफलता नहीं मिली थी, तो लापता मजदूरों के घरवालों ने उनके जीवित बचने की आस छोड़ दी थी। सोमवार रात जब उनके बाहर निकाले गए तो पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई। मृतकों के परिजनों ने प्रशासन से मुआवजा और तीनों के एक-एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। मंगलवार को केरेडारी पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में तीनों शव गांव लाए गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### स्टेट थर्ड टॉपर को जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया सम्मानित



**हजारीबाग।** इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय परीक्षा में स्टेट थर्ड टॉपर से उत्तीर्ण बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र पकरी बरवाडीह गांव निवासी किशोर कुमार को हजारीबाग जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीन रंजन द्वारा शॉलओढ़ा कर सम्मानित किया गया। श्री रंजन ने किशोर का उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा कार्यालय के प्रधान लिपिक प्रमानंदनम, प्लस टू उच्च विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, छात्र किशोर के पिता साईनाथ कुमार साव, लिपिक विनोद कुमार वर्मा, सैयद परवेज आलम, केशव कुमार, अंकित कुमार, भोला प्रसाद, रंजन सिंह, नारायण प्रसाद, कृपेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

### विधायक रोशन चौधरी ने जीइएम का किया दौरा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने मंगलवार को पेट्रोनेंटल विद्युत निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) द्वारा संचालित गर्ल एम्पावरमेंट मिशन (जीईएम) शिविर का दौरा किया। चौधरी ने शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं से संवाद किया और उनके अनुभवों को जाना। बताया गया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य, और नेतृत्व कौशल में सक्षम बनाना है।

विधायक रोशन लाल चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्ल एम्पावरमेंट मिशन जैसी योजनाएं समाज की जड़ों को मजबूत करती हैं। ये बालिकाएं आने वाले समय में अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेंगी। विधायक ने उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

शिविर में विभिन्न गतिविधियां जैसे शैक्षणिक सत्र, खेल, कला एवं हस्तकला, स्वास्थ्य जागरूकता, और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक मौजूद थे।

## बकरीद में पैनी नजर रखें सभी थाना प्रभारी : एसपी



**रामगढ़।** बकरीद को लेकर मंगलवार को एसपी अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक। बैठक में एसपी एवं डीडीसी रोबिन टोप्पो ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से विधि व्यवस्था ब्की गई तैयारियों की जानकारी ली । उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। एसपी ने असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को सोशल मीडिया एवं विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया । किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/ शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसपी नेसभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में गस्ती कर अवैध शराब एवं नशीला पदार्थ बेचने वाले पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### शिव यादव बने सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजवादी पार्टी झारखंड प्रदेश ने संगठन को सशक्त और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पटेलनगर भुरकुंडा निवासी शिव कुमार यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति पार्टी संगठन के प्रति उनकी दीर्घकालिक निष्ठा, सामाजिक सेवा और मजबूत राजनीतिक दृष्टिकोण को सम्मान देते हुए की गई है। कहा गया कि शिव कुमार यादव न केवल एक समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं, बल्कि समाज के प्रति एक जागरूक नागरिक और जनभावनाओं के प्रति संवेदनशील नेतृत्वकर्ता के रूप में भी जाने जाते हैं। वर्षों से वे जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए समाजवादी सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे रहे हैं। यह नियुक्ति पत्र स्वयं समाजवादी पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव द्वारा जारी किया गया। उन्होंने कहा शिव कुमार यादव की संगठनात्मक दक्षता, जनता से जुड़ाव और विचारधारात्मक स्पष्टता उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त बनाती है। शिव कुमार यादव ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि यह पद मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है और समाजवादी विचारधारा को सशक्त करने हेतु हरसंभव प्रयास करता रहूंगा।

# पुल के लिए सड़क पर उतरा दामोदर बचाओ संघर्ष समिति

खबर मन्त्र संवाददाता



**सरकार व सीसीएल के खिलाफ भिक्षाटन कर किया विरोध**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गिद्दी-भुरकुंडा दामोदर पुल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग दामोदर पुल पर एकत्र हुए और झारखंड सरकार एवं सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान झारखंड की भ्रष्ट सरकार होश में आओ, पुराने पुल की मरम्मती के साथ-साथ नए पुल का निर्माण करो, हेमंत सोरेन शर्म करो जैसे नारे गूंजते रहे। समिति ने सरकार की उदासीनता के खिलाफ प्रतीकात्मक रूप से भिक्षाटन किया।

लोग गमछा बिछाकर सरकार के लिए चंदा मांगते नजर आए। विरोध स्वरूप 10 व 20 रुपये की राशि जुटाई गई। कुल 155 संग्रह हुआ जिसे प्रतीकात्मक रूप से सरकार को भेजा गया। मौके पर पुल बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांडेय ने कहा कि सरकार और सीसीएल से कई बार संपर्क किया गया, लेकिन हर प्रयास नाकाम रहा। सीसीएल पुल निर्माण के लिए तैयार है, पर राज्य सरकार एनओसी और एस्टीमेट देने में विफल है। श्री पांडेय ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार का पूरा तंत्र कोयला और बालू चोरी में व्यस्त है, जनता के हितों की कोई परवाह नहीं। उन्होंने कहा कि मरम्मत का फाइल आईसीडी के चीफ इंजीनियर के पास अटका है, पर जनवरी से पद खाली होने के कारण काम ठप है। यदि इस पुल पर कोई हादसा होता है तो जिम्मेदारी पूरी तरह राज्य सरकार की होगी। पुल निर्माण की मांग को लेकर यह आंदोलन अब नियमित रूप से भुरकुंडा, गिद्दी, रैलीगढ़ा और अन्य क्षेत्रों में दोहराया जाएगा। आंदोलन के माध्यम से जो भी राशि एकत्र होगी, वह प्रतीकात्मक रूप से राज्य सरकार को भेजी जाएगी ताकि उसे शर्म आए और वह नींद से जागे। सभी ने एक सुर में राज्य सरकार से पुल की मरम्मत और नए पुल निर्माण की तत्काल मांग की। मौके पर गुड्डू यादव, करुण सिंह, ब्रजकिशोर पाठक, चंदन सिंह, शैलेंद्र कुमार उर्फ पिंकू झा, श्याम सुंदर पांडेय, ठाकुर दास महतो, संजय ओझा, अवतार सिंह, रविंद्र सिंह, सुनील कुमार दुबे, संतोष कुमार झा, दीपक झा, पवन कुमार, राजेश सिंह, दीपक सिंह, राजबल्लभ सिंह, पवन कुमार, संजय पासवान, कैफी आजमी, अनिल कुमार सिंह, सुरेंद्र महतो, खेमलाल यादव, संतोष करमाली, भरत पांडेय, जुगल करमाली, संतोष सिंह, दीपक करमाली, संदीप सरकार, कल्लू खान, गुड्डू ठाकुर, मो. आसिफ, राम सेवक महली सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### रोमी में दुर्गा मंडप की प्राण प्रतिष्ठा समारोह



**हजारीबाग।** रोमी गांव में आयोजित दुर्गा मंडप की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा शामिल हुए। इस अनुष्ठान में उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की और सामाजिक एकता व सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। समारोह में स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ नव झारखंड फाउंडेशन के सदस्य भी उपस्थित थे।राणा ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से न केवल आस्था को बल मिलता है, बल्कि सामाजिक समरसता भी बढ़ती है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि नव झारखंड फाउंडेशन हमेशा उनके साथ है और सामाजिक विकास के कार्यों में सहयोग करता रहेगा। समारोह के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गांव में उत्सव का माहौल था और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### चौपारण में अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**चौपारण।** गौतम बुद्ध वन्य प्राणी आश्रयणी के वनकर्मियों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मुड़िया जंगल क्षेत्र से बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जप्त किया। जप्त किए गए सभी ट्रैक्टरों को वन विभाग कार्यालय परिसर में रखा गया है। इस कार्रवाई से बालू तस्करों में हड़कंप मच गया है। अवैध बालू खनन पर लगातार शिकंजा कसने से अब तस्करों की गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं। हालांकि, इसका असर आम लोगों पर भी देखने को मिल रहा है। बालू की तस्करी और कालाबाजारी के कारण निर्माण कार्यों के लिए बालू की उपलब्धता कम हो गई है, जिससे कीमतों में तेजी आई है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोग अपने घर निर्माण कार्यों में कठिनाई झेल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन वैध तरीके से बालू की आपूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि जरूरतमंदों को उचित दर पर बालू उपलब्ध हो सके।

### बरही में टीकाकरण को लेकर हुयी बैठक



**बरही।** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित बैठक में नियमित टीकाकरण अभियान की प्रगति और चुनौतियों पर गंभीर चर्चा हुई। इसकी अध्यक्षता डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने की। डॉ. ज्ञानी ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की और निर्देश दिया कि हर स्वास्थ्यकर्मी समय पर टीकाकरण स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से वंचित बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सूची समय रहते तैयार की जाए ताकि उन्हें प्राथमिकता पर टीका लगाया जा सके। समीक्षा के दौरान माइक्रोप्लानिंग पर विशेष जोर दिया गया। निर्देश दिए गए कि सभी स्वास्थ्यकर्मी योजनाबद्ध तरीके से अपने क्षेत्र में कार्य करें और छूटे हुए लोगों को चिन्हित कर उनका टीकाकरण पूर्ण करें। साथ ही सभी चिकित्सा पदाधिकारियों व पर्यवेक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थलीय जांच करने को भी कहा गया ताकि जमीनी हकीकत सामने आ सके। बैठक में डॉ. मयंक प्रताप सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार, बीपीएम नारायण राम, बीएएम प्रमोद श्रीवास्तव, बीडीएम मोनाजिर एहसान, एचएम सुधांशु शेखर, पंकज कुमार (लिपिक), संतोष कुमार, उपेंद्र कुमार दास समेत कई स्वास्थ्यकर्मी और अधिकारी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण को लेकर बैठक



बरही। सोमवार को बरही प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित नगर भवन में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनडी) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) जयपाल महतो ने की, जबकि संचालन अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने किया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों, एएनएम की भूमिका, जननी सुरक्षा योजना, मलेरिया, टीकाकरण अभियान, पेयजल व स्वच्छता की स्थिति, तथा समुदाय आधारित निगरानी तंत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ जयपाल महतो ने उपस्थित सहिया, सेविकाओं एवं एएनएम को निर्देश दिया कि वे आंगनबाड़ी स्तर पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस को पूरी सक्रियता से आयोजित करें। उन्होंने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य गर्भवती और धात्री महिलाओं की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करना है, जिसके लिए सभी एएनएम को आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही, बीडीओ ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को जनजागरूकता फैलाने पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। बैठक में 'घर ले जाओ राशन' योजना की पारदर्शिता और समयबद्ध वितरण पर भी बल दिया गया। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि योजना का उद्देश्य जरूरतमंदों तक पोषण पहुंचाना है, और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में दर्जनों सेविकाएं, सहिया व स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए।

### बरकट्ठा : हाथियों ने पांच घरों को किया क्षतिग्रस्त

बरकट्ठा । गोरहर थाना क्षेत्र के गोरहर पंचायत के बाराटांड के कोलवरिया में मंगलवार सुबह लगभग चार बजे हाथियों के झुंड ने पांच घरों को क्षतिग्रस्त करते हुए अनाज को चट कर गया। हाथियों के झुंड ने मुनिया देवी पति मुन्ना कोल, सावित्री देवी पति वासुदेव कोल, संझवा देवी पति दासो कोल, कदमी देवी पति पुनीत कोल, गुजरी देवी पति चंद्रिका कोल के घर का दीवार को तोड़ दिया और घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं हाथियों ने घरों में रखे अनाज को चट किया। इस दौरान मुनिया देवी के घर में एक बोरा चावल, 50 किलो गेहूं तथा आलू को चट कर गया।मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, डॉ कुंजलाल महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि राजकुमार गिरी घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। छोटन कॉल ने कहा कि हाथियों के द्वारा पांच आदिवासियों के घर को नुकसान पहुंचाया गया है। यह लोग काफी गरीब परिवार से है। वन विभाग से मुआवजा की मांग किया जाएगा। वहीं समाजसेवी डॉक्टर कंजलाल महतो ने कहा हाथियों का झुंड एक सप्ताह से बरकट्ठा के विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर रहा है। इससे ग्रामीण भय के माहौल में जीने को विवश हैं।

### देवरिया में बालवाड़ी केंद्रों की शुरूआत

दारू। झारखंड महिला जागृति केंद्र अमृतनगर द्वारा जीव दया फाउंडेशन के सहयोग से दारू प्रखंड के दो पंचायतों—दारू के पिपचो मलाहर टोला और काबिलासी के देवरिया में बालवाड़ी केंद्रों की शुरूआत की गई। इन केंद्रों का उद्देश्य पांच वर्ष से कम उम्र के सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों को पोषण और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। केंद्र का शुभारंभ मुखिया पति राजेश प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर महतो और शिक्षिका देवन्ती देवी ने किया। सचिव इंद्रमनी कुमारी ने बताया कि बच्चों को प्रतिदिन पोषक आहार जैसे दूध, बिस्किट, दाल, आटा दिया जाएगा।किताबें, कॉपियाँ, बैग, जूते और ड्रेस संस्था की ओर दी जायेगी।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**बरकट्ठा ।** बकरीद पर्व को लेकर बरकट्ठा थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी की अध्यक्षता सीओ श्रवण कुमार झा और संचालन समाजसेवी दर्शन सोनी ने की। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, थानाप्रभारी गौतम कुमार उरांव मौजूद थे। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार के गाइड लाइन को मानते हुए त्योहार मनाना चाहिए।

# जेल में बंद कैदी की मौत मामले को लेकर परिजनों ने एसपी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

- उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** मंडल कारा के बंदी और ढाब थाना क्षेत्र के गोरियाडीह निवासी 59 वर्षीय कपिल तुरी की बीते सोमवार को हुई मौत की खबर पाकर मंगलवार को गोरियाडीह के ग्रामीण बड़ी संख्या में समाहरणालय पहुंचे और एसपी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने कहा कि कपिल तुरी की मौत पुलिस की मार से हुई है, लेकिन उसे एक साजिश के तहत बीमार बताया जा रहा है। मृतक के पुत्र विजय तुरी ने कहा कि उसके पिता को जेल भेजने से पहले पुलिस ने काफी मारपीट की थी, मुझे आशंका है कि जेल में भी उनके साथ मारपीट की गयी होगी, जिससे उसके पिता की मौत हुई है। विजय तुरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि जंगल में माफियाओं को पुलिस और वन विभाग के लोगों द्वारा अवैध उत्खनन में सहयोग किया जा रहा है और पुलिस निर्दोष लोगों को जेल भेजने का काम कर रही है। गौरतलब हो कि बीते सोमवार शाम को जेल में बंद गोरियाडीह निवासी कपिल तुरी की अचानक तबियत खराब हो जाने के कारण अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गयी थी।

बताया जाता है कि बंदी टीबी रोग से ग्रसित था और बीते सोमवार को उसके मुंह से खून निकलने के बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गयी। यहां यह भी गौरतलब हो कि गोरियाडीह में हरा पत्थर के अवैध उत्खनन की जांच को लेकर पहुंची पुलिस टीम पर पथराव की घटना हुई थी। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने कपिल तुरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अभी तक उक्त मामले में पुलिस द्वारा लगभग एक दर्जन ग्रामीणों को गिरफ्तार जेल भेजा गया है।

धरना प्रदर्शन के उपरांत मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने डीसी, एसपी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की जांच करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## औषधि निरीक्षक ने दवा दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में औषधि निरीक्षक राजीव एक्का ने झुमरीतिलैया के रजगढ़िया रोड स्थित करीब 10 दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में दवा दुकानों में नारकोटिक्स और नशे के लिए प्रयोग होने वाले औषधियों की जांच की गयी। जांच के क्रम में कई दवा प्रतिष्ठानों में अनियमितता देखी गयी। औषधि निरीक्षक राजीव एक्का ने बताया कि जांच के क्रम में कई दवा दुकानों में शिड्यूल एच 1 और एनआरएस कैटेगरी के औषधियों में कई त्रुटियां पाई गई। एनआरएस कैटेगरी की दवाइयों के क्रय-विक्रय से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये, जो औषधि एवं अंगराग अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि दोषी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जांच प्रतिवेदन सहायक निदेशक औषधि रांची को भेजा जा रहा है। श्री एक्का ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिले के सभी दवा दुकानों की जांच की जाएगी, नियमों का उल्लंघन करते पकड़े जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## अमर कुमार निर्विरोध चुने गए राजद प्रखंड अध्यक्ष



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के नरायडीह स्थित गायत्री आश्रम में मंगलवार को राजद की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. सरयू प्रसाद यादव ने की। चुनाव प्रभारी सरफराज नवाज ने बताया कि राजद आलाकमान के निर्देश पर चुनावी प्रक्रिया अपनाई गई। सभी क्रियाशील सदस्यों और कार्यकर्ताओं से राय ली गई। ईटाय पंचायत के मुखिया अमर कुमार के नाम का प्रस्ताव प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए रखा गया। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके नाम पर सहमति दी। चुनाव प्रभारी ने अमर कुमार को सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया। सरफराज नवाज ने कहा कि अमर कुमार के नेतृत्व में संगठन और चुनावी कामकाज मजबूत होगा। कार्यकर्ता पूरी ताकत से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। लक्ष्य कोडरमा से राजद विधायक बनाना है। नव निर्वाचित अध्यक्ष अमर कुमार ने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। संगठन को मजबूत करने में कोई कमी नहीं होगी। कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करूंगा। उन्होंने सभी का आभार जताया। चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं ने अमर कुमार का फूल-मालाओं से स्वागत किया। बैठक में जोगीडीह निवासी वरीय नेता सुशील प्रसाद यादव के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर दीपक यादव, बबलू यादव, लालू यादव, शैलेन्द्र कुमार, शंकर यादव, अरुण यादव, अशोक यादव, रामबालक यादव, अश्वनी कुमार, नवीन कुमार, विक्रम कुमार, दिवाकर कुमार, उपेंद्र यादव, सदानंद यादव, उपेंद्र उर्फ शेखर कुमार, गुड्डू यादव, पंकज कुमार, इंद्रदेव यादव, मोहन यादव, सुमंत कुमार, मिथिलेश कुमार, नंदलाल कुमार सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 11 हजार विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की मौत



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरबर गांव में बीती रात एक व्यक्ति के 11 हजार विद्युत तार की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान छतरबर गांव निवासी 41 वर्षीय शंकर गुप्ता पिता स्व. बिनोद साव के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भतीजे अक्षय कुमार गुप्ता ने बताया कि शंकर साव की जान बिजली विभाग की लापरवाही से गई है। उक्त हाई टेंशन तार उनके घर के छत के ऊपर से ही गया हुआ है, जो छत से काफी कम ऊंचाई पर है। उनके चाचा रात को खाना खाने के पश्चात छत पर टहलने के लिए गए हुए थे, इसी बीच हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गए, जिससे उनकी वहीं पर मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि उनके द्वारा कई बार बिजली विभाग को उक्त तार को हटाने को लेकर शिकायत की गई थी, लेकिन बिजली विभाग ने इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। इधर घटना की सूचना कोडरमा पुलिस को दी गई, जिसके पश्चात कोडरमा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेना चाहा, किन्तु परिजनों ने शव को पुलिस के हवाले करने से मना कर दिया और कहा कि यह बिजली विभाग की लापरवाही से घटना घटी है। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे व पत्नी है। जिसकी सारी जिम्मेदारी मृतक के कंधों पर थी, अब उनके गुजर जाने से वे सब बेसहारा हो गए हैं। जिसे लेकर मृतक के परिजनों ने विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है। इधर मंगलवार की सुबह कोडरमा पुलिस और बिजली विभाग के कर्मी मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को सरकारी राहत कोष के तहत मिलने वाले मुआवजे का आश्वासन परिजनों को दिया गया है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक में समिति का विस्तार और रक्तदान पर हुआ मंथन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक शिव वाटिका में की गई। बैठक में समिति का विस्तार और रक्तदान शिविरों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन अजीत वर्णवाल ने की। उन्होंने बताया कि नई समिति बनने के बाद जिले में लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त मिल पा रहा है। वहीं डॉ सागर मणि सेठ ने कहा कि आगामी बैठक में समिति में जो कमियां शेष हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रेड क्रॉस समिति का विस्तार किया जाएगा और समाज के विभिन्न वर्गों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर समिति को सशक्त और सक्रिय बनाया जाएगा। सोसाइटी की अगली बैठक 10 जून को अग्रसेन भवन में आयोजित की जाएगी, जिसमें समिति विस्तार की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए जिले में स्थायी कार्यालय की स्थापना हेतु जिला उपायुक्त से बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर ज्ञापन सौंपेगें। मौके पर पर अरविंद सेठ, मुन्ना सुल्तानिया, राजन भगत, विश्वजीत कुमार, गणेश स्वर्णकार, डॉ सुजीत राज, उदय शंकर सहित कई प्रमुख समाजसेवी उपस्थित थे।

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन गंभीर रूप से घायल

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के कटिया पंचायत भवन के पास मंगलवार सुबह लगभग 9 बजे दो मोटरसाइकिल के जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का पहचान मरकच्चो थाना क्षेत्र के दशारो निवासी 58 वर्षीय मुस्लिम अंसारी, 49 वर्षीय मुबारक अंसारी एवं 22 वर्षीय मनोज पासवान के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कटिया पंचायत भवन के समीप दोनों बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और घायलों को इलाज के लिए निजी क्लीनिक भिजवाए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का होगा आयोजन

- उपायुक्त ने बैठक कर सभी पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** आगामी 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले भर में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाने हेतु उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी। बैठक में सभी विभागों के कार्यालय प्रधान ने भाग लिया। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी सरकारी कार्यालयों में पौधरोपण किया जाए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सहभागिता से पौधे लगाएं जाएं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कम से कम दो पौधे लगाने के निर्देश दिए। सिविल सोसायटी संगठनों को भी इस अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया है। सभी संगठनों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने संस्थानों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करें। मनरेगा के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला एवं प्रखंड स्तर पर पौधों की संख्या और प्रजातियों का आकलन कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि पौधरोपण के उपरांत पौधों की देखभाल और सुरक्षा की व्यवस्था संबंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। इस माह पौधरोपण अभियान के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से अपेक्षा की कि वे इस अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाएं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बल मिले।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, उत्पाद अधीक्षक अजय गोंड समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खराब रिजल्ट पर विद्यालयों के प्राचार्य से मांगा जवाब

- सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में चयनित हैं सीडी गर्ल्स झुमरीतिलैया व प्लस टू डोमचांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सीडी गर्ल्स सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस झुमरीतिलैया एवं चंद्रावती प्लस टू डोमचांच स्कूल का सीबीएसई इंटर में निराशाजनक प्रदर्शन पर प्राचार्यों से कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उनके जवाब के उपरांत मंतव्य के साथ राज्य मुख्यालय को जिला शिक्षा विभाग द्वारा भेजा जाएगा। दोनों विद्यालयों में शिक्षा का स्तर काफी निम्न रहने के कारण इंटर का रिजल्ट बेहद खराब रहा। इन दोनों विद्यालयों का चयन सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में हुआ है और यहां सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई चल रही है। माना जा रहा है कि शिक्षकों के बीच आपसी समन्वय नहीं रहने के कारण परिणाम चिंताजनक रहा। इससे बच्चों का भविष्य भी अधर में लटक गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम ने बताया कि दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब आने पर मंतव्य के साथ विभाग को भेजा जाएगा। इन विद्यालयों में इतने खराब परीक्षा परिणाम की कल्पना नहीं की गई थी। जाहिर है कि शिक्षकों में आपसी समन्वय की घोर कमी रही होगी। सभी प्राचार्यों को बुलाकर जल्द ही रिजल्ट की समीक्षा की जाएगी। खामियों को दूर किया जाएगा। मैट्रिक में रिजल्ट बेहतर रहा, फिर भी कुछ विद्यालयों में कमी रही है, जिनके प्राचार्यों को भी बुलाया जाएगा। वहीं उन्होंने सरकारी विद्यालयों के तीन छात्रों के जेईई एडवांस में चयन को सुखद बताया।

**मैट्रिक व इंटर पास कर चुके बच्चों की होगी काउंसलिंग :** जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि मैट्रिक व इंटर पास कर चुके बच्चों की काउंसलिंग कराई जाएगी ताकि आगे की राह आसान हो सके। बच्चों को, इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर टिप्स दिए जाएंगे। इससे वे अपना भविष्य का निर्माण खुद कर सकेंगे। करियर काउंसलिंग बच्चों के लिए बेहतर साबित होगा।

**शिक्षकों की समस्या की जा रही दूर :** जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम ने बताया कि बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम है। लिहाजा शिक्षकों की सभी तरह की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। उन्हें मिलने वाली सरकारी लाभ, वेतन आदि समय पर मिले, इसकी व्यवस्था की जा रही है। आठ वर्ष से लंबित 150 शिक्षकों की सेवा संपुष्टि की कार्रवाई की गई।


## प्रखंड सभागार में की गयी साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को की गयी। इस दौरान बीडीओ ने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं बागवानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप जेएसएलपीएस के साथ समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजनाओं में पीट खुदाई में तेजी लेने का निर्देश दिया। वहीं लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप की नई योजना लेने तथा कूप का लंबित भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया। वहीं रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं प्रति ग्राम कम से कम 5 योजनाओं का क्रियान्वयन करने को कहा गया। अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए। वहीं आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस सभी संस्थानों में मनाने का आग्रह किया गया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा रवि शंकर, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त शशि कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।


## आदर्श प्लस टू उवि के छात्रों ने आईआईटी एडवांस में रचा कीर्तिमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### श्रेयांश दुग्गड़ बने जिला टॉपर







**कोडरमा।** शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय ने एक बार फिर गौरवपूर्ण इतिहास रचा है। इस वर्ष आयोजित आईआईटी एडवांस 2025 परीक्षा में विद्यालय के चार प्रतिभाशाली छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जिसमें श्रेयांश दुग्गड़ ने न केवल सामान्य रैंक 3618 हासिल की, बल्कि कोडरमा जिले के टॉपर बनकर जिले और विद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। श्रेयांश दुग्गड़ की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासित दिनचर्या और मजबूत आत्मविश्वास का प्रतिफल है। वहीं अनिशा राज ने सामान्य रैंक 8626 और ओबीसी रैंक 1904 प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और विज्ञान जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। वहीं आदित्य प्रसाद ने सामान्य रैंक 12569 और ओबीसी रैंक 3000 प्राप्त किया, वहीं धीरज कुमार यादव ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सामान्य रैंक 14123 प्राप्त की है, जो उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं विद्यालय में अभूतपूर्व सफलता पर हर्ष की लहर दौड़ गई है। वहीं प्राचार्य पुनीत यादव ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा यह सफलता न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि हमारे पूरे विद्यालय परिवार की एकजुटता, समर्पण और गुणवत्ता युक्त शिक्षण व्यवस्था का प्रतीक है। इस गौरवपूर्ण क्षण पर उपप्राचार्य रविन्द्र कुमार रवि, प्रशासक दीपक कुमार, महेंद्र कुमार राणा, अर्जुन चंद्र यादव, नरेश सिंह, सीताराम यादव, गोपाल यादव, सनोज कुमार, शमशेर आलम, महेंद्र कुमार पांडे पप्पू कुमार रजक फुलांगी चंद्र यादव शाहिद हुसैन नीलम प्रभा, सुनील कुमार यादव, बिट्ठू कुमार राणा एंव अन्य सभी शिक्षक शिक्षकायों ने बधाई दी।

## खबर एक नजर में

### बीडीओ ने पलाश दीदी कैफे का किया उद्घाटन



**चतरा (सिमरिया)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल परिसर सिमरिया में पलाश दीदी कैफे का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्ददेव प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ब्रिज नंदन प्रसाद, मुखिया सुधीर कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भवेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि इस पलाश दीदी कैफे का संचालन बनहे आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के कमल महिला समूह की रीना दीदी, नीरा दीदी तथा मुनिया दीदी के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इस पलाश दीदी कैफे के संचालन से अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को उचित मूल्य में शुद्ध तथा पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सकेगा। बाहर के लोगों को भी उचित मूल्य में शुद्ध भोजन उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही इस पलाश दीदी कैफे के माध्यम से समूह की दीदी की आजीविका में बढ़ोतरी होगी। मौके पर प्रखंड परियोजना पदाधिकारी (उद्यम विकास), विकास कुमार, सुरेंद्र कुमार प्रजापति, जितेंद्र कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, राजीव कुमार तथा अन्य अस्पताल कर्मी सहित सखी मंडल की सदस्य मौजूद थे।

### अशोक यादव दूसरी बार बने राजद प्रखंड अध्यक्ष



**हंटरगंज/चतरा।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में दोबारा अशोक कुमार यादव का चयन कर लिया गया। इसकी विधिवत घोषणा जिला निर्वाचन पदाधिकारी मोहर सिंह यादव एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी ब्यास प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से पत्र जारी कर की। इस संबंध में बताया गया कि अशोक कुमार यादव को कुछ तकनीकी कारण से बीते 1 जून को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित होने की घोषणा नहीं की गई थी। जिसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। विदित हो कि प्रखंड में चुनाव कराने आए पर्यवेक्षक तकनीकी कारणों से रिजल्ट स्पष्ट नहीं कर जिला पर्यवेक्षक को पूरा ब्यौरा सौंपा था। जिसके बाद चयन प्रक्रिया पूरी की गई। अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रखंड के राजद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। वहीं बधाई देने वालों में प्रभु दयाल यादव, चंद्रदेव यादव, वकील खान, कौलेश्वर यादव, डोमन यादव, चैतु यादव, केदार चौधरी, सर्जन यादव, महेंद्र यादव, विनय यादव, कपिल देव यादव, राजदेव यादव, सितेश्वर यादव, लखन दास, बिनोद कुमार रवि, भोला यादव सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता शामिल हैं।

### तेज आंधी में उजड़ा मुर्गी फार्म, लाखों का नुकसान, पीड़ित ने जिला प्रशासन से की मदद की गुहार

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखण्ड क्षेत्र में सोमवार की रात आई तेज आंधी और पानी में एक तरफ जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। वहीं प्रखण्ड क्षेत्र के सरहचिया गांव में स्थित एक मुर्गी फार्म तेज आंधी से पूरी तरह उजड़ गया। जानकारी के अनुसार उक्त मुर्गी फार्म सुरेंद्र यादव का है, जो हंटरगंज थाना क्षेत्र के सरहचिया गांव निवासी रामदेव यादव के पुत्र हैं। उक्त मुर्गी फार्म लगभग दो कट्ठा जमीन में लगाया गया था, जिसके उजड़ जाने से लाखों रुपये की सम्पत्ति का नुकसान हो गया। इस संबंध में पीड़ित सुरेंद्र यादव तथा स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन यादव ने बताया कि मुर्गी फार्म उजड़ जाने से लगभग 3 लाख रुपये की सम्पत्ति का नुकसान हो गया, जिसकी भरपाई कर पाना किसान के बूते की बात नहीं है। जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान ने इस संबंध में पीड़ित किसान को पर्याप्त मुआवजा दिलाने की मांग जिला प्रशासन से की है। उन्होंने बताया कि पीड़ित किसान ने रिश्तेदारों और दोस्तों से कर्ज लेकर मुर्गी फार्म खोला था, जो सोमवार रात्रि को आई तेज आंधी में पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। बताते चलें कि बारिश से लगातार बढ़ रही गर्मी में कुछ कमी आई है और तापमान में गिरावट देखी जा रही है, जिससे लोग थोड़ी बहुत राहत महसूस कर रहे हैं। लेकिन आंधी और पानी ने कई जगहों पर लाखों का नुकसान भी पहुंचाया है।

### हाथियों ने गुरवाही और केवटा गांव में तीन घरों को किया ध्वस्त

**चतरा (सिमरिया)।** जंगली हाथियों के झुंड ने सोमवार की रात प्रखण्ड के जांगी के जरही गुरवाही और केवटा गांव में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने गुरवाही में सरिता देवी पति सुभाषचंद्र सिंह की गाय को मार डाला। साथ ही घर को क्षतिग्रस्त और अनाज को खा गये। सरिता देवी ने बताया कि 40 हजार की गाय थी। वहीं केवटा गांव में सेवाकी भुईयां के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में रखा दो क्विंटल चावल, एक क्विंटल आलू, पचास किलो गेहूं को खाने के साथ-साथ बर्तन व मुर्गी चूजा को तहस नहस कर बर्बाद कर दिया। वहीं ननकु भुईयां का डेढ़ क्विंटल चावल, पचास किलो आलू और पचास किलो गेहूं खाकर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को दूसरे जंगल की ओर खदड़ने और क्षतिपूर्ति का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए कृषक मित्र

**चतरा।** मंगलवार को कृषक मित्र महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम दिया गया है। प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह समेत पांच कृषक मित्रों का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिल कर ज्ञापन दिया। मौके पर प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह ने उपायुक्त को बताया कि पिछले 15 वर्षों से कृषक मित्र काम करते आ रहे हैं। परन्तु कृषक मित्रों का सम्मानजनक मानदेय नहीं है। आंशिक प्रोत्साहन राशि भी जो मिलता है वह भी पिछले 3 सालों का बकाया है। थक हार कर पिछले 27 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पूरे राज्य के कृषक मित्र चले गए हैं। मौके पर प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, अखलेश सिंह, राजकुमार दांगी, दिलिप सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, बैजन्ती देवी, राजेन्द्र यादव, अशोक गंझू, सुरेश महतो, सुरेश राम, सहदेव यादव, भीम रजक, कन्हैया प्रसाद सिंह, विनय कुमार मिस्त्री, मुरारी यादव, चितरंजन यादव, संजय यादव, चंद्र देव यादव, प्रवीण कुमार, दिनेश रजक समेत कई लोग मौजूद थे।

### बीडीओ ने कर्मियों को कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड कर्मियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बैठक की। जहां कई कार्यो को लेकर सख्त निर्देश बीडीओ ने कर्मियों को दिये हैं। इसमें बताया गया कि अबुआ आवास में पेंडिंग कार्य जल्द से जल्द पूरा करायें एवं पेमेंट भी जितना जल्द हो लाभुकों को देने का प्रयास करें। ताकि आवास जल्द तैयार हो और बरसात में लाभुकों को आवास को लेकर कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर उपस्थित बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा, उज्जवल कुमार सिंह, कनीय अभियंता भवानी प्रसाद रोजगार सेवक निर्मल दांगी, प्रदीप कुमार, सत्येंद्र कुमार वर्मा, पार्वती देवी, शालिनी, भारती, सतीश कुमार, अभिनंदन कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, वृद्धा पेंशन से संबंधित समेत अन्य मामले आये। जनता दरबार में मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## त्योहार के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी

- बकरीद को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में बिरसा सांस्कृति भवन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहार को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात व निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व को संपन्न कराया जा सके। उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चैकसी बनाये रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक करने के निर्देश दिया। पुलिस विभाग को पर्व के दौरान शहर के समस्त चैक-चैराहों व महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही है। वहीं उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गयी, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने विधि व्यवस्था से संबंधित छोटी-बड़ी सभी घटनाओं के बारे में जिला नियंत्रण कक्ष एवं वरीय पदाधिकारियों को अविलंब सूचना देने की बात कही।

वहीं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि बकरीद के अवसर पर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जायेगी। पर्व के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सद्भाव में विघ्न उत्पन्न करने वाले तत्वों के खिलाफ विधिसम्मत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक अजय गोंड, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, प्रशासक नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

- भाईचारगी व सौहार्द से मनाएं बकरीद का त्यौहार : उपायुक्त
- अफवाह फैलाने वालों के ऊपर होगी सख्त कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री की अध्यक्षता में ईद उल जुहा (बकरीद) के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल समेत जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा/सिमरिया, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति सदस्य के रूप में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने बकरीद के मौके पर शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल यथावत बनाए रहने हेतु सभी संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर अपने अनुभव साझा करते हुए विधि व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव दिए।

उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में पूर्व में मनाए गए त्योहारों की स्थिति से अवगत कराया। साथ ही जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन करने एवं भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की बात कही।

उपायुक्त कीर्ति श्री ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी शांतिपूर्ण वातावरण एवं भाईचारगी के साथ त्यौहार को मनाएं। समुदाय के हर उम्र एवं वर्ग को जिम्मेदार नागरिक की तरह सतर्क रहने की जरूरत है तथा अफवाहों से सावधान रहने की आवयश्कता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने वालों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर आप सभी को किसी भी प्रकार की अफवाह या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट दिखाई देता है तो इसकी सूचना प्रशासन को दें।

पुलिस अधीक्षक समित कुमार अग्रवाल ने अफवाहों पर अंकुश लगाने हेतु कहा कि सोशल मीडिया सहित अन्य सभी माध्यमों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जाती है जो समाज मे समरसता बिगाड़ने का काम करती है तो दोषियों के खिलाफ सख्ती अपनाते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### रोटरी व इनर व्हील क्लब के सदस्यों ने डीसी प्रेरणा दीक्षित का किया स्वागत



गुमला। जिले की नवनियुक्त डीसी प्रेरणा दीक्षित का मंगलवार को रोटरी क्लब और इनर व्हील क्लब के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर डीसी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही रोटरी क्लब के कार्यों से डीसी को अवगत कराया गया और जिले के समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की गई। साथ ही प्रतिनिधियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और समाजसेवा के क्षेत्र में क्लबों द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों से डीसी को अवगत कराया। डीसी प्रेरणा ने सदस्यों के कार्यों की सराहना की और सामाजिक विकास में उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर रोटरी क्लब के पुरुषोत्तम राम, बिनोद कुमार अग्रवाल, इनर व्हील की अध्यक्ष निर्मला अग्रवाल, उपाध्यक्ष पूनम देवी, डॉ आकाशी देवी पूजा देबी एवं उषा गुप्ता उपस्थित थी।

### विश्व साइकिल दिवस पर कैडेटों ने निकाला साइकिल रैली



गुमला। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मंगलवार को ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली लक्ष्मण नगर से प्रारंभ होकर करौंदी से होते हुए सिलम बाईपास तक गई और वापस लक्ष्मण नगर बगीचा में खत्म हुई। इस रैली में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इस दौरान एएनओ समेत 11 कैडेट्स ने लगभग 110 किलोमीटर की समेकित यात्रा की। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी बी शर्मा ने इस आयोजन के लिए विद्यालय के एनसीसी ट्रूप को बधाई दी। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने कहा कि साइकिलिंग एक तरह की एक्सरसाइज है। इससे दिमाग हैप्पी हार्मोन्स रिलीज करता है और तनाव कम होता है। आप बेहतर महसूस करते हैं। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड आफिसर अभिजीत झा ने कहा कि फिटनेस को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण की रक्षा करने के लिए जनमानस में चेतना जगाने के लिए यह रैली आयोजित की गई थी। रैली में कैडेट ताशा झा, लक्ष्मी कुमारी, नुपूर कुमारी, शिव कुमार गुप्ता, हर्ष, ध्रुव कुमार, मेहुल राज, आयुष चौधरी, आयुष राज गोप, प्रियेश ने भाग लिया।

### राजस्व संबंधी कार्य के निष्पादन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



गुमला। अपर समाहर्ता गुमला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन के संबन्ध में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला अंतर्गत सभी अंचल के राजस्व कर्मी एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में सेवा का अधिकार अधिनियम 2011, विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र, कार्यालय पंजी एवं अभिलेख संधारण, दाखिल खारिज, भूमि सीमांकन एवं अन्य कार्य प्रकिया की जानकारी सीओ एवं राजस्व कर्मी को दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य सभी अंचल कार्यालयों में राजस्व संबंधी कार्यों को सुगमता पूर्वक एवं ससमय निष्पादन किया जाए जिससे आमजनों के राजस्व संबंधी कार्य ससमय हो सके। कार्यशाला में अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला, बसिया, चैनपुर, डी सी एल आर, गुमला, डी सी एल आर, बसिया, सभी सीओ, गुमला, राजस्व कर्मी, आईटी मैनेजर राजीव रोशन एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### लाभुकों के बीच बकरी का वितरण



घाघरा। प्रखंड कार्यालय परिसर घाघरा में पशुपालन विभाग द्वारा 18 लाभुकों के बीच बकरा बकरी यूनिट का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख सविता देवी और पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का ने संयुक्त रूप से लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान किया। बकरी वितरण कर झारखंड सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना और पशुपालन के माध्यम से उनकी आजीविका को सशक्त करना है। ताकि ग्रामीणों के अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिल सके। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि पशुपालन क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीण तक पहुंच रही है। इससे लाभुक परिवारों की आमदनी में वृद्धि होगी। पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का ने जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों को एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत लाभ प्रदान किया जा रहा है। प्रत्येक यूनिट में एक बकरा और चार बकरी दी गई है। साथ ही दवा का भी वितरण किया गया है। समय-समय पर चिकित्सा सहायता भी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर कई लाभुक उपस्थित थे।

### दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की के साथ हुए दुष्कर्म मामले में पुलिस ने कठियाटोली निवासी पवन उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर उक्त आरोपी को घाघरा में पकड़ा गया। बता दे कि पीड़िता ने अपने परिवार के साथ घाघरा थाना पहुंचकर उक्त आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने को लेकर प्राथमिक की दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार किया।

## जन शिकायत निवारण दिवस पर गुमला डीसी ने सुनी लोगों की समस्या, समाधान का दिया अश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा कार्रवाई हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए। जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 40 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, सरकारी सहायता, रोजगार आदि से जुड़ी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा गया। डुमरडीह पंचायत के अंतर्गत गमहरिया गांव के ग्रामीणों ने बताया कि वहां जलमीनार खराब पड़ा है। ग्रामीणों ने जलमीनार मरम्मती के संबन्ध में आवेदन दिया है। सीता मुनि देवी ने अपने विक्षिप्त पति को कांके रांची इलाज हेतु ले जाने के लिए पुलिस जवान प्रदान करने का अनुरोध किया है। इनका कहना है इनके पति मानसिक रोगी हैं। इनका इलाज कांके में चल रहा है,लेकिन अकेले उन्हें इलाज के लिए ले जाना संभव नहीं है। खरका पंचायत के डुमरला टोली में ग्रामीणों ने पेयजल हेतु चापानल लगाने की मांग की है। खरका ग्राम निवासी आशुतोष पासवान ने गंभीर बीमारी योजना अंतर्गत सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है। इनकी दोनों किडनी खराब है। डॉक्टरों ने दोनों किडनी प्रत्यारोपण करने की सलाह दी है। डीसी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु एक सशक्त माध्यम है तथा प्रशासन सभी मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## जिन लाभुकों के खाते में पैसा पहुंच चुका है वो जल्द शुरू करे निर्माण कार्य : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रखण्ड के उतका में चल रहा आवास व मनरेगा योजना का निरीक्षण को लेकर पूरी टीम के साथ निकले। जहां आवास व मनरेगा लाभुकों से मिलकर जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूरा कराने व ससमस्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से योजना का लाभ उठाने को लेकर आवस्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की जिन लाभुकों के खाते में पैसा पहुँच चुका है वैसे लाभुकों को किसी भी हाल में देर नहीं करनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में अन्य लाभुकों का योजना को भी देने में परेशानी न हो। वहीं मनरेगा योजना को बरसात के पूर्व कार्य पूर्ण करवाने को लेकर लाभुक व मनरेगा कर्मियों को आवस्यक निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में आंगनबाड़ी में बढ़ रहे नन्हे मुन्हे बच्चों से भी संवाद किया व सेविका को बच्चों के प्रति कुशल व्यवहार के साथ पढ़ाने का निर्देश दिया। मौके पर मुखिया वीरेंद्र महली, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव, पंचायत सचिव पावन कुमार, मनरेगा व आवास कर्मी एवं लाभुक उपस्थित थे।



निरीक्षण करती बीडीओ छंदा भट्टाचार्य।

### जेईई एडवांस की परीक्षा में सफल छात्रों को डीसी ने किया सम्मानित, कहा

## देश को आज बढ़िया इंजीनियरों की जरूरत

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** डीसी डॉ कुमार ताराचंद ने मंगलवार को आईआईटी-जेईई एडवांस की परीक्षा में ऑल इंडिया 3401वीं रैंक हासिल करनेवाले वीर पोद्दार, 10900वीं रैंक हासिल करनेवाले सात्विक गुप्ता और 15930वीं रैंक हासिल करनेवाली प्रशंसा प्रिया को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के माता-पिता व अभिभावक भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर डीसी ने कहा कि काफी मेहनत के बाद आप सभी ने जो स्थान हासिल किया है इसमें आपकी कड़ी मेहनत और आपके माता-पिता व अभिभावको का त्याग है। आप मन लगा कर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करें। आज देश को बढ़िया इंजीनियर्स की जरूरत है। देश के विकास में इंजीनियर्स की बड़ी भूमिका रही है।


देश में महान व प्रसिद्ध इंजीनियर सर एम विश्वेश्वरैया हुए हैं जिन्होंने भारत में इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनकी याद में प्रत्येक वर्ष इंजीनियर्स डे भी मनाया जाता है। आज भी युवाओं का इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने का बहुत अधिक क्रेज है। डीसी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और दूसरे छात्र-छात्राओं को भी प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### गुमला : घर के कई कमरे आये चपेट में, लाखों रूपये का हुआ नुकसान

## आग में जलकर वृद्ध की हुई मौत

स्थानीय लोगों की मदद से रात में आग बुझाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



लकड़ी के नीचे दबा मृतक का शव

**गुमला।** गुमला शहर के घाटो बगीचा में सोमवार की रात लगभग डेढ़ बजे घर में आग लगने से स्व. कैलाशपति विश्वकर्मा के 68 वर्षीय पुत्र सत्यनारायण विश्वकर्मा की जलकर मौत हो गई। आग लगने पर घर के अन्य रिश्तेदार उठे और हल्ला मचाकर लोगों को इक्ट्ठा किया। जिसके बाद अगल-बगल के लोगों ने मिलकर आग को बुझाया। लेकिन तब तक सत्यनाराण की मौत हो चुकी थी। इस आगजनी में घर के कई कमरों को अपने चपेट में ले लिया। जिसे लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक सत्यनारायण घर पर लकड़ी से भोजन बनाता था। रात में वह खाना बनाया और चूल्हा को शायद जलता ही छोड़ दिया। जिसे धीरे-धीरे आग घर को अपने चपेट में ले लिया। आग लगते ही घर के छत के लकड़ी के काठ जलकर नीचे गिर गये। जिसे सत्यनारायण भी घर के छत से गिरे लकड़ी व खपड़ा में दब गये और उनका शरीर जल गया। इधर घर के दूसरे कमरों में सो रहे लोगों की अचानक धूंआ से दम घूटने लगा तो वे जागे और देखा कि घर पर आग लग गई है। जिसे बाद सभी घर वालों को चिल्लाकर उठाया और अगल-बगल के लोगों को भी जगाया। जिसके बाद सभी लोगों ने घर में लगे आग को बुझाया। गुमला थाना को भी घटना की सूचना दी गई तो पुलिस रात में ही अग्निशमन वाहन के साथ पहुंची और आग को पुरी तरह बुझा दी। मृतक सत्यनारायण अविवाहित था। वह अपने चाचा रामबली विश्वकर्मा व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घाटो बगीचा स्थित आवास में अपने हिस्से के घर में रहता था। रात में आग लगने पर परिजनों से सोचा कि सत्यनारायण बाहर निकल गये होंगे। लेकिन सुबह पता चला कि वे घर से आग लगने के दौरान निकल नहीं पाये और जलकर मौत हो गई। इधर मंगलवार की सुबह घटना को लेकर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली भी घटनास्थल पहुंचे और घटना को लेकर परिजनों से पूछताछ की। जिसके बाद शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस अस्पताल भेज दी।

### आंगनबाड़ी सेक्टर प्रमुख और कर्मी के साथ घाघरा बीडीओ ने की बैठक



घाघरा। बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आंगनबाड़ी सेक्टर प्रमुख व कर्मी के साथ बैठक किया। बैठक में पोषण ट्रेकर एप के तहत वजन माप महीने के एक से 15 तारीख तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही गृह भ्रमण कर ऑनलाइन अपडेट करने, मातृ वंदना का लाभ लाभुकों को शत प्रतिशत दिलाने एवं दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने की बात बीडीओ ने कही। इसके साथ ही कुपोषित अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर लाभ पहुंचाने, सावित्रीबाई फुले योजना के तहत बच्चियों को लाभान्वित शत प्रतिशत कराने व कन्यादान योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। प्रखंड में स्थित आंगनवाड़ी भवन की स्थिति, पानी की उपलब्धता, बिजली शौचालय की स्थिति की जानकारी आगामी 10 जून तक देने की बात कही। मौके पर कई पदाधिकारी कर्मी प्रमुख उपस्थित थी।

## आजादी के बाद डुमरपानी गांव में खुला आंगनबाड़ी केंद्र

खबर मन्त्र में एक वर्ष पूर्व प्रकाशित खबर के बाद हुआ गांव का कायाकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के डुमरपानी गांव में आजादी के 78 साल बाद आंगनबाड़ी केंद्र खुला। केंद्र का उदघाटन आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका रेखा कुमारी वर्णवाल ने किया। इस गांव में कोरवा जनजाति के 30 परिवार निवास करते हैं। क्षेत्र जंगलों और पहाड़ों से घिरा है। एक वर्ष पूर्व यह गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित था। गांव में ना ही सड़क, ना ही बिजली और ना ही पीने की पानी की सुविधा थी। गांव के लोग फटेहाल जीवन यापन करने को विवश थे।एक वर्ष पहले खबर मन्त्र अखबार में गांव की समस्या को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया। जिसके बाद तत्कालीन डीसी कर्ण सत्यार्थी स्वयं डुमरपानी गांव का दौरा किये थे। जहां डीसी के समक्ष ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया था। जिसके बाद डीसी की पहल पर गांव में पहुंच पथ बनाई गई। साथ ही सोलर से गांव जगमग हो उठा। पीने की पानी की समस्या भी दूर हुई। आंगनबाड़ी केंद्र का उदघाटन करने पहुंची रेखा कुमारी वर्णवाल का ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति रिवाज व नाच गान के साथ स्वागत किया और कोरवा जनजाति के लोग तीर धनुष से लैस नजर आए। मौके पर सांझिया कोरवा राजेंद्र, कोरवा, गोला कोरवा, कुसुम कोरवाइन, झुपी, सूरज कोरवा, सुषमा, लटन कोरवा, राम कोरवा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### डीसी ने सौंपी ट्राईसाइकिल, खुशी से चमकीं रामजतन की आंखें



लोहरदगा। डीसी डॉ कुमार ताराचंद ने सेन्हा निवासी रामजतन साहू को मुख्यमंत्री दिव्यांग कल्याणार्थ योजना के तहत ट्राईसाइकिल प्रदान किया। रामजतन साहू शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और कुछ दिनों पूर्व उन्होंने जिला समाज कल्याण कार्यालय में ट्राईसाइकिल के आवेदन दिया था। इस अवसर उनकी पत्नी जो आंखों से देख नहीं पाती हैं, उनके भी बेहतर ईलाज के लिए डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिये। पत्नी राजकुमारी साहू ने इस अवसर पर बैट्री चालित साइकिल की मांग की। डीसी ने इस अवसर पर दोनों से आयुष्मान कार्ड की सुविधा, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन व अन्य सरकारी योजनाओं का मिल रहे लाभ संबंधी जानकारी ली और जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद दिये जाने का आश्वासन दिया। मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, प्रमोद कुमार दास समेत अन्य उपस्थित थे।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गांव गांव में चलाया गया जागरूकता अभियान

कैरो। भारत सरकार कृषि मंत्रालय द्वारा किसानों के बीच कृषि को बढ़ावा देने और कृषि से संबंधित जागरूकता को लेकर मंगलवार को गजनी, उल्टी व पचागाई में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें उपस्थित किसानों को आईसीआर, केवीके, व कृषि क्षेत्र के जानकार बैज्ञानिको द्वारा कृषि की नई तकनीक, कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देते हुए किसानों की समस्या को सुना गया। जागरूकता अभियान में डॉ एसएस सुरीन, एलिसमा खाखा, डॉ पीयूष पुष्कर सहित वैज्ञानिकों ने किसानों को कृषि के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा उठाये गए सभी तरह की योजना और उसका लाभ लेने के लिए उठाए जाने वाला नियम, लागत, व उपयोग करने की तरीकों के बारे में बारीकी के साथ बताया गया। अभियान में डॉ एसएस सुरीन, एलिसमा खाखा, डॉ रेशमा सिंदे, वैज्ञानिक मृदा विभाग डॉ नंदकिशोर थोंबरे, वैज्ञानिक कृषि आईसीएआर रांची डॉ पीयूष पुष्कर, ज्ञान साहू, कुंवर साहू व किसान मौजूद थे।

### पति ने पत्नी व बेटी की बरामदगी की लगायी गुहार



भंडरा। थाना क्षेत्र के भंडरा गांव से एक महिला अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ आठ दिनों से लापता है। महिला की तलाश में उसका पति दर-दर भटक रहा है। अपनी पत्नी एवं पुत्र की बरामदगी को लेकर पति ने मंगलवार को भंडरा थाना में गुमशुदगी का आवेदन देकर बरामदगी का गुहार लगाया है। आवेदन में मादा गांव निवासी नवल उरांव जो फिलहाल भंडरा नवडीहा मोड़ मे रहता है नवल ने बताया है कि 27 मई को मेरी 30 वर्षीय पत्नी किरण कुमारी अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र को लेकर बिना किसी को बताये घर से निकली। उस दिन शाम तक वह घर नहीं लौटी तो मैने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। जो मोबाइल है वह भी बंद आ रहा है। नवल ने बताया की उसने पत्नी व बच्चे को अपने सभी सगे संबंधी के यहां पता लगाया पर उसके पत्नी व पुत्र का कही भी पता नहीं चला। उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए पत्नी व पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।

## भंडरा सीओ ने की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को सीओ दुर्गा कुमार ने अपने सभी अंचल कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में भू-मापी, आनलाइन दाखिल खारिज, राजस्व वसूली, अवैध जमाबंदी, नीलाम आदि की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में लंबित पाए गए मामलों निष्पादन एक सप्ताह के अंदर करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सीओ द्वारा सभी अंचल कर्मियों को कहा गया कि लंबित भू-मापी वादों का निष्पादन आनलाइन दाखिल खारिज लोग इन में जांचोंपरांत एवं आपत्ति रहित आवेदनों का निष्पादन राजस्व वसूली, अवैध जमाबंदी को चिह्नित करना एवं निरस्तीकरण हेतु प्रस्ताव भेजना नीलाम पत्र वाद का कार्यालय में उपलब्ध अभिलेख का पंजी 10 व 9 से मिलान करना भूमि विवाद, अतिक्रमण, बंदोबस्ती व लोक शिकायत निवारण से प्राप्त परिवाद पत्रों का निष्पादन करना एवं सूची कार्यालय को उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। सीओ द्वारा यह सख्त निर्देश दिया गया कि ग्रामीणों को जाति आवासीय आदि प्रमाण पत्रों के लिए परेशानी ना हो इस पर विशेष ध्यान दे। मौके पर सीआई फेकूवा उरांव, दिनेश उरांव, सूरज व कई लोग उपस्थित थे।

## जीवन में चुनौतियों से घबरायें नहीं: भूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव टीम सुपा के द्वारा मैट्रिक व इंटर के सफल विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अच्छे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सुपा और माहुआटोली के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन बुद्धेश्वर उरांव के नेतृव मे सुपा स्थित प्रोजेक्ट स्कूल में किया गया। मौके पर मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत और संस्थपाक सदयस अमित झा ने छात्रों को सम्मानित किया। भूषण भगत ने बच्चों को चुनौतियों से लडकर ऊपर उठने की शिक्षा दी। उन्होंने बताया भविष्य में चुनौतियां सभी के सामने आएंगी। उनसे बिना घबराये उन्हें ऊपर उठना है और अपने लक्ष्य को हासिल करना है।

अमित झा ने कहा कि मैं आप जैसे घर से निकल कर आया हूं और आज मर्चंट नेवी का कैप्टन बनकर देश की सेवा कर रहा हूं। सभी युवा में ऊर्जा है। ऊर्जा का सही उपायोग कर जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में सुभाष उरांव, बुधराम उरांव, सुकू उरांव, गंगा उरांव, एव अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जिले में खेल को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए प्रशासन तत्पर है: डीसी

### दो दिवसीय एथलेटिक चैंपियनशिप का हुआ उद्घाटन

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** डीसी डॉ ताराचंद द्वारा ललित नारायण स्टेडियम में लोहरदगा एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 14 एवं 16 आयु वर्ग के बालक व बालिका वर्ग दो दिवसीय एथलेटिक चैंपियनशिप का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को 600 मीटर के दौड़ शुरू करायी गयी। साथ ही, डीसी ने लंबी कूद स्पर्धा (बालक वर्ग) की भी शुरूआत करायी। इससे पूर्व डीसी ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और स्टेडियम के स्थिति की जानकारी ली। लंबी कूद में खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया। डीसी ने कहा कि लोहरदगा जिला में खेल को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए जिला प्रशासन तत्पर है। इस जिला के युवक-युवतियों में खेल के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। यहां के खिलाड़ियों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की पूरी क्षमता है। डीसी ने कोच से खिलाड़ियों का डाइट प्लान तैयार करने व प्रतिदिन अभ्यास कराने का निर्देश दिया। जिला खेल पदाधिकारी को खिलाड़ियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था और चलंत टॉयलेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। दो दिन की प्रतियोगिता में अंडर-16 वर्ग में 60 मीटर की दौड़, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक और पेंटाथलॉन की स्पधाएं आयोजित की जाएंगी। अंडर-14 वर्ग में भाला फेंक, लंबी कूद और ट्राय एथलॉन की प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा, लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, उपाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, राजेश महतो, जाहिद अहमद, कार्यकारी सचिव अजय प्रसाद, के के वर्मा, मुमताज अहमद, दानिस अली, हसीन अख्तर, रश्मि खेस, नम्रता भगत, एथलेटिक कोच, आलोक रॉय, क्रिकेट एसोसिएशन सचिव, जिला कोच विकास कुमार महतो सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डीसी डॉ ताराचंद।

### चटकपुर गांव में हाथी ने घर को किया क्षतिग्रस्त फसलों को किया बर्बाद



जारी। जारी थाना क्षेत्र के सीसी करमटोली पंचायत के चटकपुर गांव में मंगलवार की अहले सुबह दो जंगली हाथी प्रवेश कर गये। हाथियों ने बेरोनिका तिग्गा के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं घर में रखें धान, आलू, प्याज व लहसुन को बर्बाद कर दिया। साथ ही घर के पास लगे भिंडी की फसल को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया। परिवार के लोग घर से भाग कर अपनी जान बचाएं। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह 8 बजे जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक को दी गई। दिलीप ने फोन पर वन विभाग को इसकी जानकारी दी। इसके बाद वन विभाग की टीम पीड़ित के घर पहुंची। दिलीप और विभाग की टीम ने पीड़ित को पटाखा और टॉर्च दिया।

## खरवार लोक सेवक संघ का स्थापना दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

### हमें शिक्षा को हथियार बनाने की आवश्यकता है : महावीर खरवार

खबर मन्त्र संवाददाता





**गुमला।** खरवार लोक सेवक संघ और खरवार आदिवासी एकता संघ के संयुक्त तत्वावधान में बेलगांव आम बगीचा में मंगलवार को खरवार लोक सेवक संघ का स्थापना दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैट्रिक व इंटर उत्तीर्ण करने वाले समाज के कुल 45 मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर सिंह खरवार अध्यक्ष खरवार लोक सेवक संघ झारखंड, विशिष्ट अतिथि अरविन्द कुमार सिंह अध्यक्ष खरवार आदिवासी एकता संघ झारखंड उपस्थित थे। मौके पर महावीर सिंह खरवार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें शिक्षा को हथियार बनाने की आवश्यकता है। शिक्षा के बिना व्यक्ति, परिवार अथवा समाज का विकास असम्भव है। अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान परिवेश में हमें संगठित होना बहुत आवश्यक है। संगठित रहकर ही हम अपने हक व अधिकार की प्राप्ति कर सकते हैं। सभा को जयकरण सिंह, जितेन्द्र खेरवार, ज्ञान सिंह, मनमोहन खेरवार, बाबूलाल खेरवार, अलका सिंह ने भी संबोधित किया। आगुंतक मेहमानों का स्वागत रामचन्द्र खेरवार तथा मंच संचालन प्रदीप कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केन्द्रीय सचिव रण विजय सिंह, जिला अध्यक्ष बाबूलाल खेरवार, सचिव शंकर खेरवार, संयोजक रामचन्द्र खेरवार, अध्यक्ष देवी सिंह, भुनेश्वर सिंह खरवार, रण प्रताप सिंह, चन्द्रमोल सिंह, मंजु देवी, सुरेश खेरवार, जितेन्द्र के अलावे कमिटी की विशेष भूमिका रही।

### मनिका प्रखंड के उच्च विद्यालय सेवधरा में नहीं हुआ काम शुरू फिर भी संवेदक ने गबन कर लिया सारी राशि

# प्राचार्या ने डीसी व विधायक से की करवाई की मांग

➲ 100% प्रोग्रेस दिखाकर संपूर्ण राशि निकाल लेने का संवेदक पर प्रधानाध्यापक का आरोप।



जर्जर अवस्था में विद्यालय भवन।



जानकारी देते प्रधानाध्यापक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रांकीकला पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेवधरा में विद्यालय भवन का मरम्मती किए बिना ही संवेदक के द्वारा योजना की सारी राशि निकालकर गबन कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मामले के संबंध में उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेवधरा के प्रधानाध्यापक संदीप पासवान के द्वारा लातेहार जिला के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आवेदन देकर संवेदक के ऊपर कारवाई की मांग किया गया है। मौके पर प्रधानाध्यापक संदीप पासवान ने बताया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेवधरा के भवन मरम्मती के लिए 2024 में टेंडर हुआ था। जिस टेंडर को भुनेश्वर यादव कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा लिया गया था, जिसका प्रकरण राशि 5,11,880 रुपए तथा वर्क ऑर्डर जेईपीसी /सीआईवी /03/ 901/2024/डब्ल्यूओ-32 डीटीडी, 04/03/2024 है। और एक वर्ष बीत जाने के बाद भी संवेदक के द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया है, साथ ही सूत्रों से पता चला है कि 100% प्रोग्रेस दिखाकर योजना की संपूर्ण राशि निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि जब मौखिक रूप से कनीय अभियंता से बात किया तो उन्होंने बताया कि योजना की राशि कैसे निकाल लिया गया इसका पता नहीं है,परंतु राशि का निकासी हो चुका है।जबकि विद्यालय भवन में किसी प्रकार का कोई मरम्मती का कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय में सिर्फ चार कमरे हैं जहां पर 350 बच्चों की पढ़ाई होती है क्लासरूम कम होने के कारण शिक्षकों के द्वारा बच्चों को बरामदे में पर्दे लगाकर पढ़ाई करवाना पड़ता है, कभी-कभी तो बच्चों को पेड़ के नीचे भी बैठकर पढ़ने की मजबूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि भवन का मरम्मती हो जाने से हमारे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को काफी सहूलियत होती,लेकिन संवेदक को बार-बार बोलने पर भी मरम्मती का काम शुरू नहीं करवाया गया। साथ ही संवेदक ने सिर्फ टाल-मटोल कर के 1 वर्ष बिता दिया और अब स्थिति ऐसी है कि बिना मरम्मती किए ही संवेदक के द्वारा योजना की सारी राशि निकालकर गबन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि क्लासरूम कम होने के कारण पहले से ही बच्चे काफी मुश्किलें से पढ़ाई पूरी कर रहे हैं और आज के समय में ऐसे संवेदक हैं कि शिक्षा संस्थान को भी लूटने से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने विधायक रामचंद्र सिंह, जिला के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व जिला शिक्षा पदाधिकारी से मामले की जांच कर संवेदक के ऊपर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग किया है।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक हुआं संपन्न



शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू।** सरयू टीओपी परिषद में मंगलवार को बकरीद पर्व को शांति पुर्ण संपन्न कराने को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अक्षयता अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। बैठक के संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि अगामी 07 जून को बकरीद पर्व को सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं का कुबार्नी नहीं दिया जाएगा। बकरीद पर्व को शांति पुर्न वातावरण में मनाने की अपील किया गया। वहीं गारू थाना के पुअनी अवर निरीक्षक इंद्रदेव राम ने बताया कि असमाजिक तत्वों के द्वारा पर्व त्यौहार के मौके खल्ल डलने को चिन्हित कर नजदीकी थाना को सुचित करें। वही सोशल मीडिया में अफवाह खबरें को पोस्ट करने वाले पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। मौके पर पुअनी अवर निरीक्षक राजिव रंजन, सरयू टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार पासवान, बीस सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, असगर हुसैन, तौकीर आलम,शौकत अली, निजामुद्दीन अंसारी, कार्तिक उरांव, मुस्लिम अंसारी, सुदर्शन प्रसाद, मो. इकबाल समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कृषक मित्र महासंघ ने कृषि मंत्री रांची के नाम डीसी को सौंपा आवेदन, मानदेय देने की मांग की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड कृषक मित्र महासंघ द्वारा हड़ताल में जाने को लेकर जिला अध्यक्ष जगदीश राम के नेतृत्व में लातेहार उपायुक्त के द्वारा झारखंड सरकार कृषि मंत्री रांची के नाम पर आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से बताया है कि हम कृषक मित्र पिछले पन्द्रह वर्षों से आत्मा परियोजना कृषि विभाग में सह कारिता विभाग, पशु पालन विभाग, प्रधान मंत्री किशान योजना, मुख्य मंत्री खुशहाली योजना, कृषि ऋण माफी योजना, मिट्टी जांच योजना एंव जिला द्वारा निर्देशित हर विकास कार्यों को कृषक मित्रों द्वारा कार्य करवाया जाता हैं। परन्तु आज तक हम कृषक मित्रों को कोई भी सम्मानजनक मानदेय नहीं मिला है। जिससे हम कृषक मित्रों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गयी है। झारखण्ड में कई कृषक मित्रों की आर्थिक तंगी के कारण मौत भी हो चुकी है। जो अत्यंत ही पीड़ादायक एंव दुखद हैं। जिस करण हम सभी कृषक मित्रों ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया हैं। जब तक हम कृषक मित्रों का सम्मानजनक मानदेय लागू नहीं हो जाता तब तक हड़ताल पर बने रहेंगे। हम कृषक मित्रों ने अविलंब मानदेय लागू करने की मांग की है। मौके पर राजेश प्रजापति प्रदेश सचिव, धमेंद्र राम, महेंद्र उरांव, धनदेव राम, बिग उरांव मौजूद थे।

## जिप सदस्यों ने मान-सम्मान और हक अधिकार नहीं मिलने पर विकास भवन के समक्ष दिया एक दिवसीय धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धरना देते जिप सदस्य।

**लातेहार।** जिला परिषद सदस्यों ने अपने मान-सम्मान और हक अधिकारों की मांगो को लेकर विकास भवन के समक्ष मंगलवार को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने की। इस दौरान उन्होंने अपनी 11 सूत्री मांगपत्र सरकार को उपायुक्त के द्वारा भेज कर अवगत कराया है जिसमें जिला परिषद के सचिव की जल्द से जल्द पदस्थापना की जाए। लातेहार के जिला परिषद में पूर्ण रूप से डीआरडीए का विलय करते हुए हक अधिकार मिले। जिला परिषद की नियमित बैठक कराते हुए स-समय अनुपालन कराने के साथ नियम संगत कार्यवाई की जाए। जिला परिषद सदस्यों को बैठकों के साथ क्षेत्र भ्रमण के लिए ईंधन उपलब्ध कराया जाए। जिला परिषद के लिए अलग से सहायक और कनीय अभियंता की नियुक्ति की जाए। जिला परिषद के मद से होने वाली योजनाओं की स्वकृति कराने के साथ स-समय कार्य पूर्ण करवाते हुए भुगतान कराया जाए। समेंत अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

**मान सम्मान और हक अधिकार नहीं मिलने से नाराज है जिप सदस्य**

वहीं जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन के तीन वर्ष का कार्यालय पूरा हो चुका है, पर जिला परिषद सदस्यों का मान सम्मान और हक अधिकार नहीं मिल रहा है। जिससे सभी सदस्य मानसिक और सामाजिक पीड़ा झेलने को मजबूर है। उन्होंने आगे बताया की जिला परिषद के अधिकारी और विभाग के निर्देशक समेत अन्य स्तर तक मांगो को कई बार रखा गया पर कोई सार्थक पहल नहीं हुई जिसे बाध्य होकर हम सभी आंदोलन करने को मजबूर है। वहीं जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि जिला प्रशासन अपना मनमानी कर रही है। बैठक में जब हमारे द्वारा किसी मुद्दे को लेकर अवगत कराया जाता है तो वह केवल बैठक तक हि सीमित रह जाता है, धरातल पर उसका कोई कारवाई नहीं होती है जिससे हम सभी काफी आहत है। लातेहार में डीडीसी के पद पर जल्द नये डीडीसी नियुक्त करने की बात कहीं। मौके पर जिप सदस्य अनिता सिंह, प्रियंका कुमारी, संतोषी शेखर, चंचला देवी, प्रतिमा देवी, बुद्धेश्वर सिंह, बलवंत सिंह, रमेश राम, सनपतिया देवी, ए नगेशिया, जीरा देवी समेत कई जिप सदस्य मौजूद थे। धरना के बाद राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपायुक्त, लातेहार को सौंपा गया।

## एक महिला का शव बरामद किया गया है, सर में गोली मारकर हत्या की गई



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के परसही पंचायत के भगन टोला में एक महिला का शव बरामद किया गया है। मृतका की पहचान 28 वर्षीय सुलेखा देवी के रूप में हुई है। सिर में गोली मारकर हत्या की गई हत्या। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने सुलेखा का शव उसके घर से 200 मीटर दूर एक खेत में देखा। घटनास्थल पर एक चटाई बिछी हुई थी, जिस पर खाना खाने का बर्तन रखा हुआ था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका का पति फिलहाल फरार है। आशंका जताई जा रही है कि सुलेखा देवी की हत्या उसके पति ने ही की है। मृतक महिला मायके में रहती थी। सुलेखा की शादी गौरीखाड़ रिचूघुटा के सत्येंद्र उरांव से हुई थी। हालांकि वह अपने मायके भगन टोला में ही रहती थी। महिला किसी को खाना खिलाने गई थी। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं। दीपक उरांव 7 वर्षीय पुत्र और 5 वर्षीय पुत्री शीतल कुमारी है। सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह पारिवारिक विवाद का मामला लग रहा है। पुलिस को पति द्वारा हत्या किए जाने की आशंका है। मामले के जांच में पुलिस जुटी हुई है जल्द ही गुथी सुलझा ली जाएगी।

## वाहन दुर्घटनाग्रस्त दूल्हा दुल्हन समेत चार घायल





**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर कारीमाटी ग्राम के समीप मंगलवार को एक बाराती वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे वाहन सवार दूल्हा-दुल्हन समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो.सलमान, जबैरा अंसारी, ताहिर अंसारी, मो. दिलशाद सभी रांची निवासी शादी समारोह से पांकी से वापस रांची लौट रहे थे। इसी दौरान कारीमाटी ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर बाराती वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे सभी लोग घायल हो गए घटना के बाद हेरहंज पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## जिला समाज कल्याण एवं जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया

➲ नशा मुक्ति अभियान का मुख्य उदेश्य आम जनों के बीच नशा उन्मूलन हेतु जनजागरूकता तथा समूल समाप्ति का संकल्प लेना है।



नशा मुक्ति अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मंगलवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला समाज कल्याण एवं जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वाधान में पंडित दिन दयाल उपाध्याय, नगर भवन लातेहार में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य आम जनों के बीच नशा उन्मूलन हेतु जनजागरूकता तथा सभी के प्रयास से इसका समूल समाप्ति का संकल्प लेना है। जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं तथा उपस्थित सेविकाओ आदि ने नशा उन्मूलन तथा इसके दूसप्रभाव के बारे में अपने अपने विचार भी साझा किये। नशा मुक्ति से सम्बंधित किसी भी प्रकार के सुझाव अथवा परामर्श हेतु हेल्पलाइन नंबर 14416 तथा रिनपास, रांची के हेल्पलाइन नंबर 14499 पर संपर्क किया जा सकता है। जेएसएलपीएस द्वारा सभी प्रखंडो में लिंग भेद समाप्त करने के लिए व्यापक रूप से एक अभियान चलाया गया है, ताकि समाज में हो रहे लिंग भेद, भ्रूण हत्या बंद हो एवं भेदभाव पूर्ण विचारधारा अमल कर गर्भ में पल रहे बच्चे को बचाया जा सके। जिला समाज कल्याण द्वारा सखी-वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से जिला अंतर्गत किसी भी की हिंसा से पीड़ित महिला तथा किशोरियों को त्वरित मदद मिलता है इसके लिए वैसी पीड़िता को महिला हेल्पलाइन नंबर 181 में फोन कर जानकारी उपलब्ध करानी होती है। मौके पर अलका हेमब्रम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, लातेहार, संतोष कुमार, डीपीएम-जे एस एल पी एस, सभी महिला पर्यवेक्षिकाये, स्वयं सहायता समूह की महिलाये, आंगनवाड़ी सेविका तथा सहायिका एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जन शिकायत निवारण में डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्या निदान को लेकर दिये कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जन शिकायत का सुनवाई करते उपायुक्त।

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। मनिका प्रखंड के ग्राम पंचायत रांकिकला क्षेत्र निवासी अजमेरी बीवी ने डीलर द्वारा चार महीने से राशन नहीं देने के संबंध में उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। इस पर उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अग्रतर कार्रवाई के लिए प्रेषित किया। आज के जन शिकायत निवारण में कुल 09 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रोजगार, पीएम कुसुम योजना के सोलर को तोड़ फोड़ करने के संबंध में , आंगनबाड़ी केंद्र में गलत तरीके से चयन से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## जन वितरण प्रणाली दुकानदारो की बैठक सम्पन्न



**चंदवा।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पीडीएस दुकानदारो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार ने की। बैठक में एमओ श्री कुमार ने मई माह में किये गए सभी मद के खाद्यान वितरण की जानकारी लेते हुए कम प्रतिशत वाले दुकानदारो को फटकार लगाई। कहा कि उठाव व वितरण में कोताही न बरतें अन्यथा कारवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि एनएफएसए मद के जून व जुलाई माह का खाद्यान 15 जून तक तथा अगस्त का खाद्यान 16 जून से 30 जून तक शत-प्रतिशत वितरण करने का निर्देश प्राप्त है। इसलिए सभी विक्रेता हर हाल में समयानुसार वितरण कार्य पूर्ण करे। किसी भी लाभुक के द्वारा किसी तरह के शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावे ग्रीन कार्ड, चना दाल एवं नमक का वितरण भी शतप्रतिशत करने का निर्देश दिया। उन्होने 30 जून तक सभी बचे हुए लाभुकों का ई केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर ऑपरेटर आशीष कुमार, मुकेश कुमार, संजय यादव, रामकृष्ण मिश्र, रमेश गुप्ता, विनय कुमार, आशीष सिंह, संतोष प्रसाद, दामोदर उपाध्याय, कलावती देवी, सबिला खातून, कौशल्या देवी, गणेश बरई, गोविंद भोगता समेत सभी पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

## फैलेरिया जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। 24 मई से 4 जून से चल रहे फाइलेरिया जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत चतरो गांव मे सोमवार रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जमीरा पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, एमटीएस कृष्णकांत बहुउद्देशीय कार्यकर्ता विकास रंजन अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिसके बाद रात्रि 8 से 12 तक चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम की देखरेख में 20 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 155 लोगों का रक्त पट संग्रह किया गया। एमटीएम कृष्णकांत से बताया कि रात्रि में रक्त पट संग्रह का मुख्य कारण है कि फाइलेरिया के परजीवी, जिन्हें माइक्रोफाइलेरिया कहा जाता है, रात में रक्त में अधिक सक्रिय होते हैं. इस कारण, रात्रि में रक्त नमूने लेने से माइक्रोफाइलेरिया के संचरण का पता लगाने में मदद मिलती है। आगे कहा कि यदि सही समय पर माइक्रोफाइलेरिया का पता लगाया जाता है, तो उचित उपचार किया जा सकता है, जिससे फाइलेरिया रोग को रोका जा सकता है या उसके लक्षणों को कम किया जा सकता है। वहीं मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि क्षेत्र में फाइलेरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है, ऐसे में इसके रोकथाम को लेकर अभी से सजग होने की जरूरत है। मुखिया ने ग्रामीण से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर सहभागी बनने की अपील भी की। मौके पर बहुउद्देशीय कार्यकर्ता सीताराम कुमार, संजय कुमार विश्वकर्मा, अमर प्रसाद, चंद्र मोहन प्रसाद, मनोज कुमार सिंह, चालक बादशाह खान, सहिया साथी दशमी देवी व अन्य लोग मौजूद थे।

## चंदवा : बैलगाड़ा में जल्द होगा पीसीसी पथ निर्माण



सड़क निर्माण के लिए मापी करते हुए।

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी के सार्थक प्रयास से जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत बैलगडा गांव स्थित राम प्रकाश गोप के घर से लेकर अशोक गोप के घर तक जल्द ही पीसीसी पथ निर्माण होगा। जिप प्रतिनिधि रोहित यादव ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिप सदस्य को ग्रामीणों ने उक्त सड़क की समस्या से अवगत कराया कराया था। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में सड़क नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतें हो रही है। बरसात के दिनों में स्थिति बद से भी बदतर हो जाती है। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद जिस सदस्य प्रतिमा देवी ने उक्त सड़क की समस्या से जिला प्रशासन को अवगत कराया था, जिसके बाद सोमवार को पीसीसी पथ निर्माण को लेकर मापी की गई। उम्मीद है कि जल्द ही पीसीसी पथ का निर्माण होगा। मौके पर रोहित यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## ट्रैक के बीच खराब हुआ कंटेनर, लोग रहे परेशान



**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी रेलवे समपार फाटक पर मंगलवार की शाम लगभग 4 :40 बजे बालूमाथ की ओर से चंदवा की ओर आ रही कंटेनर वाहन के पहिए में आए तकनीकी खराबी के कारण कंटेनर फाटक पर रेलवे ट्रैक के बीचोबीच खराब हो गया। जिसके कारण सड़क के दोनों किनारों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बताया जाता है कि कंटेनर रेलवे ट्रैक पार कर रही थी उसी समय उसका अगला चक्का रेलवे ट्रैक के नीचे चला गया जिस कारण टैंकर फैंस गई। जिसके बाद रेल परिचालन के साथ एनएच 22 पर वाहनों के परिचालन पर ब्रेक लग गया। सूचना के तत्काल बाद रेलवे की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसे 16 .55 कंटेनर को ट्रैक से हटाया। जिसके बाद परिचालन शुरू हुआ। परिचालन शुरू होने के बाद जाम को सामान्य होने में लगभग आधे घंटे का समय लग गया। जिसके कारण आम नागरिकों को एवं यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि यहां पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है, हालांकि ट्रैक पर वाहन फंसने की घटना यदा कदा ही होती है।

## ब्राइट फ्यूचर पिपराही व लोहरदगा ने तीसरे चक्र में बनाया स्थान

**चंदवा।** स्थानीय खेल स्टेडियम में चल रहे स्व. प्रभाकर मिश्रा दिवा रात्रि कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार की रात्रि तीन मुकाबले खेले गये। पहले राउंड के आखिरी मैच लोहरदगा बनाम रांची के बीच खेला गया जिसमें लोहरदगा के टीम पांच विकटन से विजय रही। इसके पश्चात टूर्नामेंट में सेकंड राउंड के मुकाबले शुरू हुए सेकंड राउंड के पहले मुकाबले में ब्राइट फ्यूचर पिपराही ने मैक्लुस्कीगंज की टीम को 20 रनों से पराजित किया, जबकि दूसरे मैच में लोहरदगा ने महुआमिलान को 6 विकेट विक्टरशिप प्रोजेक्ट कर तीसरे राउंड में अपना स्थान पक्का किया।

## बालूमाथ थाना परिसर में शांति समिति का बैठक का हुआ आयोजन

# बकरीद पर्व के प्रतिबंधित पशुओ की कुबार्नी पर रोक : एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक कि गई।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने कहा कि सरकार द्वारा निर्देशित प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर रोक है। ऐसा नहीं मानने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । आप सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन तैयार है। वही बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों पर पुलिस की नजर है। सोशल मीडिया पर धर्मविशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से बचे। वही सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि आपलोग मिलजुल कर त्योहार मनाए। ऐसी आप लोगों से अपेक्षा है। वही आयोजित सभा को श्याम सुंदर यादव, शैलेश सिंह, मो. इमरान, गंगेश्वर यादव, प्रेम गुप्ता समेत कई लोगो ने सम्बोधित किया और त्योहार को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की बात कही। मौके पर लोगो ने जानकारी देते हुए कहा कि बकरीद त्योहार के दिन पांकी रोड़ स्तिथ ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज अदा की जाएगी।

वही बकरीद पर्व को लेकर सभी बालूमाथ शहर में नो एंट्री लगाने की मांग किया। मौके पर बालूमाथ थाना एसआई अनुभव सिन्हा,अमित कुमार, गौतम कुमार, रंजन कुमार, मो.शमीम, आर.भी सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप यादव, मो. अख्तर, दिलमनी यादव, मो.नईम, गिरधारी यादव, अरुण गुप्ता, मो. सनाउल्लाह, मो. जियाउल, रौशन यादव, सोनू सिंह, सहेंद्र राम, मो.शाहिद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शांति समिति की बैठक किया गया आयोजित



**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर दिन मंगलवार को थाना परिसर में शांति-समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकरी संदीप कुमार ने किया, जबकि संचालन थाना प्रभारी शशि कुमार ने किया। इस बैठक में थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। साथ ही बकरीद पर्व को लेकर पंचायतवार समीक्षा किया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार ने आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाने का लोगों से अपील किया,उन्होंने प्रशासन द्वारा जारी किये गये।

# बीएसएल को क्षतिग्रस्त आवासों को रिपेयरिंग करना होगा : ढुल्लू महतो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो में बीएसएल के द्वारा 161 ब्लॉक को जिसमें सेक्टर 6 और सेक्टर 12 के क्वार्टर शामिल है उसको क्षतिग्रस्त घोषित किया गया है और सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवास को खाली करने का नोटिस दिया गया है। बीएसएल के इस फरमान के बाद आवास में रहने वाले लोगों में रोष और गुस्सा व्याप्त है उनका कहना है कि बीएसएल ने आज तक क्वार्टर का मरम्मत नहीं करवाया है। बहुत सारे ऐसे क्वार्टर है जो जर्जर नहीं है लेकिन बीएसएल उसको भी क्षतिग्रस्त घोषित कर दिया है। आवास बचाओ संघर्ष समिति ने बीएसएल के इस निर्णय के विरोध में सेक्टर 12 के दुर्गा पूजा मैदान में आक्रोश सभा का आयोजन किया। मुख्य अतिथि भाजपा के धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोग नहीं चाहते थे कि इस क्षेत्र से ढुल्लू महतो सांसद बने-इसी का डर था कि किसी गरीब का आवास खाली नहीं कराया जा सकता है। हम भगवान राम के भक्त हैं और जो राम का भक्त होता है वह जाति- पाति व क्षेत्रवाद का राजनीतिक नहीं करता है समाज और गरीबों के लिए राजनीति करता है। सांसद ने कहा कि इस मामले पर मंत्री स्तर से और सेल चेयरमैन से बात करवाएंगे ताकि किसी भी कीमत पर आवास खाली नहीं होना चाहिए। बीएसएल को हर हाल में रिपेयरिंग करना होगा। ढुल्लू महतो के रहते किसी भी कीमत पर क्वार्टर खाली नहीं हो सकता है। बीएसएल ने नोटिस के माध्यम से कहा है कि बोकारो स्टील सिटी के इन आवासीय ब्लॉकों को नगर प्रशासन विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त घोषित किया गया है। इन ब्लॉकों में रहना सुरक्षित नहीं है। लाइसेंस पर दिए गए आवासों में रहने वाले आवंटियों और गैर-बीएसएल आवंटियों को स्थानांतरित किया जाएगा जिसकी विस्तृत जानकारी आगे दी जाएगी।

# डीआई के मार्गदर्शन में बीएसएल के एसएमएस न्यू ने रचा नया कीर्तिमान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के स्टील मेल्टिंग शॉप-न्यू विभाग ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए लगातार 252 हीट्स का निर्बाध कास्टिंग सीक्वेंस का सफल संचालन कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। यह उपलब्धि पूर्व में बनाए गए 211 हीट्स के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए बीएसएल की तकनीकी दक्षता परिचालन उत्कृष्टता और टीम वर्क का प्रमाण है। इस सीक्वेंस की शुरुआत 26 मई 2025 को हुई थी और इसका समापन 2 जून 2025 को हुआ। इस दौरान फ्लाइंग टंडिश का नौ बार उपयोग करते हुए लगातार आठ दिनों तक कास्टर का निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया गया। कुल 1321 स्लैब्स की कास्टिंग की गई। इस प्रक्रिया में लगभग 30000 टन स्टील का उत्पादन हुआ। इस उल्लेखनीय उपलब्धि को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं ईडी- संकार्य सीआर महापात्रा के मार्गदर्शन में साकार किया गया। इस निर्बाध कास्टिंग सीक्वेंस का नेतृत्व सीजीएम प्रभारी अरविंद कुमार एवं सीजीएम पीवी राव द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसएमएस-न्यू विभाग ने सिंगल टंडिश से रिकॉर्ड 34 हीट्स की कास्टिंग कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया था।

इस अवसर पर बीएसएल प्रबंधन ने एसएमएस-न्यू विभाग की समर्पित टीम एवं सहयोगी विभागों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। यह सेल के विकसित भारत के निर्माण हेतु सतत योगदान का सशक्त उदाहरण है।

## एक नजर में

### एक बच्चे की मां ने कीटनाशक खाकर दी जान

**दुमका।** जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जियाखर गांव में मंगलवार को 23 साल की एक बच्चे की मां चंपा देवी ने कीटनाशक खाकर जान दे दी। नगर थाना की पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार मां पारोती देवी ने बताया कि दस साल पहले बेटी की शादी मसलिया के सागबेरी निवासी अनिल राणा से हुई थी। अनिल बाहर मजदूरी करता था। दो साल से बेटी मायके में रह रही थी। सुबह पता नहीं किस कारण से कीटनाशक खा लिया। आंगन में गिरने के बाद उल्टी करने लगी। हालत अधिक खराब होने पर बेटी को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद नगर थाना के एएसआई दीपक सोरेंग अस्पताल पहुंचे और मां का बयान लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया। दीपक ने बताया कि मां ने तो किसी पर संदेह जताया है और नहीं दामाद पर कोई आरोप लगाया है। डर के कारण पति अस्पताल भी नहीं आया। यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### बोकारो : अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पति की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के बगियारी कब्रिस्तान के समीप मंगलवार को अज्ञात बोलेरो वाहन की चपेट में आने से पति की मौके पर मौत पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। जामकुदर निवासी बिनोद अपनी पत्नी के साथ दोपहर लगभग ढाई बजे खैराचातर बैंक जा रहे थे। इसी दौरान बरियारी कब्रिस्तान के समीप विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो की चपेट में आने से लगभग 50 वर्षीय बिनोद महतो की मौके पर ही मौत हो गयी और 45 वर्षीय पत्नी कुसमी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसका इलाज बीजीएच बोकारो में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि काफी तेज गति से चल रहा बोलेरो वाहन मृतक समेत उनकी बाइक को लगभग तीस मीटर तक घसीटते हुए ले गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों की मांग थी कि हादसे में शामिल वाहन को जल्द से जल्द पकड़ा जाये और आरोपी पर कार्रवाई हो। इसके साथ ही ग्रामीण मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग भी कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को शांत कराया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने पीड़ित परिवार को सरकार के प्रावधान के अनुसार मिलने वाले लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने मृतक का शव उठाने दिया।

### सीडब्ल्यूसी ने पाकुड़ के किशोर को परिजनों को सौंपा

**दुमका।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) दुमका ने पाकुड़ जिले के 14 वर्षीय किशोर के परिवार को खोज निकाला है और चार दिनों के अंदर किशोर को उसके माता-पिता के साथ घर भेज दिया है। समिति के सदस्य डॉ0 राज कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरपीएफ द्वारा रेस्क्यू किये गये एक किशोर को रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के केस वर्कर पवन कुमार मंडल ने 30 मई को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था। समिति ने पाकुड़ जिले के पत्रकार मुकेश कुमार जायसवाल से संपर्क किया तो उन्होंने पत्रकार अंकित कुमार का नंबर उपलब्ध करवाया। समिति कें आग्रह पर पत्रकार अंकित कुमार ने बालक के माता-पिता को ढूंढ निकाला और उनसे बेटे की बात भी करवा दी। समिति के निर्देश पर पाकुड़ डीसीपीओ ने किशोर का सामाजिक जांच प्रतिवेदन समर्पित कर दिया। बालक के माता-पिता, उसकी नानी और मौसी समिति के समक्ष हाजिर हुए। मां ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में उसने बेटे को उसकी नानी के घर शिकारीपाड़ा में पहुंचा दिया था। बात नहीं मानने पर मां ने बेटे की पिटाई कर दी थी जिस कारण किशोर शिकारीपाड़ा से ट्रेन से दुमका रेलवे स्टेशन आ गया। बाद में सूचना मिली कि किशोर दुमका में है तो वह उसे लेने आयी है। समिति ने किशोर को उसकी मां को सौंपते हुए सात दिनों के अंदर पाकुड़ सीडब्ल्यूसी के समक्ष उसे प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया है।

### आरसीएमयू संग कथारा कांग्रेस परिवार ने दिगंबर महतो को बधाई दी



**बेरमो।** लंबे समय तक कांग्रेस तथा इंटक से जुड़कर बेरमो में राजनीति करके एक अपना अलग और पहचान बनाकर मुकाम बनाया। 14 वर्षों तक वनवास में रहकर जब वनवास खत्म हुआ तो पुनः राजेंद्र बाबू के प्रति आस्था रखते हुए अनुप बाबू के नेतृत्व में कार्य करने के लिए संगठन में शामिल होने वाले दिगंबर महतो का स्वागत कथारा कांग्रेस व इंटक परिवार द्वारा किया गया। विधायक प्रतिनिधि व क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा जुझारू एवं अनुभवी साथी मृदभासी दिगंबर महतो का संगठन से दूर होना यूनियन तथा पार्टी के सभी लोगों को काफी खलता था। यूनियन तथा पार्टी के लोग दिगंबर महतो को अपने परिवार का ही सदस्य मानकर चलते थे लेकिन एक ही घर में अलग-अलग कमरे में रहना लोगों को नागवार लगता था। राजनीतिक घटनाक्रम में कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह का संगठन के पुराने साथियों के प्रति लगाव और प्रेम जो साथ में है उनके प्रति भी जो साथ में नहीं है उनके प्रति भी हमेशा एक जैसा है। अनुप बाबू अपने विरोधियों को भी अपना ही मानते हैं वह उनके विषय वस्तु होता है कि उन्हें करना क्या है लेकिन पूरे विधानसभा वासी को अनुप बाबू अपना परिवार और सदस्य मानते हैं इसी कड़ी में आज उनके नेतृत्व और प्रेम के तहत दिगंबर महतो पुनः कांग्रेस में शामिल हुए। जल्द ही समारोह आयोजित कर कथारा में भी सम्मान समारोह किया जाएगा। दिगंबर महतो ने कहा की आजीवन कांग्रेसी बनाकर और कांग्रेसी रहकर अपनी सेवा प्रदान करूंगा। हर संभव अनुप बाबू की ताकत बढ़े वैसा दिनचर्या और कार्य रहेगा। लोगों के स्नेह और प्यार पाकर अभी भूत हूं। हमेशा लोगों के सुख दुख का साथी बना रहूंगा। बधाई देने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह रीजनल कमेटी के संगठन सचिव वेदव्यास चौबे क्षेत्र के सहायक सचिव आशीष चक्रवर्ती शाखा सह सचिव कमलकांत सिंह प्रमोद यादव सहित अन्य शामिल थे।

### मजदूरों के निबंधन को लेकर इंडोर स्टेडियम में लगेगा दो दिवसीय शिविर 16 जून से

**दुमका।** डीसी अभिजीत सिन्हा के निर्देशानुसार इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय शिविर लगा मजदूरों का निबंधन किया जायेगा। शिविर 16 एवं 17 जून को लगेगी। जिसमें जिले के शहरी क्षेत्र के स्वनियोजित कर्मकार जो ढ़ाई एकड़ या उससे कम कृषि योग्य भूमि धारित करते हो या भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधित नहीं होने वाले नियोजन में मजदूरी करता हो के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड असंगठित कर्मकार समाजिक सुरक्षा योजना के तहत श्रमिकों का निबंधन होगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए शहरी क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के श्रमिक निबंधन कराने के लिए कैंप में भाग ले सकते है। धोबी, दर्जी, माली, नाइ, बुनकर, रिक्शा चालक, घेरलु कामगार, कचरा बीनने वाले, खुदरा सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता, फूल विक्रेता, चाय दुकान या ठेला लगाने वाले, चाट ठेला लगाने वाले, फुटपाथ व्यापारी, कुली, रेजा, जनरेटर व लाईट उठाने वाले, केटरिंग में काम करने वाले कुली, फेरी लगाने वाले रेजा, मोटर साइकिल व साइकिल मरम्मत करने वाले, गैरेज मजदूर, परिवहन में लगे मजदूर, ऑटो चालक, टैक्सी चालक, सफाई कामगार, ढोल-बाजा बजाने वाले, टेंट हाउस में काम करने वाले, वनोपज में लगे मजदूर, मछुवारा, तांगा व बैल गाड़ी चलाने वाले,तेल पेरने वाले, अगरबत्ती बनाने वाले, गारीवान, घेरलु उघोग में लगे मजदूर, भारभूजे(मुरा,चना फोरने वाले), पशुपालन, मत्स्य पालन,मुगी,बतख पालन में लगे मजदूर, दुकानों में काम करने वाले मजदूर, मजदूर, लादने एवं उतारने वाले इत्यादि श्रमिक इस योजना का लाभ ले सकते है।

## स्पीड न्यूज

### खमहरा नदी में डूबा पिट्स मॉडर्न स्कूल का छात्र, शव बरामद



बेरमो। मंगलवार को खमरा नदी के देसी पार्क में एक दर्दनाक हादसे में पिट्स मॉडर्न स्कूल, गोमिया के कक्षा 10वीं के छात्र की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नरकी खरकिटो गांव निवासी 15 वर्षीय रॉबिंसन यादव के रूप में हुई है, जो दो भाइयों में सबसे बड़ा था। वह अपनी मां के साथ गोमिया में रहकर पढ़ाई करता था, जबकि उसके पिता मुंबई में टैक्सी चलाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रॉबिंसन दोस्तों के साथ नदी नहाने के दौरान बॉल खेल रहा था। गेंद पानी में चली गई और उसे निकालने के दौरान संभवतः उसका पैर फिसल गया। वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रफुल कुमार महतो,एएसआई अभिषेक किशोर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। और खोज बिन के बाद बच्चे का शव बरामद किया गया। रॉबिंसन को तुरंत तेनुघाट अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही, गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, अंचल अधिकारी आफताब आलम समेत कई लोग मौके पर पहुंचे। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को गोमिया अस्पताल ले आई जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

### चिन्मय विद्यालय के 16 विद्यार्थी जेईई एडवांस्ड 2025 में सफल



बोकारो। आईआईटी जेईई एडवांस्ड 2025 में चिन्मय विद्यालय बोकारो के 16 छात्र-छात्राओं ने सफल होकर देश के प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई संस्थानों में उच्चतर अध्ययन के लिए अपनी जगह पक्की की है। विद्यालय के छात्र निलेश को सामान्य कैटेगरी में 4651 रैंक मिली तो मयंक को एससी रैंक में 210वीं रैंक मिली। इनके अलावा मयंक कुमार अतिन गौरव अश्विन कुमार रोहित राय प्राकृत प्रसून नारायण राय प्रियांशु राज आलोक राज सत्यम सोनी अभय मल्लिक रिशु राज पुष्कर सिन्हा निलेश कुमार मयूरेश आदि ने सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक प्राचार्य सूरज शर्मा उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार एवं हेडमास्टर गोपाल चन्द मुंशी सहित वरीय शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों ने प्रतिभा एवं क्षमता को साबित किया है।

### जेईई एडवांस्ड में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

बोकारो। डीपीएस बोकारो के 30 से अधिक विद्यार्थियों विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड- 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी कामयाबी का परचम लहराया। विद्यालय के छात्र आरुष बनर्जी ने कॉमन रैंक लिस्ट में अखिल भारतीय स्तर पर 2020वीं रैंक लाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दूसरे स्थान पर कैटेगरी रैंक 2393 लाने वाले मृत्युंजय कुमार और तीसरे पायदान पर सामान्य श्रेणी में एआईआर 2768 हासिल करने वाले प्रिंस कुमार पांडेय रहे। कैटेगरी रैंक 3679 के साथ रितेश महतो चौथे स्थान पर रहे।

# गोड्डा : पोरैयाहाट प्रखंड के पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या

**महेंद्र टुडू अपने कार्य को लेकर टीला टाड़ गए थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने पूर्व मुखिया पर गोली चला दी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पोढ़ैयाहाट जानकारी के मुताबिक अज्ञात अपराधियों ने देर शाम महेन्द्र टुडू को गोली मारी। इसके बाद उसे गंभीर हालात स्थानीय अस्पताल मे इलाज के बाद देवघर और फिर उसे दुगार्पुर रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गयी। मामला पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के तीला टाड़ गांव के पास का है जहां महेंद्र टुडू अपने घर के पास था। मृतक पूर्व मे दिए बयान के अनुसार चार की संख्या मे अपराधी आये थे संभवतः लूट पाट की मनसा थी। घटना उस वक्त घटी जब पोड़ैयाहाट प्रखण्ड छेत्र के ठाकुर नाहन पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र टुडू अपने कार्य को लेकर टीला टाड़ गए थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने पूर्व मुखिया पर गोली चला दी, वही गोली लगने से पुर्व मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गए, वही गोली मारकर हवा में फायर करते हुए अपराधी फरार हो गए। वही घटना के बाद पुलिस प्रशासन को सुचना मिलने गोड्डा रऊढड अशोक प्रियदर्शी व पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी दल-बल के साथ पहुंच कर मामले की तफ्तीश कर रहीं है। इधर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने घटना की पुष्टि करते हुए मामले की छान बिन शुरू कर दी है। पुलिस सभी बिन्दुओ पर काम कर रहीं है। जहां एक ओर इसे लूट पाट के उद्देश्य से घटना की आशंका कही जा रहीं।

वही मृतक व उसकी पत्नी दोनों पूर्व मुखिया रह चूकि है ऐसे मे राजनितिक रंजिश जैसे बिंदुओ पर भी पुलिस तहकीकात कर रहीं है। इधर इस पूरे मसले पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि ये दुःखद है और पुलिस अपराधियों के विरुद्ध त्वरित करवाई कर उसे सजा दे।

# गोड्डा के शहरी क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या, चलाया गया सफाई अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले के शहरी क्षेत्रों में आगामी मानसून में जल जमाव की समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद के द्वारा विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके तहत शहर के मुख्य मार्ग, मुख्य नालियों तथा विभिन्न वार्डों के नालियों की सफाई की गई। इस समस्या से निपटने के लिए नगर प्रशासक, गोड्डा आशीष कुमार के द्वारा बैठक कर नगर परिषद कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें शहर के विभिन्न जगहों को चिन्हित किया गया जहां पर जल जमाव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है। बैठक में नालियों तथा सड़क की सफाई के लिए सफाई मित्र का टीम बनाया गया, और कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने एवं अवलोकन करने के लिए नगर परिषद के सहायक अभियंता, सीटी मैनेजर, जेई, और वार्ड जमादार को जिम्मेदारी दी गई। सफाई अभियान रौतारा चौक से बढौना काली मंदिर वार्ड नंबर -1 के मार्ग के किनारे की बड़ी नाली, हटिया चौक से रौतारा चौक मुख्य मार्ग किनारे की बड़ी नाली तथा वार्ड नंबर-10 में बड़ी नाली की साफ-सफाई की गई, नाली में जमे मिट्टी और कचरे को बाहर निकाला गया जिससे कि पानी के बहाव में रुकावट ना पैदा हो साथ ही शहर में मुख्यमार्ग में कूड़े कचरे की सफाई की जा रही है ताकि कचरे से नाली जाम ना हो। मौके पर नगर प्रशासक, गोड्डा सीटी मैनेजर, सहायक अभियंता, जेई और वार्ड जमादार कार्य स्थल पर मौजूद रहे।

# बालगृह से भागी किशोरी वापस लौटी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** रामगढ़ पुलिस को 27 मई को गोड्डा जिले के सुन्दरपहाड़ी थाना क्षेत्र में रहनेवाली 16 वर्ष 5 माह की एक किशोरी मिली थी जिसे 28 मई को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। किशोरी ने समिति को बताया था कि वह एक लड़के के साथ तीन सालों से लिव इन रिलेशन में रह रही है। उसने मैट्रिक की परीक्षा दी है और प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हो गयी है। वह लड़के के साथ शादी करना चाहती है पर वह अब इससे इनकार कर रहा है। इस मामले की शिकायत करने सुन्दरपहाड़ी थाना गयी तो लड़के के रामगढ़ थाना क्षेत्र का निवासी होने के आधार पर उसे रामगढ़ थाना भेज दिया गया। न तो सुन्दरपहाड़ी थाना में उसका केस दर्ज हुआ और न रामगढ़ थाना में। समिति ने मिसिंग के अलावा सेक्सुअल एसल्ट की श्रेणी में सीएनसीपी घोषित करते हुए किशोरी को धधकिया स्थित बालगृह में आवासित कर दिया। रामगढ़ थाना प्रभारी ने समिति को बताया कि पीड़िता का बयान दर्ज कर पोक्सो एक्ट के तहत जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। पर इसी बीच 31 मई को सुबह 11 बजे किशोरी बालगृह से भाग गयी जिसकी सूचना बालगृह की अधीक्षक के द्वारा मुफस्सिल थाना प्रभारी को दी गयी। सोमवार को किशोरी मिल गयी जिसे मुफस्सिल थाना पुलिस ने समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। सदस्य डॉ राज कुमार उपाध्याय ने बताया कि कोई भी चाइल्ड या जुवेनाइल बालगृह या संप्रेक्षण गृह से भाग जाता है तो इसे अपराध नहीं माना गया है समिति ने किशोरी का काउनसेंलिंग करवाने का निदेश दिया है।

# दुमका : आजादी के 80 दशक बाद भी आदिवासी गांव पक्की सड़क से है मरहूम, ग्रामीणों में नाराजगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** आजादी के 78 वर्ष और राज्य गठन के 25 वर्ष होने के बाद भी जामा प्रखंड के आदिवासी गांव पलासबनी का भालुकसुगिया टोला पक्की सड़क मार्ग से नही जुड़ सकी है। इस टोला में करीब 15 घर है। पलासबनी गांव के ही बांध टोला में पक्की सड़क पहुंची है। जो भालुकसुगिया टोला से करीब एक किलोमीटर दुरी पर स्थित है। पक्की सड़क नही होने के कारण ग्रामीणों को बहुत कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी हो या बरसात, एम्बुलेंस टोला तक नहीं पहुच पाती है। जिस कारण रोगी, गर्भवती को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। करीब एक किलोमीटर पैदल चलने के बाद ही एम्बुलेंस का सेवा उपलब्ध होती है। शादी-विवाह या किसी अन्य बड़ा कार्यक्रम का आयोजन होने पर छोटा चार चक्का और बड़ी गाड़ी को एक किलोमीटर दूर में रख कर पैदल जाना पड़ता है। बारिश के मौसम में साइकिल, मोटरसाईकिल का चलना भी मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बारिश में चप्पल पहनकर पैदल चला ही नही जा सकता है। भालुकसुगिया टोला सड़क मार्ग से नही जुड़ा होने के कारण बच्चों के शिक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बच्चों को आंगनबाड़ी और स्कूल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 20 वर्ष पूर्व मिट्टी मोहरम किया गया था और पुल पुलिया बनाया गया था। उसके बाद सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों ने कोई सुध नही ली। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जब भी चुनाव आता है तो सभी उम्मीदवार यह आश्वासन देते है कि चुनाव बाद पक्की सड़क बना दिया जायेगा। लेकिन इतने वर्षो से उम्मीदवारो के जितने के बाद भी पक्की सड़क नही बनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधि और प्रशासन से सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नही मिल रहा है। इस मौके में सचिन किस्कू, मोलिन मुर्मू, मिसिल टुडू, राम दास टुडू, रसिक सोरेन, प्रबोध सोरेन, कोलोम मुर्मू, सुनील टुडू, बहामुनी हेम्ब्रम, सावंती टुडू, सुनीता सोरेन, सुमित्रा हांसदा, क्यारी मुर्मू, आरोती, सरिता सोरेन, मर्शिला टुडू आदि उपस्थित थे।

# बेरमो : दामोदर नदी के सरहचिया बालू घाट पर बालू माफियाओं का कब्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** उपर की तस्वीर यह बताने के लिए काफी है कि यहां बालू की चोरी नही बल्कि लूट मची हुई है। दुसरे शब्दों में कहें तो दामोदर नदी का पुरा अस्तित्व ही मिटाने पर तुली है क्षेत्र की बालू माफिया मगर विडम्बना देखिए कि इसे देखने वाला कोई नहीं है।

उपरोक्त नजारा दामोदर नदी के सरहचिया बालू घाट की बताई जाती है जहां सर हर सुबह नियमित सैकड़ों ट्रेक्टर अवैध रूप से बालू का उठाव कर बीना रोकटोक आसानी से विभिन्न क्षेत्रों के लिए निकल जाते हैं। बालू उठाव के कारण दामोदर नदी मे अनेको जानलेवा गड्ढे बन गए हैं जिस कारण पूर्व में अनेको हादसे हुए और कईयों की जान तक चली गई इतना ही नहीं इसी तरह अवैध बालू उठाव को बढ़ावा मिलने के कारण आज खेतको का एकलौता पुल की पिलरों मे दरारें पड़ चुकी है।

अब सवाल उठता है कि ये बालू माफिया कौन है और कहां से आते हैं तो बताया जाता है कि ये सभी बालू माफिया स्थानीय लोग है जो ट्रेक्टर खरीद कर इस अवैध कार्य से जुड़े हैं। मिली जानकारी के अनुसार लोग ट्रेकटरो के माध्यम से दिन भर में सैकड़ों रुपया कमा रहे हैं। इसमे सबसे अच्छी बात यह है कि इनके विरुद्ध अमूमन कोई कार्रवाई होती ही नही हैं और यदा-कदा कभी कारवाई होती भी है तो ये लोग आसानी से छुट जाते हैं और फिर से उसी कार्य में लग जाते हैं। अब यह तो कहना मुश्किल है कि सरकार को इसमे कितने की राजस्व का नुकसान होता है मगर बालू माफिया जरुर मालामाल हो रहे हैं।

# गोमिया मे अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ प्रशासन का चला बुलडोजर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया एवं बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र से सटे स्वांग उत्तरी पंचायत के करमटीया में चल रहे अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ सीसीएल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी गोमिया के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी किया गया जहां बंद कोलियरी से ग्रामीणों द्वारा रेटहोल बनाकर अवैध रूप से कोयला उत्खनन किया जाता था प्रशासन ने उस रेटहोल को जेसीबी मशीन की मदद से बंद कर दिया है वही बोरा भरकर रखा गया करीब दो टन कोयला भी जब्त किया गया। इस संबंध में गोमिया थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि अवैध कोयला संचालन से सरकारी राजस्व का नुकसान होता है इस कार्रवाई से अवैध कोयला उत्खनन पर रोक लगाने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# कराची में मलीर जेल से 213 कैदी फरार

## भूकंप से कमजोर दीवार तोड़कर हथियार लेकर भागे, अब तक 78 गिरफ्तार

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आधीरात के आसपास आए भूकंप के दौरान मची अफरातफरी के बीच सिंध प्रांत की राजधानी कराची के मलीर जिला जेल से 213 कैदी भाग गए। हालांकि, बाद में 78 कैदियों को पकड़ लेने का दावा किया गया है, लेकिन सिंध सरकार ने जेल ब्रेक की जांच के लिए समिति गठित करने का फैसला लिया है। सिंध के जेलमंत्री अली हसन ने आईजी जेल और डीआईजी जेल से रिपोर्ट मांगी है। कराची में पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है और पूरे शहर में गश्त बढ़ा दी गई है। सिंध के पुलिस महानिदेशक गुलाम नबी मेमन ने बताया कि सोमवार देर रात मलीर

**▸ सुरक्षा कर्मचारियों की गोलीबारी में एक की मौत**

जेल से 213 कैदी भाग गए। उनमें से 78 को पकड़ लिया गया है। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण जेल प्रशासन ने 2,000 कैदियों को गिनती के लिए बैरकों से बाहर निकाला। इस दौरान सुरक्षा कर्मचारियों के हथियार छीनकर कैदी भागने लगे। जेल में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों की गोलीबारी में एक कैदी की मौत हो गई है। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने कहा कि कैदियों को खुले मैदान में इकट्ठा होने देने का फैसला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जवाबदेही तय करने के लिए जांच



समिति गठित करने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री शाह ने माना कि कैदियों ने पुलिसकर्मियों से हथियार छीन लिए और गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के दौरान एक कैदी की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। गोलीबारी में तीन सुरक्षा कर्मी भी घायल हो गए। विभिन्न क्षेत्रों से करीब 78 कैदियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने नौ संदिग्धों को भी हिरासत में लिया। सिंध के जेलमंत्री अली हसन ने कहा कि आईजी जेल और डीआईजी जेल से रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि इलाके की घेराबंदी की जाए। भागे हुए सभी कैदियों को हर हाल में पकड़ा जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की पहचान की जाए। उधर, सिंध के गृहमंत्री जियाउल हसन लंजर ने जिला मलीर का दौरा किया है। कराची जेल के डीआईजी मोहम्मद हसन ने कहा कि भूकंप के दौरान बड़ी संख्या में कैदी बैरक से बाहर आ गए। कैदियों ने जेल का गेट तोड़ दिया और भाग गए। डीआईजी जेल ने कहा कि जेल में बंद कैदियों की गिनती की जाएगी। उसके बाद पता चलेगा कि कितने कैदी भागे हैं।

## पाक के बलूचिस्तान में दो थानों पर हमला, सात बलूच लड़ाके मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दो प्रांतों में पिछले 24 घंटे के दौरान दो पुलिस थानों पर हमला हुआ। इस हमले से इतर मुठभेड़ में सात बलूच लड़ाके मारे गए। बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहे हैं। वहां लंबे समय से आजादी के लिए लोग संघर्ष कर रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिला और बन्नू जिले में दो पुलिस स्टेशनों पर आतंकवादियों के हमले को विफल कर दिया गया। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने कहा कि लोई मामुंड (बाजौर जिला) और मिरयान (बन्नू) में पुलिस स्टेशनों पर देररात आतंकवादियों ने हमला किया। पुलिस ने हमलावरों का सामना किया और उन्हें खदेड़ दिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार कराची में पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है और पूरे शहर में गश्त बढ़ा दी गई है। सिंध रेंजर्स के डीजी मेजर जनरल मोहम्मद शमरेज मलीर जेल पहुंचे। इससे पहले बताया गया था कि जेल के पास भीषण गोलीबारी हुई। मलीर एसएसपी के अनुसार जेल की एक दीवार ढह गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर यातायात बंद कर दिया गया है। भूकंप के बाद जेल की दीवार में दरारें आ गईं। कुछ देर बाद दीवारें गिर गईं।

## स्पीड न्यूज

### तुर्किये और ग्रीस में भूकंप से दहशत

**अंकारा।** तुर्किये और ग्रीस में मंगलवार रात आए शक्तिशाली भूकंप से घबराए लोग जान बचाने के लिए घरों की बालकनी और खिड़कियों से कूद गए और 70 से अधिक लोग घायल हो गये। तुर्किये के आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी ने कहा कि सोमवार आधीरात बाद 2:17 बजे भूकंप के शक्तिशाली झटके तुर्किये के तटीय शहर के लोगों ने महसूस किए। वहीं ग्रीस में भूकंप सबसे ज्यादा असर ग्रीक द्वीप रोड्स पर दिखा। सैकड़ों लोगों ने अपने घरों को खाली कर दिया। रोड्स में भूकंप का झटका लगते ही सो रहे लोग बिस्तरों से उछल पड़े।

### आतंकी संबंधों के आरोप में तीन कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने मंगलवार को आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन से कथित संबंधों के चलते तीन सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। इनमें एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और एक मेडिकल कॉलेज का जूनियर सहायक शामिल हैं। बर्खास्तगी की कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई, जो ह्राष्ट्रीय सुरक्षा के हित मेंह्न बिना किसी विभागीय जांच के सेवा से हटाने की अनुमति देता है। तीनों आरोपी इस समय जेल में बंद हैं।

### संभल : बकरीद के दौरान खुले में कुर्बानी पर रोक

**संभल (उप्र)।** संभल के डीएम राजेंद्र पेंसिया ने मंगलवार को कहा कि बकरीद के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं की कुर्बानी देने की अनुमति नहीं दी जाएगी और लोक व्यवस्था को बाधित करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेंसिया ने कहा कि त्योहार से पहले शांति समिति की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें उन क्षेत्रों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए जहां ईद की नमाज होगी। उन्होंने कहा कि कुर्बानी केवल 19 पूर्व-चिह्नित स्थलों पर ही दी जाएगी। जानवरों की कुर्बानी के लिए किसी भी सार्वजनिक या खुले स्थान का उपयोग नहीं होगा।

### रूस ने यूक्रेन को सौंपा युद्धविराम का ज्ञापन

**कीव/मॉस्को।** इस्तांबुल में हुई दूसरे दौर की शांति वार्ता के बाद रूस ने यूक्रेन को एक विस्तृत युद्धविराम का ज्ञापन सौंपा है, जिसमें शांति के बदले कई गंभीर और एकतरफा शर्तें रखी गई हैं। इस ज्ञापन के सामने आने से दोनों देशों के बीच संभावित कूटनीतिक वार्ता की दिशा और भी जटिल होती दिख रही है। ज्ञापन दो भागों में विभाजित है। पहला भाग, जिसे अंतिम समाधान के मुख्य मानक कहा गया है, में रूस ने यूक्रेन से मांग की है कि वह लुहान्स्क, दोनेत्स्क, जापोरीझिया और खेरसोन जैसे उन चार क्षेत्रों को रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता दे।

### पीएनबी ने एजुकेशन ऋण पर ब्याज घटाया

**नयी दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने विद्यालक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दरों में 20 आधार अंकों की कटौती की है। बैंक ने मंगलवार को बताया कि विद्यालक्ष्मी योजना छात्रों को गुणवत्ता-संचालित उच्च शिक्षा के लिए व्यापक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

### भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत

**ओस्लो।** केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल की मौजूदगी में मंगलवार को कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कंपनी कॉन्सबर्ग के बीच समझौता किया जिससे भारत को पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत स्वदेश में बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सोनोवाल ने कहा कि यह समझौता प्रगति की एक किरण है, जो भारत की वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एक पोत नहीं बना रहे, एक विरासत बना रहे हैं।

# पूर्वोत्तर में बाढ़ से हाहाकार

## अब तक 36 की मौत, 5.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित

एजेंसी

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर भारत में लगातार हो रही भारी बारिश और नदियों के उफान से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, सिक्किम, मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा में बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 36 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 5.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बारिश के चलते सड़क, रेल और नौका सेवाएं बाधित हो गई हैं। क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है और हजारों लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। राहत और बचाव कार्य एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना की मदद से तेजी से जारी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। आधिकारिक

- ▸ असम में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं 15 नदियां
- ▸ भारी बारिश से सड़क, रेल और नौका सेवाएं बाधित
- ▸ मणिपुर में नदी तटबंधों के टूटने से 19,800 से अधिक लोग हुये प्रभावित, 103 बस्तियां हुयीं जलमग्न
- ▸ अरुणाचल के 23 जिलों और 156 गांवों में भूस्खलन से तबाही, अब तक 10 की मौत



बुलेटिन के अनुसार, राज्य की 15 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सबसे अधिक प्रभावित जिलों में से लखीमपुर और कछार का दौरा किया और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मणिपुर में भारी बारिश के कारण नदी तटबंधों के टूटने से 19,800 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। 3,365 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है और 103 बस्तियां जलमग्न हैं। राज्य प्रशासन ने 31 राहत शिविर बनाए हैं, जिनमें से अधिकतर इम्फाल ईस्ट में हैं। अरुणाचल प्रदेश के 23 जिलों और 156 गांवों में बाढ़ और भूस्खलन से तबाही मची है। अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। कई स्थानों पर सड़कें धंसने से संपर्क टूट गया है। नगालैंड में भी लगातार बारिश के चलते कई स्थानों पर भूस्खलन की सूचनाएं मिली हैं। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना सामने नहीं है। कई क्षेत्रों में घरों और सड़कों को नुकसान होने की सूचना है।

## अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस में 20 % आरक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को राज्य पुलिस बल में कांस्टेबल, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन सहित कई पदों पर सीधी भर्ती में अग्निवीरों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। वित्त मंत्री खन्ना ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले पूर्व अग्निवीरों को सार्थक सेवा के बाद अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। आरक्षण सभी श्रेणियों झ सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा; अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर।

## नेपाल के पूर्व युवराज्ञी शाह सड़कों पर उतरीं

### राजशाही समर्थकों को बढ़ाया हौसला

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की वापसी को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे अपने समर्थकों का हौसला बढ़ाने के लिए पूर्व युवराज्ञी हिमानी शाह भी सड़क पर आईं। अपने बेटे के साथ सड़क पर समर्थकों के बीच पहुंची हिमानी को देखकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। राजदरबार हत्याकांड की 24वीं बरसी पर दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम आयोजन किया गया था। पहले यह आयोजन राजदरबार के भीतर ही करना था लेकिन सरकार ने राजपरिवार के सदस्यों को उसी राजदरबार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी जिस राजदरबार में रह कर शाह परिवार ने 240 वर्षों तक शासन चलाया था। सड़क पर अपने समर्थकों के बीच गणेश मंदिर से एक बार फिर



से राजशाही की वापसी के लिए संघर्ष का श्रीगणेश माना जा सकता है। वे इसी समर्थकों के बीच शालीनतापूर्वक मुस्कुराते हुए सबका अभिवादन स्वीकार करती नजर आईं।

# बिहार में 4863 पदों पर जल्द शुरू होगी बहाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** शिक्षा विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग के साथ दूसरे सात विभागों के लिए सरकार ने करीब पांच हजार नए पद सृजन का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। महत्वपूर्ण यह है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने राज्य के सभी 38 जिले में संरक्षण पदाधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के बेहतर कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए समाज कल्याण विभाग के अधीन महिला एवं बाल विकास निगम के अधीन निगम मुख्यालय, जिला अनुमंडल स्तर पर 362 यानी कुल 390 संरक्षण पदाधिकारी नियुक्त होंगे। जिनका काम महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षित रखना होगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। आज की बैठक में कुल 47 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। बैठक में

**कैबिनेट का फैसला**

- ▸ सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के 935, शिक्षा विकास पदाधिकारी 568 व 1503 नये पद हुये सृजित
- ▸ घरेलू हिंसा से सुरक्षा के लिए पदाधिकारी नियुक्त, पुलों के रखरखाव के लिए नयी नीति
- ▸ औरंगाबाद में 196 किमी सीवरेज नेटवर्क बनेगा।

बिहार राज्य पुल प्रबंधन एवं मेंटेनेंस नीति 2025 को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि बैठक में जिन 4863 पद सृजन का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है उनमें अकेले बिहार शिक्षा प्रशासन संवर्ग नियमावली-2025 के तहत सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के 935 पद एवं शिक्षा विकास पदाधिकारी 568 पद कुल 1503 नए पद सृजित किए गए हैं। शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम में विभिन्न कोटि के 818 पदों तथा बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् में 63 पद सृजित किए गए हैं। नीतीश सरकार के कार्यकाल में पथ निर्माण विभाग ने 3968 बड़े और छोटे पुलों का निर्माण किया है। इन पुलों के प्रबंधन और इनके नियमित रखरखाव के लिए सरकार ने बिहार राज्य पुल प्रबंधन एवं मेंटेनेंस नीति 2025 तैयार की है। इस नीति को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने अमृत योजना- 2 के तहत छह शहरों में जलापूर्ति और सीवरेज के कार्य कराने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। योजना के अंतर्गत सासाराम में जलापूर्ति योजना के लिए 76.44 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। आरा शहर में जलापूर्ति के लिए 138.26 करोड़, सिवान में जलापूर्ति के लिए 113.28 करोड़ स्वीकृत किए हैं। औरंगाबाद में 196 किमी सीवरेज नेटवर्क बनेगा। जिसके लिए 497 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। राशि से आठ पंपिंग स्टेशन बनेंगे और 30 वार्डों के 24 हजार घरों को इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आज

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रियों की परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे जो कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की दंडात्मक सैन्य कार्रवाई के बाद पहली बैठक है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। सूत्रों के अनुसार, मंत्री परिषद की बैठक के दौरान इस ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के अलावा प्रधानमंत्री परिषद की बैठक में अपने शासन की प्रमुख विशेषताओं पर भी प्रकाश डाल सकते हैं क्योंकि मंत्री वर्षगांठ के कार्यक्रमों के दौरान देशभर में लोगों के साथ संवाद करने की तैयारी कर रहे हैं। भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओजेके में नौ आतंकी स्थलों पर किए गए सटीक हमले और इसके बाद पड़ोसी देश के सैन्य ठिकानों विशेष रूप से एअरबेस पर की गई जवाबी कार्रवाई मोदी के हालिया भाषणों का एक प्रमुख विषय रही है। ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई से दुनिया को अवगत कराने गए सांसदों और राजनयिकों के प्रतिनिधिमंडल की वापसी बुधवार सुबह से शुरू हो जाएगी।

# भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील जल्द

### मेरे बच्चों ने मोदी को दादा जी समझ लिया था : वेंस

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच पिछले काफी समय से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही है। अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक ने भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने के आसार जताया। लटनिक ने सोमवार को वाशिंगटन डीसी में आयोजित अमेरिका भारत रणनीतिक साझेदारी मंच पर शिरकत की थी। इस दौरान उन्होंने अमेरिका और भारत के बीच में ट्रेड डील जल्द ही साइन हो सकती है। लटनिक ने कहा कि जल्द कदम उठाने वाले देशों को बेहतर मौका मिलता है। इसके लिए मैं भारत की सराहना करता हूं। पहले ट्रेड डील साइन करने में 2-3 साल लग जाते थे, लेकिन अब हम इसे 1 महीने में पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें ऐसा रास्ता मिला है, जो दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा साबित होगा। दोनों देशों के बीच जल्दव्यापार समझौता हो सकता है।



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी ऊषा वेंस ने भारत दौरे का अनुभव साझा किया है। वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ वेंस फैमिली की मुलाकात को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा कि जब हम मोदी से मिलने उनके घर पहुंचे तो हमारे बच्चों ने पीएम मोदी को अपना दादा जी समझ लिया था। उनसे मुलाकात के दौरान बच्चों ने पीएम मोदी को गले लगाते हुए ढेर सारा प्यार दिया। वॉशिंगटन डीसी में सोमवार को अमेरिका-भारत सामरिक साझेदारी मंच से ऊषा वेंस ने भारत दौरे पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह ट्रिप हमेशा के लिए यादगार बन गई। बच्चों को भी भारत काफी पसंद आया।

## ईरान ने अमेरिकी परमाणु समझौते को खारिज किया

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका के परमाणु समझौते को बेकार बताते हुए इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि यह समझौता देश के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप नहीं है, क्योंकि यह उसे यूरेनियम संवर्धन से रोकता है। ईरान ने बार-बार स्पष्ट किया है कि यह एक अस्वीकार्य प्रस्ताव है। मेजा नेट की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित समझौते के बारे में बात करते हुए एक ईरानी राजनयिक ने कहा कि इस प्रस्ताव में ईरानी धरती पर संवर्धन पर अमेरिका का रुख अपरिवर्तित है और प्रतिबंधों को हटाने के बारे में कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं है। ईरान एक नकारात्मक प्रतिक्रिया तैयार कर रहा है, जिसे अमेरिकी प्रस्ताव की अस्वीकृति के रूप में समझा जा सकता है। इससे पहले एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सोमवार को सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कथित तौर पर अधिकारियों द्वारा अभी तक अनिर्धारित अवधि के लिए यूरेनियम के सीमित निम्न-स्तरीय संवर्धन पर सहमति व्यक्त की थी।

# लगातार तीसरे दिन गिरा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 636 और निफ्टी 174 अंक लुढ़का

एजेंसी

**मुंबई।** आरबीआइ के नीतिगत निर्णय का इंतजार कर रहे निवेशकों की वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिका के बढ़ते राजकोषीय जोखिमों को लेकर चिंता के चलते निवेश धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया। सेंसेक्स 636.24 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत का गोता लगाकर सात कारोबार सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 80,737.51 अंक और निफ्टी 174.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 24542.50 अंक रह गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली



हुई, जिससे मिडकैप 0.52 प्रतिशत टूटकर 45,159.96 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत फिसलकर 52,563.44 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में कुल 4144 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2266 में गिरावट जबकि 1731 में तेजी रही वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2999 कंपनियों के शेयरों में से 1696 में बिकवाली जबकि 1224 में लिवाली हुई वहीं 79 में टिकाव रहा। बीएसई में कमोडिटीज और रियल्टी में 1.24 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 19 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे सीडी 0.36, ऊर्जा 0.88, एफएमसीजी 0.40, वित्तीय सेवाएं 0.80, हेल्थकेयर 0.21, इंडस्ट्रियल्स 0.59, आईटी 0.67, दूरसंचार 0.36, यूटिलिटीज 1.42, ऑटो 0.27, बैंकिंग 0.89, कैपिटल गुड्स 0.87, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.56, धातु 0.26, तेल एवं गैस 0.95, पावर 1.50, टेक 0.68, सर्विसेज 0.35 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.67 प्रतिशत लुढ़क गए। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13 और जापान का निक्केई 0.06 प्रतिशत गिर गया। जर्मनी का डैक्स 0.12, हांगकांग का हैंगसेंग 1.53 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत उछल गया।

### निवेशकों को 2.40 लाख करोड़ की चपत

शेयर बाजार में गिरावट से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घट कर 443.10 लाख करोड़ रुपये हो गया। सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 445.50 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 2.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## सोना फिर एक लाख रुपये के करीब पहुंचा

**नयी दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने के भाव में जोरदार तेजी दर्ज की गई है। सोना आज 1,200 रुपये से लेकर 1,270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,910 रुपये से लेकर 99,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 90,700 रुपये से लेकर 90,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज मामूली तेजी आई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।